रांची
शुक्रवार
09.09.2022
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 14
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-217 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
सेवा सभी की करना, मगर आशा किसी से भी न रखना। क्योंकि, सेवा का वास्तविक मूल्य भगवान ही दे सकते हैं, इंसान नहीं।

## सरकारी विभागों का सेंट्रलाइज्ड डाटा सेंटर बनायें : सीएम

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकारी विभागों व कार्यालयों का अलग-अलग डेटा सेंटर साइबर सुरक्षा की दृष्टिकोण

- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की जैप-आईटी की 10वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक**
- **अधिकारियों को डेटा रिकवरी सेंटर और साइबर सिक्योरिटी रिस्पांस टीम बनाने के दिये निर्देश**

से उचित नहीं है। ऐसे में सभी विभागों के लिए सेंट्रलाइज्ड डेटा सेंटर बनाया जाये। इससे डेटा सेंटर का मैनेजमेंट, मेंटेनेंस और मॉनिटरिंग बेहतर तरीके से करने के साथ साइबर सुरक्षा की व्यवस्था को पुख्ता किया जा सकता है। वे आज जैप-आईटी की 10वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थे। छह सालों के अंतराल के बाद हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को डेटा रिकवरी सेंटर और साइबर सिक्योरिटी रिस्पांस टीम बनाने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने जैप-आईटी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली।



**डेटा सिक्योरिटी ऑडिट की व्यवस्था बनायें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों के डेटा की सिक्योरिटी काफी अहम हैं। डेटा लीक होने से कई बड़ी परेशानियां सामने आ सकती हैं। ऐसे में सभी विभागों के डेटा की सिक्योरिटी ऑडिट नियमित अंतराल पर होनी चाहिए। डेटा सिक्योरिटी ऑडिट में जो भी खामियां मिले, उसे अविलंब नियंत्रित किया जाये। मुख्यमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से कहा कि वह ई-गवर्नेंस के अगले पांच सालों का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करें। इसके तहत किस तरह नये-नये तकनीकों को सरकारी कार्यों में बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है, इसकी जानकारी हो। बदलते समय के साथ ई-गवर्नेंस व्यवस्था को पारदर्शी बनाने में यह बेहद कारगर साबित होगा।

### सरकारी दस्तावेजों का जल्द से जल्द डिजिटलाइजेशन हो

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि विभागों में पुराने-पुराने फाइलों का अंबार है। यह व्यवस्था खत्म होनी चाहिए। उन्होंने सभी महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि जिन फाइलों और दस्तावेजों की अब कोई उपयोगिता नहीं है, उसके निष्पादन की भी व्यवस्था की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों में कर्मियों और सरकारी वाहनों के प्रवेश के लिए चिप-आधारित ई-पास की व्यवस्था बनायी जाये। इसके अलावा सचिवालय के सभी प्रवेश द्वारों पर सेंसर ग्लासेज की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि सिर्फ ई-पास वाले व्यक्ति ही अंदर प्रवेश कर सकें। इससे अवांछित लोगों के सचिवालय में प्रवेश को नियंत्रित किया जा सकेगा और यह ऑफिस सिक्योरिटी के दृष्टिकोण से काफी बेहतर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय और संलग्न कार्यालयों में कई ऐसे कर्मी कार्य कर रहे हैं, जिन्होंने आईआईटी और प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों से शिक्षा प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने ऐसे तकनीकी विशेषज्ञ कर्मियों की लिस्ट बनाने को कहा और उनकी सेवा को सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किये जानेवाले कार्यों में विशेष रूप से लेने के निर्देश दिये।

सीसीएल कोयला घोटाला मामला

## टंडवा पहुंची सीबीआई की टीम, दस्तावेजों को खंगाला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** चतरा जिले में स्थित आम्रपाली कोल परियोजना मे 83 करोड़ रुपये कोयला घोटाले के मामले मे छापेमारी के लिए सीबीआई की टीम ने टंडवा स्थित पीओ कार्यालय में सीबीआई की टीम छापेमारी की। छापेमारी की सूचना पर सीसीएल में हड़कंप मच गया। सीबीआई की टीम सीसीटीवी फुटेज सहित डिस्पैच से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। गौरतलब हो कि मगध-आम्रपाली कोल परियोजना के आम्रपाली प्रोजेक्ट से 87574.3154 मीट्रिक टन कोयला चोरी के सनसनीखेज मामले में सीबीआई ने बीते साल सीसीएल के अधिकारियों और ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के खिलाफ केस दर्ज किया था। कोयले की चोरी की सूचना पर सीबीआई के एसीबी और सीसीएल के विजिलेंस ने औचक छापेमारी की, तो कोयला का स्टॉक 30 अगस्त 2019 को 1804004 मीट्रिक टन था, लेकिन जांच में कोयले का स्टॉक महज 928229 मीट्रिक टन मिला। इस तरह कोयला स्टॉक का 48.54 फीसदी स्टॉक गायब मिला। इस तरह कोयले की चोरी से 83 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ। सीबीआई ने प्रोजेक्ट ऑफिस, एजीएम, स्टाफ ऑफिस माइनिंग, कोलियिरी सर्वेयर, एरिया सर्विस अफसर और ट्रांसपोर्टर को आरोपी बनाया था।

ईडब्लूएस आरक्षण जारी रहेगा या नहीं?

## 13 सितम्बर को तीन मुद्दों पर बहस के बाद फैसले पर निर्भर

\- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ईडब्लूएस कोटे से मिलनेवाले आरक्षण को लेकर 13 सितम्बर को सुनवाई होनेवाली है। लेकिन उससे पहले आठ सितम्बर को एक बार फिर से सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल के तीन सवालों पर मुहर लगा दी है। ये तीन सवाल इस प्रकार हैं। क्या राज्य सरकारों को आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की शक्ति देते हुए संविधान के मूल ढांचे से छेड़छाड़ की गयी है? क्या राज्यों को निजी गैर सहायता प्राप्त संस्थानों में आरक्षण का विशेष प्रावधान सौंपना संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन है? और क्या इस संशोधन में एसईबीसी/ओबीसी/एससी/एसटी को ईडब्लूएस आरक्षण से बाहर करना संविधान के मूल ढांचे से छेड़छाड़ है? मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित की अगुआई वाली संविधान पीठ करेगी। हालांकि, खंडपीठ ने कहा है कि ये तीन प्रारंभिक सवाल हैं, लेकिन पक्षकार अपनी दलीलों में अन्य सवाल भी शामिल कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवारों को दाखिले तथा नौकरी में दस प्रतिशत आरक्षण देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में 13 सितम्बर, 2022 से सुनवाई होगी। केंद्र सरकार की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण संबंधी मामले की सुनवाई पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ करेगी। इस पीठ में न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं।

प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 13 सितम्बर से सुनवाई की बात तब कही जब पीठ को बताया गया कि पक्षकारों के वकीलों को जिरह में करीब 18 घंटे का वक्त लगेगा। पीठ ने सभी वकीलों को आश्वस्त किया कि उन्हें जिरह आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त अवसर दिये जायेंगे। साथ ही पीठ ने कहा था कि वह 40 याचिकाओं पर निर्बाध सुनवाई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## राजपथ हुआ कर्तव्य पथ

**20 हजार करोड़ रुपये खर्च करके राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक का व उसके ईर्द-गिर्द का बदला जा रहा हुलिया**

**संसद भवन व अन्य तमाम भवन और सड़क बनाये जा रहे नये , इनमें से कईयों के बदल दिये गये नाम**

\- आरएनएम


**नयी दिल्ली।** राजपथ अब कर्तव्य पथ हो गया। सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का उद्घाटन हो गया। इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 28 फुट ऊंची प्रतिमा का भी अनावरण हो गया। ये दोनों निर्माण कार्य सेंट्रल विस्टा रि-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं।

### क्या है सेंट्रल विस्टा ?

**नयी** दिल्ली में राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक के 3.2 किमी लंबे क्षेत्र को सेंट्रल विस्टा कहते हैं। दिल्ली के सबसे ज्यादा देखे जानेवाले पर्यटन स्थलों में शामिल इस इलाके की कहानी 1911 से शुरू होती है। उस समय भारत में अंग्रेजों का शासन था। कलकत्ता उनकी राजधानी थी, लेकिन बंगाल में बढ़ते विरोध के बीच दिसम्बर 1911 में किंग जॉर्ज पंचम ने भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित करने का ऐलान किया। दिल्ली में अहम इमारतें बनाने का जिम्मा मिला एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बेकर को। इन दोनों ने ही सेंट्रल विस्टा को डिजाइन किया। ये प्रोजेक्ट वॉशिंगटन के कैपिटल कॉम्प्लेक्स और पेरिस के शान्स एलिजे से प्रेरित था। ये तीनों प्रोजेक्ट नेशन-बिल्डिंग प्रोग्राम का हिस्सा थे।

लुटियंस और बेकर ने उस वक्त गवर्नमेंट हाउस (जो अब राष्ट्रपति भवन है), इंडिया गेट, काउंसिल हाउस (जो अब संसद है), नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक और किंग जॉर्ज स्टैच्यू (जिसे बाद में वॉर मेमोरियल बनाया गया) का निर्माण किया था। आजादी के बाद सेंट्रल विस्टा एवेन्यू की सड़क का भी नाम बदल दिया गया और किंग्सवे राजपथ बन गया। इसका नाम भी आज से कर्तव्य पथ कर दिया गया।





### सेंट्रल विस्टा रि-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में क्या होना है

**सेंट्रल** विस्टा के पूरे क्षेत्र को नये सिरे से विकसित करने के प्रोजेक्ट का नाम सेंट्रल विस्टा रि-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट है। इसमें मौजूदा कुछ इमारतों में कोई बदलाव नहीं होगा तो कुछ को किसी और काम में इस्तेमाल किया जायेगा, कुछ को रिनोवेट किया जायेगा तो कुछ को गिराकर उनकी जगह नयी इमारतें बनायी जायेंगी। सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का पुनर्निर्माण पूरा होने के बाद इसका उद्घाटन पीएम मोदी ने गुरुवार को की।

**किन इमारतों में बदलाव नहीं होगा और किसमें होगा? :** इस इलाके में स्थित छह इमारतों में इस रि-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में कोई बदलाव नहीं होगा। इनमें राष्ट्रपति भवन, हैदराबाद हाउस, इंडिया गेट, रेल भवन, वायु भवन और वॉर मेमोरियल शामिल हैं। वहीं, नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक दोनों को नेशनल म्यूजियम में बदला जायेगा। संसद की मौजूदा इमारत को पुरातात्विक धरोहर में बदल दिया जायेगा। मौजूदा जामनगर हाउस को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में बदल दिया जायेगा। इसके साथ ही चार नयी इमारतें ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### क्या-क्या आता है सेंट्रल विस्टा के अंदर

**इस** वक्त सेंट्रल विस्टा के अंदर राष्ट्रपति भवन, संसद, नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, रेल भवन, वायु भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन, शास्त्री भवन, निर्माण भवन, नेशनल आर्काइव्ज, जवाहर भवन, इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स, उपराष्ट्रपति का घर, नेशनल म्यूजियम, विज्ञान भवन, रक्षा भवन, वाणिज्य भवन, हैदराबाद हाउस, जामनगर हाउस, इंडिया गेट, नेशनल वॉर मेमोरियल और बीकानेर हाउस आते हैं।

## राज्यपाल रमेश बैस रांची लौटे, फिर बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस छह दिवसीय दिल्ली दौरे से गुरुवार शाम रांची वापस लौट आये। राज्यपाल के वापस लौटने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लाभ का पद मामले में अब जल्द फैसला आने की उम्मीद की जा रही है। एक बार फिर सभी की नजरें राजभवन पर टिक गयी है। सभी को सीएम हेमंत सोरेन के मामले में राज्यपाल के फैसले का इंतजार है। राज्यपाल रमेश बैस राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से बाहर निकले और अपने वाहन पर बैठ कर सीधे राजभवन की ओर रवाना गये। इस दौरान एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में मौजूद मीडियाकर्मियों ने उनसे बातचीत की कोशिश की, लेकिन राज्यपाल सीधे राजभवन के लिए प्रस्थान कर गये। राज्यपाल रमेश बैस दो सितम्बर को ही दिल्ली गये थे। यह भी चर्चा थी कि वे दिल्ली दौरे के क्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत अन्य नेताओं से मुलाकात कर सकते है। लेकिन उनकी इस यात्रा को लेकर राजभवन की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है।

## मेक इन इंडिया के चलते हथियारों की कमी से जूझ रही तीनों सेना

\- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मेक इन इंडिया को तरजीह देना शुरू किया। सरकार ने फोन से लगायत रक्षा क्षेत्र में हथियार बनाने तक पर जोर दिया। इसका लक्ष्य देश में अधिक रोजगार पैदा करना और विदेशी मुद्रा को देश से बाहर जाने से रोकना था, लेकिन आठ साल बाद मिलिट्री हार्डवेयर का दुनिया का सबसे बड़ा आयातक अभी भी अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थानीय स्तर पर पर्याप्त हथियार नहीं बना पा रहा है। साथ ही सरकारी नियम आयात को रोक रहे हैं। भारत की रक्षा प्रणाली को देश में निर्मित करने की कोशिश देश को चीन और पाकिस्तान के खतरे के आगे कमजोर बना रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले से जुड़े अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारियों का कहना है कि भारत की आर्मी, इंडियन नेवी और एयरफोर्स पुराने पड़े हथियारों को बदलने के लिए जरूरी हथियार आयात नहीं कर पा रही है।

इस वजह से 2026 तक भारत के पास हेलीकॉप्टर की कमी हो सकती है और 2030 तक लड़ाकू विमानों की कमी हो सकती है। केंद्र के मुताबिक, 30 से 60 प्रतिशत तक कल पुर्जे को देश में बनाना होता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि सैन्य खरीद कैसी है और इसे कहां से खरीदा जा रहा है। हालांकि, इसके पहले ऐसी कोई सीमा निर्धारित नहीं थी और फिर भारत ने रक्षा खरीद की लागत कम करने के लिए घरेलू स्तर पर निर्माण का तंत्र प्रयोग किया। भारत की सैन्य तैयारियां कम होनेवाली हैं और वह तब जब देश चीन और पाकिस्तान की तरफ से खतरे का सामना कर रहे हैं। सेना ने कुछ सैन्य सामानों के लिए स्थानीय स्तर पर खरीद बढ़ाई है, लेकिन देश में फिलहाल डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी और ट्विन इंजन वाले फाइटर जेट्स बनाने का मंच तैयार नहीं है।

### हिंद प्रशांत में शांति, समृद्धि के लिए भारत-जापान संबंध जरूरी : राजनाथ

**टोक्यो (एजेंसी)।** भारत और जापान ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति तथा समृद्धि के लिए दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों को बहुत जरूरी बताते हुए समुद्री क्षेत्र में सहयोग का दायरा बढ़ाने तथा इसे पुख्ता करने के बारे में सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों का कहना है कि स्वतंत्र, खुले, नियम आधारित और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों का होना बहुत जरूरी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ गुरुवार को टोक्यो में दूसरे भारत-जापान टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय संवाद में हिस्सा लेने के बाद अपने वक्तव्य में यह बात कही।

**सूखे का आकलन : प्रत्येक प्रखंड के 10 फीसदी गांव में भ्रमण का निर्देश**

## पलामू-गढ़वा की जमीनी सच्चाई से अवगत हुईं कृषि निदेशक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सूखे की जमीनी हकीकत जानने के लिए कृषि विभाग ने नया फार्मूला अपनाया है। इसके तहत जिले के हर सूखाग्रस्त ब्लॉक के कम से कम 10 फीसदी गांव में भ्रमण करना है। हर गांव के कम से कम पांच अलग-अलग लोकेशन का जियो टैगिंग वाला फोटो अपलोड करना है। इसका फर्क भी देखने को मिल रहा है। कृषि निदेशक निशा उरांव ने पलामू और गढ़वा जिले का दौरा कर इसी फार्मूले के तहत सूखे का आकलन किया। इस दौरान दोनों जिलों के सूखा प्रभावित प्रखंड में रैंडम बेसिस पर 10 गांवों में से पांच साइट की जमीनी सच्चाई जानी गयी। जमीनी सच्चाई जानने से पहले गढ़वा जिले में मध्यम सूखे की जद में 14 प्रखंड और गंभीर की जद में छह प्रखंड के रहने की रिपोर्ट सामने आयी थी। इसके बाद आंकड़े पूरी तरह उलट गये। मध्यम सूखे की जद में तीन और गंभीर में 17 प्रखंड होने की रिपोर्ट आयी। वहीं, पलामू जिले में पहले मध्यम सूखे की जद में तीन प्रखंड और गंभीर की जद में 18 प्रखंड के रहने की रिपोर्ट सामने आयी थी। इसके बाद मध्यम सूखे की जद में एक और गंभीर में 20 प्रखंड होने की रिपोर्ट आयी।

### आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की तैयारी



**सूखे** से प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की तैयारी भी शुरू कर दी गयी है। इसके लिये आंकड़े तैयार किये जा रहे हैं। अगली बैठक 12 सितम्बर को होनी है। इसमें कृषि निदेशक द्वारा आंकड़े पेश किये जायेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में सूखे के आकलन को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक दो सितम्बर को की थी। इसमें उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न जिला और प्रखंडों में हुई कम बारिश एवं फसलों की रोपाई की विस्तृत जानकारी ली थी।

## सहकारिता को अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बना रही सरकार : शाह

**○ राज्यों के सहकारिता मंत्रियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को केंद्रीय मंत्री ने किया संबोधित**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार सहकारिता क्षेत्र को अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनाकर देश के करोड़ों गरीबों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहती है। श्री शाह ने गुरुवार को यहां विज्ञान भवन में राज्यों के सहकारिता मंत्रियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि सहकारिता क्षेत्र आज की जरूरतों के अनुकूल अपने आप को मजबूत करके एक बार फिर सबका विश्वास अर्जित करे। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में पूरा सहकारिता आंदोलन एक ही रास्ते पर चले इसके लिये सभी राज्यों को इस बारे में अपने साझा विचार तय करने होंगे। सहकारिता को मजबूत करने के लिए पैक्स को मजबूत करने पर जोर देते हुए उन्होंने राज्यों से कहा कि हम सबको मिलकर सहकारिता क्षेत्र में टीम इंडिया का भाव जागृत करना होगा और बिना किसी राजनीति के एक ट्रस्टी की भूमिका में अपने-अपने राज्य में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने और इसके विकास के लिए आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि अगले सौ साल में सहकारिता अनिवार्य रूप में भारतीय अर्थतंत्र का हिस्सा बने और प्रधानमंत्री के 50 खरब डॉलर अर्थव्यवस्था के स्वप्न में सहकारिता का बहुत बड़ा योगदान हो।




### हर राज्य का सहकारी विभाग एक ही मार्ग पर और एक ही विषय को लेकर चले

सहकारिता मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में हमें नीतिगत एक वाक्यता को अपनाना होगा। हर राज्य का सहकारी विभाग एक ही मार्ग पर और एक ही विषय को लेकर चले। हमारा प्रयास होना चाहिए कि देश के हर राज्य में सहकारिता आंदोलन एक समान रूप से चले। जिन राज्यों में गतिविधियां मंद या बंद हैं, वहां हमें इनमें तेजी लाने का प्रयास करना चाहिए और इसके लिए हमें एक नयी सहकारी नीति की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सर्वांगीण विकास पर विचार करने के लिए सहकारी नीति को तैयार करने के लिए एक समिति बनायी गयी है जिसमें सभी राज्यों का प्रतिनिधित्व है और सहकारिता क्षेत्र में अच्छा काम करनेवाले पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। पैक्स को बहुद्देशीय बनाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि यह आज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कई नये आयाम जो इन मॉडल बाइलॉज के माध्यम से हम जोड़ना चाहते हैं, उसमें पारदर्शिता, रिस्पांसिबिलिटी और गतिशीलता का भी प्रोविजन है।

अब दुश्मन के विमानों की खैर नहीं

## सतह से हवा में मार करनेवाली क्विक रिएक्शन मिसाइल का सफल परीक्षण

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा सेना ने सतह से हवा में मार करनेवाली क्विक रिएक्शन मिसाइल के शुक्रवार को छह परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिये। ये परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में किये गये। परीक्षण मिसाइल की आकलन प्रक्रिया के तहत किये गये हैं। परीक्षण के दौरान तेज गति से उड़नेवाले लक्ष्यों पर निशाना साधा गया। इसका उद्देश्य विभिन्न परिदृश्यों में मिसाइल की मारक क्षमता का पता लगाना था। ये परीक्षण दिन और रात के समय भी किये गये। सभी मिशनों के दौरान मिसाइल ने लक्ष्यों पर अचूक निशाना साधा और सभी मानकों को पूरा किया। परीक्षण के दौरान सभी स्वदेशी उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष ने सफल परीक्षण के लिए वैज्ञानिकों की टीम को बधाई दी। डीआरडीओ अध्यक्ष ने कहा कि यह मिसाइल अब सेना में शामिल करने के लिए तैयार है।



▸▸ डीआरडीओ ने किया है घातक मिसाइल का सफल परीक्षण

## न्यूज गैलरी

### क्षेत्रिय दलों ने विस्तार को लेकर की बैठक

**नामकुम।** गोपाल सिंह मुण्डा की अध्यक्षता में गुरुवार को रामपुर बाजार के पास विशेष वैठक हुई। इस बैठक में सभी वर्ग क्षेत्रिय दल के नेताओं की उपस्थिति में हिस्सा लिया। बैठक में गोपाल सिंह ने कहा कि आगमी विधानसभा चुनाव 2024 में आदिवासी मुलवासी हो लिय पाटीकीण बहुमत में भेजने को लेकर योजनाएं बनाकर प्रत्येक गांव व पंचायत में काम करने करेगी। इसके लिए कैसे तैयारी की जाये इस विचार पर चर्चा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदीप तिर्की भगल सिंह, शेषो जतरू, राम शुषम सिंह गुप्ता, सोहराय मुण्डा एवं अन्य ग्रामवाली उपस्थित थे।

### ग्राम हजाम में दो सरना स्थल घेराबंदी का शिलान्यास



नामकुम। नामकुम प्रखण्ड के ग्राम हजाम में गुरूवार को दो सरना स्थान की घेराबंदी का शिलान्यास खिजरी विधायक राजेश कच्छप के धर्मपत्नी रिया तिर्की, जिला परिषद सदस्य रीता हीरो, प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, हुड़वा मुखिया शिवचरण कच्छप, कल्याण लिंडा एवं विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा ने द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके ग्राम के पाहन लखन पाहन, ग्राम प्रधान मधुर मुण्डा, माधो कच्छप, तेलोस्फोर मिंज, नईम खान, जफर इमाम, राजू उरांव, खुदिया कच्छप, मदन टोप्पो, विजय तिर्की, वार्ड सदस्य अन्नू तिर्की, पांचू तिर्की, शाहिद अंसारी, रेमिश तिर्की, विनोद लकड़ा, आसीन उरांव, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक मुख्य रूप उपस्थित थे।

### चलती ट्रक में लगी आग, पुलिस की तत्परता से ट्रक जलने से बचा



नामकुम। नामकुम के रांची-टाटा मुख्य मार्ग के ब्यांगडीह में समीप चलती ट्रक में रखे समान में अचानक आग लगने समान जलकर खाख हो गया। घटना गुरूवार कि सुबह करीब 8 बजे ट्रक संख्या-सीजी014जीबी 9103 कोलकता से ट्रांस्पोर्ट का खुदरा समान लेकर रांची के अपर बाजार निकला थी। इसी क्रम में ब्यांनडीह बाजार के समीप ट्रक के चालक संतोष कुमार ने देखा की पीछे रखे हुए समान में तेजी से आग के धुआं निकल रहा तो इस पर वह गाड़ी को सड़क के किनारे खड़ा किया। और आग पर काबू पाने के लिए प्रयास किया। ट्रक पर खुदरा समान कपड़े, चॉकलेट सहित खुदरा समाग्री लोड थे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल थाना प्रभारी सुनील तिवारी को दी। सूचना मिलते थाना की पेट्रोलिंग में माईक वाहन को मिलती ही सब इंस्पेक्टर रवि केशरी तत्परता दिखाई और कुछ ही दूरी पर पेट्रोल पंप पर रखे किराये पर फायर बुझाने गैस को लेकर पहुंचे और ट्रक को बुझाने सफल रहें। वहीं आग की सूचना पाकर आधा घंटा के बाद दो दमकल गाड़ी पहुंची और आग पर पूरी तरह आग पर काबू पाने पाया जा सका। पुलिस को चालक ने लिखित आवेदन दिया है आग अचानक लगी। वहीं पुलिस जांच कर रही है।

### आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के केंद्रीय सचिव बने डॉ. मुजफ्फर हुसैन

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच की एक बैठक चुटिया स्थित राम मंदिर परिसर में केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो की अध्यक्षता में हुई । संगठन को मजबूत करने को लेकर राजू महतो ने डॉ मुजफ्फर हुसैन को केंद्रीय सचिव , बुलंद अख्तर पत्रकार को केंद्रीय मीडिया प्रभारी और सदा जय नायक को महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। बैठक में सभी नए पदाधिकारियों का स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने नए पदाधिकारियों के संगठन में जुड़ने से अपनी खुशी का इजहार किया।

# निंबू हिल्स में अवैध खनन को लेकर भी पंकज मिश्रा के खिलाफ जांच शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) साहिबगंज के निंबू हिल्स में हुए अवैध खनन से जुड़े मामले की जांच शुरू कर दी है। साहिबगंज में विजय हांसदा नाम के एक ग्रामीण ने निंबू हिल्स में अवैध खनन की शिकायत साहिबगंज पुलिस के समक्ष की थी, लेकिन इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। ऐसे में ऑनलाइन शिकायत की गई थी, इसके बाद कोर्ट कंप्लेन भी किया गया था। कोर्ट कंप्लेन में पंकज मिश्रा को मुख्य आरोपी बनाया गया था। ईडी ने इस मामले से जुड़े सारे दस्तावेज हासिल किए हैं।

**अवैध खनन के पूर्ववर्ती केस से जी जुड़ेगा केस** : ईडी सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के खिलाफ साहिबगंज में 100 करोड़ से अधिक की अवैध खनन के जरिए काली कमायी की

**ईडी ने कोर्ट कंप्लेन से जुड़े दस्तावेज किए हासिल, विजय हांसदा नाम के व्यक्ति ने थाना में केस दर्ज नहीं होने पर करायी थी कोर्ट कंप्लेन**

जांच की जा रही है। इस मामले से ही निंबू हिल्स में हुए अवैध खनन के मामले को जोड़ा जा सकता है। गौरतलब है कि वर्तमान में पंकज मिश्रा के खिलाफ जो मामले चल रहे हैं उसमें यह मामला जुड़ा तो उनकी परेशानी बढ़ सकती है। 19 जुलाई से पंकज मिश्रा न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में उनके सहयोगी विष्ण भगत, बच्चू यादव, दाहू यादव, भगवान भगत समेत अन्य लोग भी ईडी की रडार पर हैं।

**साहिबगंज पुलिस ने नहीं दर्ज किया था केस**

साहिबगंज के भवानी चौक निवासी विजय हांसदा ने निंबू हिल्स में अवैध खनन की शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अवैध खनन के कारण उनके गांव में पर्यावरण संबंधी परेशानियां हो रही हैं। पंकज मिश्रा पर आरोप लगाते हुए विजय ने शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि दो मई को ग्रामीणों के साथ वह साइट पर गए थे, तब पंकज मिश्रा वहां मौजूद थे। खनन रोकन पर पंकज मिश्रा ने गाली गलौज व अभद्र व्यवहार किया था। इस मामले में पुलिस, जिला प्रशासन व खनन विभाग से भी शिकायत किए जाने की बात विजय ने कोर्ट कंप्लेन में बतायी थी। कोर्ट कंप्लेन के पूर्व ऑनलाइन एफआईआर नंबर 120602 भी दर्ज करायी गई थी।

## पुलिस ने अपराधी को किया गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेवनगर थाने की पुलिस ने हथियार के बल पर जमीन पर कब्जा दिलाने वाले अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम लक्ष्मण गुप्ता है और वह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चून्ना भट्टा कुम्हार टोली का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी कट्टा के अलावा दो गोली भी बरामद की है। पुलिस को यह सूचना मिली कि आरोपी लक्ष्मण हथियार के बल पर जमीन पर कब्जा दिलाता है। कई जगहों पर उसने हथियार दिखाकर लोगों को जमीन छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी ममता कुमारी ने टीम के साथ आरोपी के घर पर छापेमारी की। पुलिस ने उसके घर से कट्टा व गोली बरामद किया। पूछताछ में पुलिस के समक्ष आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी 1998 से 2007 के बीच हत्या, डकैती, आर्मस एक्ट के मामले में पांच बार जेल जा चुका है।

## पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड की हुई बैठक, कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के कार्यालय में कमिटी मेंबर की बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में पैरालंपिक कमिटी और झारखंड के अध्यक्ष शशि रंजन प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई ,इस बैठक में झारखंड पैरालंपिक कमिटी को विस्तार, विकास एवं खिलाड़ियों को निबंधन एवं राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को कोचिंग कैंप में कोर्स को उपलब्ध कराने पर विशेष रूप से चर्चा की गई इसके लिए फंडरेजिंग कमिटी का निर्माण किया गया, इस कमेटी में विवेक राज, कमल कुमार एवं अन्य सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की गई, साथ ही पैरालंपिक कमिटी आफ झारखंड के तैराकी फेडरेशन, आर्चरी फेडरेशन, निशानेबाजी फेडरेशन एवं बैडमिंटन फेडरेशन का पारित किया गया, जिसमें आर्चरी के लिए मनजीत सिंह, दीपिका कुमारी को बनाया गया, फंडरेजिंग कमेटी में विवेक राज, कमल कुमार अग्रवाल, मंजीत सिंह एवं तैराकी फेडरेशन के लिए सुनील कुमार विश्वास एवं मंजीत सिंह को कार्यभार सौंपा गया साथी पैरालंपिक कमिटी और झारखंड के आमंत्रित सदस्य, स्टेट मीडिया प्रभारी, पैटर्न इत्यादि सदस्यों का चुनाव किया गया, आमंत्रित सदस्य के रूप में अविनाश तिवारी, स्टेट मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ एवं पैटर्न सदस्य जितेंद्र यादव सीआरसी रांची डॉक्टर प्रीति तिवारी सीआरसी रांची राजेंद्र प्रसाद समस्त सीआरसी रांची को प्रतिनियुक्त किया गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA.**

Short e-Procurement Notice

Two Envelope System

Tender Reference No.:- WRD/KODERMA/17-F2/2022-23

Date: - 07.09.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check dam on Tamoliya Nala, (Mathuradih) Block- Satgawan, Dist- Koderma. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 85.23 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Cost of Tender Fee | 10,000.00 |
| 5. | Cost of Earnest Money | 1,71,000.00 |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 15.09.2022, 2.00 P.M |
| 7. | Last date/Time for Submission of bids | 22.09.2022, 5.00. P.M |
| 8. | Date of opening of Technical Bid | 24.09.2022, 5.00. P.M |
| 9. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma. |
| 10. (a) (b) | Contact no. of Procurement Office<br>E-mail of e-Procurement Office | 9122750117<br>eemidkod-cerm-jhr@nic.in |
| 11. | Helping number of e-Procurement cell | 0651-2214784 |
| 12. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 23.09.2022, 3.00. P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh 3. Chief Engineer, Minor Irrigation, Ranchi. |

Note: - Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Koderma.

PR 277303 Minor Irrigation(22-23).D


## फिशरीज साइंस कॉलेज के छात्रों का दल एजुकेशनल टूर पर कोलकाता गए, राष्ट्रीय संस्थानों में लेंगे ट्रेनिंग

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित राज्य के एकमात्र कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस, गुमला के अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम के सातवें सेमेस्टर के छात्रों का रेडी प्रोग्राम प्रारंभ हो गया है। आईसीएआर के निदेर्शानुसार अंतिम वर्ष में अनिवार्य रेडी प्रोग्राम में कॉलेज के तीसरे बैच के छात्रों को शामिल किया गया है। कॉलेज के 28 छात्रों का दल गुरुवार को देर शाम 8 से 30 सितम्बर तक के एजुकेशनल टूर पर कोलकाता के लिए रवाना हुआ। गुरुवार को एसोसिएट डीन डॉ एके सिंह एवं छात्रों के परिजन ने हटिया स्टेशन से छात्रों को विदा किया और सफल भ्रमण की शुभकामनाएं दी। छात्रों में भ्रमण के प्रति काफी उत्साह देखा गया। छात्रों के इस दल को सहायक प्राध्यापक डॉ गुलशन कुमार मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

## भाजपा नेताओं का शक, आदिवासी नाबालिग की हत्या का आरोपी बांग्लादेशी

# एनआईए से जांच कराने की मांग की गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दुमका में आदिवासी नाबालिग बच्ची की हत्या के आरोपी अरमान अंसारी को भाजपा नेताओं ने बांग्लादेशी होने का शक जताया है। नागरिकता की जांच के लिए पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी व गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने एनआईए जांच की मांग की है। गुरुवार को बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दुमका आदिवासी नाबालिग बच्ची हत्याकांड के अभियुक्त अरमान अंसारी का पता पुलिस वाले दुमका जिले के जिस पिंडरगरिया गांव बता रहे हैं, वास्तव में वह बांग्लादेशी है। बाबूलाल ने दावा किया कि उसके मां, बाप या किसी रिश्तेदार का अता-पता पिंडरगरिया गांव में है ही नहीं। इससे अब साफ पता चल गया है कि अरमान के बांग्लादेशी होने की सच्चाई को पुलिस जानबूझकर छिपा रही है। बाबूलाल ने दावा किया कि लव जिहाद के अंतराष्ट्रीय षड़यंत्र पर पर्दा डाल षड़यंत्रकारियों को झारखंड पुलिस बचा रही है। गांव वालों का बयान किया शेयर : बाबूलाल मरांडी ने पिंडरगरिया गांव के लोगों का एक बयान भी ट्वीटर पर डाला है। जिसमें गांव के लोगों ने उसके वहां के निवासी नहीं होने की बात कही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड पुलिस और आदिवासियों की दुश्मन बनी बैठी झारखंड की हेमंत सोरेन सराकर से इतने गंभीर मामले की जांच की उम्मीद नहीं है, ऐसे में एनआईए से जांच करायी जाए।

### बदल चुकी है झारखंड के कई जिलों की जनसंख्यिकी : निशिकांत

**गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को दावा किया है कि राज्य के अलग अलग क्षेत्र में डेमोग्राफी बदल रहा है। कई जगह 50 प्रतिशत से अधिक बांग्लादेशी आबादी हो गई है। इसको फलने - फूलने का काम झारखंड मुस्लिम मोर्चा कर रही है। निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि झारखंड को बांग्लादेश में मिलाने की साज़िश कांग्रेस, झामुमो कर रही है। निशिकांत दुबे ने दावा किया कि दुमका में आदिवासी नाबालिग का गुनहगार इसी बांग्लादेशी गैंग का सदस्य है।**

## राम लखन सिंह यादव कॉलजे के प्राचार्य और एनसीसी प्रभारी ने दिया कैडेट राहुल को श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राम लखन सिंह यादव कॉलजे में हिन्दी विभाग में पढ़ रहे कैडेट राहुल ठाकुर जो कि सिकदरी गांव के निवासी थे, बीते 10 जुन को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुऐ थे। राहुल ने मंगलवार 5 सितंबर को अन्तिम सांस ली। राहुल के संबंध में सभी ने कहा कि वह सोभाव बहुत ही अच्छा लड़ा था। उसे जाने से हमसभी को कफी दुख हुआ है। राहुल बहुत ही सरल स्वाभाविक छात्र था, साथ ही राहुल कॉलजे का एनएनसी कैडेट था और उसके एनसीसी के साथी और महाविद्यालय के प्रर्चाय जे पी सिंह , एनसीसी की प्रभारी डॉ भावना कुमारी ने एक शोकसभा आयोजित महविधालय में किया जिसमें सभी एनसीसी के कैडेट और सभी शिक्षकों और महाविद्यालय के कार्मचारी ने उसकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दिया राहुल की आत्मा की शांति के लिए सभी ने दो मिनट का मौन भी रखा, साथ ही साथ सभी कैडेट और शिक्षकों ने राहुल के परिजनों के लिए अर्थिक रूप से सहयोग के लिए राशि भी इक्त्र किया जिससे उनके परिजनों को कुछ राहत हो, राहुल बहुत अच्छा विचार का छात्र था ,राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय ने एक अंग खोया, शोकसभा के बाद सभी क्लास स्थगित कर दी गई सहयोग राशि को उसके गॉव सिकदरी जाकर उनके परिजनों को सौंपा, सीनियर अंडर ऑफि सर रवि अग्रवाल, अंडर ऑफि सर अमरजीत सिंह, कैडेट विकास कुमार, मुन्ना कुमार राय एंव अन्य साथियों का सहयोग रहा। उसके परिजन ने कहॉ राहुल के बहुत से मित्र आए, वो पढ़ाई में भी अच्छा था देश के लिए एक अलग ही जज्बा रहता था।

## नचलदाग के नायक परिवार को दष्कर्म के लिए की मदद



**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** बंधुवा पंचायत के तुंजू नचलदाग के निवासी नायक परिवार के गरीब मिनी देवी अचानक देहांत होने पर उनके परिजनों को दष्कर्म कार्यक्रम के लिए खाद्य समाग्री व सहायता राशि देकर मदद की। यह सहयोग भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष, अशोक मुण्डा, वरीय नेता शंकर सिंह मुण्डा, शंकर सिंह मुण्डा, जीतन देवी, कोषाध्यक्ष समीर राय के द्वारा किया गया। इस मौके पर हरीश कुमार गंझू कुंदन सिंह, भुपाल कच्छप सोहर सिंह, चुरामन पाहन, विष्णु नायक, सुरेंद्र नायक, कुबेर नायक संतोष नायक अंजली देवी गुड़िया देवी फुल मनी देवी महेंद्र नायक जयराम पाहन आदि उपस्थित हुए


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA.**

Short e-Procurement Notice

Two Envelope System

Tender Reference No.:- WRD/KODERMA/12-F2/2022-23

Date: - 07.09.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check dam on Dewaniya Nala, Block- Chandwara, Dist- Koderma. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 68.439 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Cost of Tender Fee | 10,000.00 |
| 5. | Cost of Earnest Money | 1,37,000.00 |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 15.09.2022, 2.00 P.M |
| 7. | Last date/Time for Submission of bids | 22.09.2022, 5.00. P.M |
| 8. | Date of opening of Technical Bid | 24.09.2022, 5.00. P.M |
| 9. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma. |
| 10. (a) (b) | Contact no. of Procurement Office<br>E-mail of e-Procurement Office | 9122750117<br>eemidkod-cerm-jhr@nic.in |
| 11. | Helping number of e-Procurement cell | 0651-2214784 |
| 12. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 23.09.2022, 3.00. P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh 3. Chief Engineer, Minor Irrigation, Ranchi. |

Note: - Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.

PR.NO.277294 Minor Irrigation(22-23):D


## अपराधियों ने युवक को पीटकर किया घायल

**रांची।** कांटाटोली बौली गढ़हा के आदर्श कॉलोनी के रहने वाले खटाल संचालक मो इम्तियाज के अपराधियों ने पीटकर जख्मी कर दिया। साथ ही 35 हजार नगदी और सोने का चेन लूट लिया। बदमाशों ने इस वारदात को बीते पांच सितंबर को अंजाम दिया है। इस संबंध में इम्तियाज ने लोअर बाजार थाने में अनवर हुसैन, मो अर्श और मो आदियान के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। इम्तियाज का आरोप है कि वह आदर्श कॉलोनी का रहने वाला है। बीते पांच सितंबर की रात पौने आठ बजे वह घर जा रहे थे। घर के दरवाजे के पास तीनों आरोपी पहुंचे और उन्हें लाठी व लोहे के रड से मारकर दिया। जिससे उनका सिर फट गया।

# मीडिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 11 सितंबर से

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** द रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मीडिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 11 से 18 सितंबर तक आयोजित होगी। दामोदर और गंगा टीम की भिड़ंत के साथ बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम होटवार में सुबह 8 बजे मैच का शुभारंभ होगा। सभी मैच एथलेटिक्स प्रैक्टिस ग्राउंड और बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में ही होगा। इसकी विधिवत घोषणा पेयजल मंत्री सह झारखंड फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मिथिलेश ठाकुर ने मीडिया कप, जर्सी व ट्रॉफी का अनावरण करते हुए घोषणा किये। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि प्रेस क्लब की एक बहुत ही सराहनीय पहल है कि वे पत्रकारिता के साथ खेल को भी महत्व दे रहे हैं। खेल विभाग के माध्यम से हमसे जो हो सकेगा, हम हर तरह का सहयोग उपलब्ध कराएंगे। इस मैच में झारखंड फुटबॉल संघ का तकनीकी सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा में खेलो गढ़वा का आयोजन किया जा रहा है, जो काफी सफल है। वहीं द रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि प्रेस क्लब हमारे यहां क्रिकेट, आर्चरी खेलों के साथ अब पहली बार फुटबॉल का भी आयोजन होने जा रहा है। आपको विश्वास दिलाते हैं कि बेहतर होगा और अच्छा होगा। मिश्रा ने कहा कि गढ़वा खेलों के तर्ज पर द रांची प्रेस क्लब खेलों की शुरूआत की भी घोषणा आज की जाती है। वहीं पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक हिस्सा है। भागमभाग के इस दौर में पत्रकार भी खेल को महत्व दे रहे अपने आप उपलब्धि है। जर्सी, ट्राफी अनावरण के पूर्व पेयजल एवं झारखंड फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मिथिलेश ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ियों प्रतीक्षा बाड़ा, प्रिया सांडिया, मालती कुमारी, सुधा कुमारी एवं छोटानागपुर एथलेटिक संघ से जुड़े आशीष बोस व आसिफ नईम को पौधा देखकर सम्मानित किए।

**कब होगा मैच कितनी हैं टीम:** बताते चलें कि द रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मीडिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें हैं। सभी टीमों का नाम झारखंड से गुजरने वाली विभिन्न नदियों पर रखा गया है। 4=4 की टीमें बनाई गई है। जिसमें कुल 142 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। 18 =18 और 17 =17 खिलाड़ी शामिल हैं। टूर्नामेंट का शुभारंभ 11 सितंबर सुबह 8:00 बजे बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में दामोदर और गंगा टीम के बीच भिड़ंत के साथ होगी। इस मौके पर द रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्रा, सचिव जावेद अख्तर, कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू, कार्यकारिणी सदस्य मानिक बॉस, रूपम, अशोक द्विवेदी,संदीप मिश्रा, अशोक गोप, पूजा, इमाम रिजवी, नसीम, शकील, विनय, संजीत, मनोज पाठक, सुनील केदला, चंदन भट्टाचार्य सहित कई पत्रकार उपस्थित थे।

## भवन निर्माण से लंबित योजनाओं की समीक्षा

**रांची।** रांची के उप विकास आयुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में आज भवन निर्माण विभाग से संबंधित विभिन्न लंबित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में उप समाहर्त्ता सह प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा मनमोहन प्रसाद, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे ।उप विकास आयुक्त विशाल सागर ने नगड़ी प्रखण्ड में वृद्धा आश्रम में चल रहे कार्यों, बेड़ो प्रखण्ड के साथ-साथ अन्य प्रखण्डों में भवन निर्माण विभाग द्वारा संचालित विकास कार्य की विस्तार से समीक्षा की।


**कार्यालय : जिला परिषद, रामगढ़**

-: सूचना :-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रामगढ़ जिला अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित होने वाले भवनों का बिल्डिंग बॉयलाज के तहत नक्शा तैयार करने हेतु जिला परिषद, रामगढ़ में Architect एवं Civil Engineer का निबंधन कराया जाना है। निबंधन Online माध्यम से http:/103.13.97.2 अथवा BPAMS के वेबसाईट पर किया जायेगा।

अतः ईच्छूक एवं योग्य Architect एवं Civil Engineer अपना निबंधन हेतु दिनांक 24.09.2022 तक Online आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़ से संपर्क किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त
-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, रामगढ़

PR 277321 (District) 22-23 (D)

## न्यूज गैलरी

### उधार में तमंचे खरीद कर लूट कर घटना को दिया अंजाम

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में लूट का एक विचित्र मामला सामने आया है। अगस्त में लुटेरों ने एक गैस एजेंसी के डिलीवरी ब्वॉय से 1 लाख 20 हजार रुपये लूट लिए थे। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इस लूटकांड को उधार के तमंचे के दम पर अंजाम दिया गया था। लूट के बाद आरोपी लुटेरों ने पिस्टल की उधारी चुकाई थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। उनसे पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। गौरतलब है कि रांची के कांके थाना क्षेत्र में डिलीवरी ब्वॉय के साथ लूट हुई थी। कांके थाना क्षेत्र में देवी गैस एजेंसी के डिलीवरी ब्वॉय के साथ 30 अगस्त 2022 को लूटपाट की गई थी। अपराधियों ने पिस्टल की नोक पर 1 लाख 20 हजार रुपये लूट लिए थे। इससके बाद मामले की शिकायत कांके थाने में की गई थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों सूरज कुमार राम और रितेश गाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लूट के 18 हजार रुपए के साथ एक तमंचा, कारतूस, बाइक और मोबाइल बरामद किया है।

### डोरंडा कॉलेज में प्रोफेसर के साथ असामाजिक तत्वों ने मारपीट की

रांची। रांची के डोरंडा थाना इलाके के डोरंडा कॉलेज में कार्यरत विज्ञान के प्रोफेसर डॉक्टर मतीयूर रहमान के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने मारपीट की। इसमें उन्हें काफी चोट आई है। प्रोफेसर के साथ मारपीट कॉलेज परिसर में ही की गई है। इस संबंध में डोरंडा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। पुलिस आरोपित युवकों की तलाश में जुटी है। डोरंडा थाना में दिए आवेदन में कहा गया है कि दानिश और साहिल सहित चार अन्य लड़कों के द्वारा अक्सर कॉलेज परिसर में आकर अड्डाबाजी की जाती थी। छह की संख्या में लड़के कॉलेज परिसर में घूम रहे थे। इतने में प्रोफेसर की नजर उन पर पड़ी और उन्हें बुलाया और पूछा कि बिना ड्रेस कोड पहने तुम कॉलेज के परिसर में क्या कर रहे हो। इतना सुनते ही युवकों ने प्रोफेसर पर हमला कर दिया। कॉलेज के अन्य कर्मचारियों और प्रोफेसर के पहुंचने से पहले वे लोग मारपीट कर वहां से फरार हो गए। कॉलेज के कर्मियों और छात्रों ने इसकी सूचना तुरंत डोरंडा थाना को दी, जिसमें कॉलेज कर्मियों ने दो की शिनाख्त डोरंडा निवासी दानिश और साहिल के रूप में की है। कॉलेज के कर्मियों ने बताया कि अक्सर इन लड़कों के द्वारा डोरंडा कॉलेज में आकर अड्डाबाजी की जाती है। मना करने पर कर्मियों से ही उलझ जाते हैं। इस बात की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस लिखित आवेदन लेकर युवकों की तलाश में जुट गई है।

### आरक्षण नहीं होने से 20 लाख युवा नौकरी के लाभ से वंचित : ओबीसी मंच

रांची। झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच के केंद्रीय अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि 27 प्रतिशत पूर्ण आरक्षण हमारा संवैधानिक अधिकार है। आरक्षण नहीं होने के कारण अब तक 20 लाख युवा नौकरी के लाभ से वंचित हुए हैं। सभी सरकारों ने बहुसंख्यक ओबीसी/एससी को छलने का काम किया है। कैलाश यादव मंच के बैनर तले गुरुवार को राज्यस्तरीय जनाक्रोश सम्मेलन के बाद प्रेस को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मेन रोड के गैलेक्सी कॉम्प्लेक्स में जनाक्रोश सम्मेलन में 24 जिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। यादव ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन आरक्षण पर झूठा दिलासा देना बंद करें। सीएम ओबीसी को 14 से 27 एवं एससी को 10 से 14 प्रतिशत आरक्षण सीमा बढ़ाने का वादा करें। साथ ही कहा कि सरकारी डॉक्टरों के निजी प्रैक्टिस करने के जनविरोधी फैसले को अविलंब निरस्त करें।

26 नवंबर को आरक्षण अधिकार महापंचायत : यादव ने कहा आगामी 26 नवंबर को संविधान दिवस के दिन धुर्वा शहीद मैदान में विशाल रूप में आरक्षण अधिकार महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने के लिए राज्य के पांच हजार ग्राम पंचायत क्षेत्र से लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। मंच के कार्यकारी अध्यक्ष आबिद अली ने कहा कि अन्य राज्यों की तर्ज पर अपने राज्य में भी मदरसा शिक्षा बोर्ड का गठन किया जाए। सम्मेलन में मंच की ओर से कई प्रस्ताव पारित कर मांगपत्र तैयार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने मंच की सदस्यता ली। इस दौरान साहेब अली, अब्दुलाह अजहर कासमी, गोल्डन यादव, सगीर अंसारी, रामकुमार यादव, रवींद्र भारती, मो इस्लाम, मुन्ना कासिम, रुपांजली शर्मा व तमन्ना बेगम मौजूद थीं।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में भू-राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित

# पदाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में भू-राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अपर समाहर्त्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी बुंडू, जिला के सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा लंबित दाखिल-खारिज एवं भूमि सीमांकन, लंबित प्रमाण पत्र मामलों, भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार के विभिन्न एजेंसियों को भूमि हस्तांतरण के संबंध में अद्यतन स्थिति, अवैध जमाबंदी, विभिन्न एजेंसियों को जंगल झार भूमि से संबंधित अनापत्ति एवं एफआरए एवं विभिन्न स्तर के राजस्व पदाधिकारियों के न्यायालयों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा लगान निर्धारण, लगान वसूली और लैंड डिमार्केशन, सक्सेशन पार्टिशन म्यूटेशन आदि की अंचलवार समीक्षा की गयी। म्यूटेशन से संबंधित मामलों की समीक्षा के करते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निष्पादन योग्य मामलों का निर्धारित समय में निपटारा करने का निदेश दिया गया। जिले में नेशनल हाईवे के चल रहे प्रोजेक्ट में भू-अर्जन की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गयी। कैंप में लाभार्थियों के आवेदन, संबंधित दस्तावेज कलेक्ट कर भुगतान की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। पलमा-गुमला सेक्शन अंतर्गत बेड़ो एवं ईटकी अंचल में सरकारी एवं अधिग्रहित जमीन के म्यूटेशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निदेश उपायुक्त द्वारा संबंधित अंचलधिकारी को दिया गया। भारत सरकार तथा राज्य सरकार के विभिन्न विभाग को भूमि हस्तांतरण की समीक्षा

> जिले में नेशनल हाईवे के चल रहे प्रोजेक्ट में भू-अर्जन की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गयी। कैंप में लाभार्थियों के आवेदन, संबंधित दस्तावेज में तेजी लाने के निर्देश दिये।

करते हुए उपायुक्त ने समय सीमा के भीतर जमीन उपलब्ध कराने के निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिये। विभिन्न एजेंसियों को जंगलझारी भूमि से संबंधित अनापत्ति एवं एफआरए उपलब्ध कराये जाने संबंधी विषय पर उपायुक्त द्वारा बैठक करने को कहा गया। आय, आवासीय जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त् ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विद्यालयों द्वारा जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने के कार्य को भी ससमय पूरा करायें।

# लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा का उद्घाटन आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा द्वितीय शाखा श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा का शुभ उद्घाटन दिनांक 9 सितंबर, शुक्रवार को प्रातः 11:00 तिरुपति मंदिर के सामने किया जाएगा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया है कि इस अन्नपूर्णा सेवा में प्रतिदिन अनुदानित दर पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भोजन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा सेवा स्वर्गीय सत्यनारायण नारसरिया एवं स्वर्गीय शारदा देवी नारसरिया की पुण्य स्मृति में उनके परिवार के द्वारा प्रायोजित है। इसके पूर्व भी अन्नपूर्णा सेवा पिछले 6 महीने से पुरुलिया रोड में स्वर्णभूमि के बगल में सफलतापूर्वक लगातार संचालित है। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा सेवा उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में संजय सेठ सांसद, लोकसभा रांची, संजीव विजयवर्गीय- उपमहापौर रांची, गोवर्द्धन प्रसाद गाड़ोदिया- राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन, राम अवतार नारसरिया- मुख्य न्यासी श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति मंदिर, बसंत कुमार मित्तल- प्रांतीय अध्यक्ष झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, समाजसेवी प्रदीप नारसरिया सहित कई लोग अपनी सहभागिता देंगे। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि कल प्रातः 11:00 बजे अन्नपूर्णा सेवा उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित हो और इस सेवा के सहभागी बने।

# सरला बिरला की छात्राओं ने नीट (यूजी) 2022 में सफलता प्राप्त की




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार सरला बिरला पब्लिक स्कूल के 9 छात्रों ने नीट (यूजी) l2022 में सफलता हासिल की। पलक नंदनी, निवेदिता राज, प्रियांशी कुमारी, मो। होजैफा तसनीम, वेद प्रकाश महतो, कशिश कुमारी, स्मृति शनाया, खुशी प्रिया और अंश आर्यन ने अपने प्रयास से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों एवं अपने शिक्षकों को दिया है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ। प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों तथा अभिभावकों के परिश्रम की सराहना की जिसके परिणामस्वरूप ही यह गौरवपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि भविष्य की सफलता के लिए आज का परिश्रम महत्वपूर्ण है। कठोर परिश्रम के परिणामस्वरूप ही छात्रों ने मनचाही सफलता अर्जित की है।

### शिक्षा व स्वरोजगार के क्षेत्र में काम करेगा माही संगठन

**रांची।** मौलाना आजाद ह्यूमन इनिशियेटिव (माही) का गठन किया गया। संगठन शिक्षा, सम्मान, स्वरोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक सद्भाव के क्षेत्र में काम करेगा। यह जानकारी अंजुमन इस्लामिया के पूर्व अध्यक्ष इबरार अहमद ने दी। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और स्वरोजगार से ही समाज की तस्वीर बदली जा सकती है। इस दिशा में सैंकड़ों कदम साथ चलने को तैयार हैं। माही के गठन का उद्देश्य यह भी है कि समाज में फैल रही धार्मिक विभिन्नताएं, वैमनस्य, घृणा, हिंसा के खिलाफ अभियान में आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। एक सभ्य समाज के निर्माण में सकारात्मक पहल करना हमारे लक्ष्यों में शामिल है। इबरार का आरोप है कि एक धर्म विशेष के प्रति संगठित अभियान चलाए जा रहे हैं। संदेह का वातावरण उत्पन्न किया जा रहा है। समुदाय को अलग-थलग करने का प्रयास किया जा रहा है।

### लोगों ने इश्वरी प्रसाद को दी भावभीनी अंतिम विदाई

# साहित्य का एक अध्याय समाप्त हो गया : मुकुंद नायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अलग झारखण्ड राज्य के लिए सांस्कृतिक रूप अलख जगाने वाले, मजदूरों की आवाज को अंतराष्ट्रीय स्तर पर रखने वाले, छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ के संस्थापक, डहर पत्रिका के संस्थापक, लेखक और समाज सेवी ईश्वरी प्रसाद का आज हरमू मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। पुत्र राहुल मेहता ने मुखाग्नि दी। डिबड़ीह बाईपास रोड अलकापुरी अखाड़ा स्थित आवास में उनके अंतिम दर्शन व शव यात्रा में पदम श्री मुकुंद नायक पदम श्री मधु मंसूरी हंसमुख डहर के इंजीनियर सुशील महतो, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो, केदार महतो केंद्रीय सचिव व मजदूर नेता भुनेश्वर केवट, सुरेश प्रसाद, दिगेश्वर ठाकुर बीएच प्रसाद, सीपी यादव, एचकेपी सिंह बलदेव उरांव, घनश्याम महतो, रामेश्वर सिंह मुरली साह, पुलिस राय, विजय प्रकाश, धर्मेंद्र शाह, जीत लाल महतो पंकज राज,मुकेश कंचन, आरआर मेहता शिव टहल महतो, किरण मेहता, साक्षी मेहता, निशा भगत, शकुंतला देवी, सागर मुंडा, मसीह जमा, उपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य सांस्कृतिक व उपस्थित थे। 7 सितंबर को इश्वरी प्रसाद की मृत्यु हो गई थी। मौके पर पदम श्री मुकुंद नायक ने कहा कि साहित्य का एक अध्याय समाप्त हो गया। उनकी कृति व स्मृति हमारी यादों में हमेशा जिंदा रहेंगे। पदम श्री मधु मंसूरी हमने अपने बड़े भाई को खो दिया।उन्होंने दहर पत्रिका के माध्यम से हमें वह हमारे प्रीति को मंच दिया और आगे बढ़ाने की दिशा में बहुत बड़ा भूमिका अदा की है उन्हें हम कदापि भूल नहीं सकते।

> हमने अपने बड़े भाई को खो दिया : मधु मंसूरी
>
> कला संस्कृति के बड़े संयोजक थे इश्वरी प्रसाद : पुष्कर महतो

# वाणिज्य विभाग में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन



रांची। गुरुवार को यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट(मोराबादी) परिसर में शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजन किया गयो जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ सुदेश कुमार साहू तथा अतिथि के रूप में ए के चट्टराज ,डॉ अमर चौधरी,डॉ एम एन जुबैरी, श्रीमती राजश्री तथा वाणिज्य विभाग के शोधार्थी थे।इस कार्यक्रम का शुभारंभ शोधार्थी गौरव अग्रवाल द्वारा शिक्षकों को मिठाई खिला कर शुरूआत किया गया।मंच का संचालन प्रेरणा द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष ने कहा की शिक्षा हमे सिर्फ शिक्षकों से नही मिलती बल्कि कही भी और किसी भी व्यक्ति के आचरण से मिल सकती है। इस कार्यक्रम में सफल बनाने में मुख्य रूप से अब्दुल कादिर, रागिनी,अमित, सिमरन, स्वेता, दिवाकर रहे। साथ ही डॉ खुसबू, डॉ पंकज, डॉ स्वेता सोनाली, जहाँगीर तथा विकाश उपस्थित थे।

### गोस्सनर कॉलेज के विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन हुआ

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बायोटेक्नोलॉजी, आईटी और मास कम्युनिकेशन विभाग के नए सत्र के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम गुरुवार को संपन्न हुआ। छात्रों के स्वागत में इमानुएल विनय ने गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद आलोक, पीयूष, शाहवार और रूपाली के द्वारा सभी धर्मों के पवित्र पुस्तकों से शिक्षा से संबंधित पाठ पढ़े गए। भारतीय संविधान में दिए गए शिक्षा के अधिकारों को भी पढ़ा गया। कार्यक्रम में समेस्टर छह की छात्रा खुशी को स्टूडेंट ऑफ द बैच का पुरस्कार दिया गया। स्वाधीन पटेल को बेस्ट निर्देशक सह स्क्रिप्ट राइटर, साक्षी तथा सत्यदीप को बेस्ट एंकर, रहमीर रजा को बेस्ट फोटोग्राफर, श्रुति को टैलेंटेड स्टूडेंट और बेस्ट वीडियोग्राफर का पुरस्कार अंकित बेक को दिया गया।

### 6 सदस्यों को कार्यकारिणी के लिए किया गया मनोनीत

# अग्रवाल सभा रांची के चयन में नंदकिशोर पाटोदिया को अध्यक्ष व मनोज चौधरी को मंत्री बनाया गया



**नवी मेल संवाददाता**

**रांची।** महाराजा अग्रसेन भवन में चुनाव पदाधिकारी ललित कुमार पोद्दार एवं सह चुनाव पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया के नेतृत्व में अग्रवाल सभा सत्र 2022-24 के लिए कार्यकारिणी सदस्यों के सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन हुआ। जिसमें नंदकिशोर पाटोदिया अध्यक्ष, प्रमोद कुमार अग्रवाल वरीय उपाध्यक्ष, सज्जन पाड़िया उपाध्यक्ष, मनोज चौधरी मंत्री, अजय डीडवानिया उपमंत्री, विजय खोवाल उप मंत्री, अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष, कमल खेतावत आंतरिक अंकेक्षक, बनाए गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से छह सदस्यों को कार्यकारिणी के लिए मनोनीत किया गया। मनोनीत सदस्यों मे कमल कुमार केडिया, अनिल कुमार अग्रवाल, रमेश खेमका, मीना अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, रीना सुलेखा, शामिल है। नवनिर्वाचित मंत्री मनोज चौधरी ने कहा है संयुक्त कार्यकारिणी की बैठक 9 सितंबर को शाम 7:00 बजे महाराजा अग्रसेन भवन में रखा गया है। जिसमें नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उप समितियों का भी गठन शीघ्र कर लिया जाएगा। बैठक में नवनिर्वाचित सभी कार्यकारिणी सदस्य रमाशंकर बगड़िया, नंदकिशोर पाटोदिया, अजय डीडवानिया, नरेश बंका, मनोज चौधरी, निर्मल बुधिया, सुनील पोद्दार, पवन कनोई, मनीष टांटिया, कौशल राजगढ़िया, विजय खोवाल, किशन पोद्दार, अशोक लाठ, मनोज रूईया, सुरेश चौधरी, राजकुमार मित्तल, जितेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, विनोद टिबड़ेवाल, सुनील केडिया, शिव कुमार भावसिंहका, आनंद जालान, मनोज ढांढनिया, राजेश भारतिया, संजय सर्राफ, सुरेश पोद्दार आदि उपस्थित थे। उपरोक्त सभी जानकारी चुनाव पदाधिकारी ललित कुमार पोद्दार एवं उप चुनाव पदाधिकारी अशोक नारसरिया ने संयुक्त रूप से दी।

### आईसीएआर दल ने खरीफ चारा फसल शोध कार्यों की हुई समीक्षा

# किसान खेती के तकनीक पर ध्यान दें : डॉ. वीरेंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित चारा फसल शोध परियोजना अधीन बीएयू में संचालित शोध कार्यक्रमों का आईसीएआर, नई दिल्ली द्वारा गठित दल ने दो दिनी समीक्षा पूरी की। इस दो सदस्यीय समीक्षा दल में इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के प्लांट ब्रीडर डॉ सुनील वर्मा एवं भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झांसी एग्रोनोमिस्ट डॉ मुकेश चौधरी शामिल थे। आईसीएआर दल ने बीएयू स्थित पशु चिकित्सा संकाय के चारा फसल अनुसंधान फार्म के हरेक प्रायोगिक प्लाट का गहन निरीक्षण किया। खेतों में खरीफ चारा फसलों में दीनानाथ घास, बाजरा, मकई, बोदी, नेपियर एवं राइस बीन के प्रायोगिक प्लाट को बारीकी से देखा, जरूरी जानकारी को जाना और आवश्यक सुझाव दिये। दल को परियोजना अन्वेंषक एवं प्लांट ब्रीडर (चारा फसल) डॉ। योगेन्द्र कुमार एवं सह परियोजना अन्वेंषक एवं एग्रोनोमिस्ट (चारा फसल) डॉ। वीरेंद्र कुमार ने खरीफ चारा फसलों के शोध कार्यक्रमों में वेरायटल ट्रायल एवं शस्य तकनीकी ट्रायल तथा प्रत्यक्षण एवं प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारियों को साझा किया। वेरायटल ट्रायल एवं शस्य तकनीकी ट्रायल के प्रदर्शन को अवगत कराया एवं भावी शोध कार्यक्रमों पर चर्चा की। आईसीएआर दल ने दीनानाथ घास के विभिन्न किस्मों की प्रायोगिक ट्रायल के बढ़िया प्रदर्शन की सराहना की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले किस्मों की किसानों के खेतों में फ्रंट लाइन प्रत्यक्षण से बढ़ावा देने पर बल दिया। दल ने कहा कि देश में पशुधन की जनसंख्या में 1.23 प्रतिशत की दर से हो रही वृद्धि है। जिसे देखते हुए चारा फसल की मांग और आपूर्ति के अंतर को दूर करने के लिए खरीफ, रबी एवं वर्ष भर चारा फसल की खेती तकनीक को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया।

**पूरे देश में खरीफ चारा फसल दिवस का आयोजन 9 सितंबर को :** पशुओं की उत्पादकता को बढ़ाने तथा पशु धन को गुणवत्ता एवं पोषण युक्त चारे की उपलब्धता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर), नई दिल्ली के निर्देश पर पूरे देश में 9 सितंबर (शुक्रवार) को खरीफ चारा फसल दिवस मनाया जायेगा। आईसीएआर के निदेर्शानुसार कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित चारा फसल शोध परियोजना के अधीन 9 सितंबर (शुक्रवार) को खरीफ चारा फसल दिवस का आयोजन किया जायेगा।

### खलारी में झूलते बिजली के तार और जर्जर खंभों से बढ़ी दुर्घटना की आशंका

**रांची।** खलारी सहित आसपास के इलाकों में सड़कों के किनारे बिजली के अधिकांश खंभे जर्जर हो चुके हैं। बिजली के तार कई जगहों पर झूल रहे हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इन बिजली के खंभों के सहारे इंटरनेट और केबल टीवी के तार भी ले जाए गए हैं। खलारी के ग्रामीण इलाकों में अधिकांश बिजली के तार खंभों से काफी नीचे लटक रहे हैं। इस कारण अब तक कई जानवरों की मौत हो चुकी है। ग्रामीण इलाकों में बिजली के खंभे काफी जर्जर हो चुके हैं, जो कई बार आंधी और बारिश के कारण टूट कर गिर जाते हैं। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना बिजली विभाग को दी जाती है, तब जाकर दो-तीन दिनों के बाद उसे ठीक किया जाता है। ऐसे जर्जर बिजली के खंभे और लटकते तार हादसों को आमंत्रित कर रहे हैं।

### विभाजन की विभीषिका में अहम भूमिका निभाने वाले देश जोड़ने का नारा दे रहे हैं

# देश बांटनेवालों के मुंह से देश जोड़ने की बात शोभा नहीं देती : दीपक प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने आज कांग्रेस पार्टी के भारत जोड़ो कार्यक्रम पर कड़ा प्रहार किया। श्री प्रकाश ने कहा कि देश विभाजन को स्वीकार करने वाले,विभाजन की विभीषिका में लाखों लोगों की हत्या करवाने वाले आज देश जोड़ने का नारा दे रहे जो कांग्रेस के इतिहास और संस्कृति से मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में कश्मीर को धारा 370 के माध्यम से देश से काटने की साजिश रचने वाले, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को लाइन ऑफ कंट्रोल के द्वारा मान्यता देने वाले, चीन द्वारा कब्जा किए गए भूभाग को बंजर भूमि बताकर मां भारती का अपमान करने वाले, आपातकाल में देश के लोकतंत्र का गला घोंटने वाले ,जातिवाद क्षेत्रवाद और परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले लोग आज भारत जोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये वही कांग्रेस है जिसने भारत की संस्कृति के महानायक राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के सहारे देश को तोड़ने वालों को बताना चाहिए कि वे इन नीतियों के साथ देश कैसे जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि डूबती हुई कांग्रेस पार्टी देश जोड़ने के नारों के साथ अपने पाप का प्रायश्चित करने में जुटी है।

> आजाद भारत में कश्मीर को धारा 370 के माध्यम से देश से काटने की साजिश रचने वाले, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को लाइन ऑफ कंट्रोल के द्वारा मान्यता देने वाले, चीन द्वारा कब्जा किए गए।

## न्यूज गैलरी

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**बेड़ो।** लापुंग व बेड़ो थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना लापुंग थाना क्षेत्र के पोकटा गांव के समीप अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे स्कूटी सवार को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से स्कूटी सवार पोकटा अम्बा टोली लापुंग निवासी 5 वर्षीय आयुष भगत पिता महादेव भगत व 30 वर्षीय मांगो उरांव पति करमा उरांव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वही दूसरी घटना बेड़ो थाना क्षेत्र के जहाना मोड़ के समीप साढ़े तीन बजे की है जिसमें बाइक सवार को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से बाइक सवार पांडरानी भरनो निवासी 20 वर्षीय सूरज उरांव व रोगो चरिमा बेड़ो निवासी 19 वर्षीय विनय मिंज गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा प्रियंका ने चारो घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सूरज व विनय को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### सामुदायिक भवनों में अवैध कब्जा, ग्रामीणों को नही मिल रहा है लाभ



**जलडेगा।** प्रखंड परिसर में ग्रामीणों की सहूलियत के लिए डाकबंगला और अर्धनिर्मित विवाह मंडप के पास वर्षों पहले एक सामुदायिक भवन और पास में एक और अतिरिक्त सरकारी भवन का निर्माण हुआ है। इन दोनो भवनों में अवैध रूप से कब्जा कर इन्हे वर्षों से ताला लगाकर रखा गया है। जिसके कारण प्रखंड में कार्यरत एनजीओ, ग्रामीण, किसान संगठन, महिला समूह आदि को बैठक करने और अन्य कामों में परेशानी होती है। इन दोनो भवनों का चाभी किसके पास है ये कोई नही जानता, हालाकि कुछ लोगों ने बताया कि दोनो भवनों में स्वास्थ्य विभाग और बिजली विभाग का सामान रखा हुआ है। जिस पर लोगों का कहना है की ये दोनो भवन जनकल्याण और सामुदायिक कार्य के लिया बनाया गया है, लेकिन यहां सामान भर कर दोनो भवनों को कब्जा करने से आज तक आज तक इन दोनो भवनों का उपयोग कोई नही कर पाया है।लोगों ने प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे सामुदायिक भवनों में हुए अवैध कब्जे को खाली कराया जाय। ताकि गांव के लोग व किसान एक साथ मिलकर बैठें और गरीब लोगों को सहूलियत हो सके।

### जलडेगा में दो जंगली हाथियों ने दिया दस्तक, दो घरों को तोड़कर घर में रखे भंडारित अनाजों को किया चट

**जलडेगा।** प्रखंड के पतिअम्बा एवं टाटी पंचायत में बीती रात झुंड से बिछड़े दो हाथियों ने दो गरीबों के आशियानों को अपना निशाना बनाया और घर में रखे भंडारित अनाजों को साफ कर दिया। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पतिअम्बा पंचायत के जामपानी बुरुटोली निवासी प्रेमदानी बागे पति अनमोल बागे के घर एवं बर्तन को हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया वही दूसरी घटना टाटी पंचायत के तितलिंग बारीबिरिंगा की है जहां हाथियों ने कोमल होरो पिता स्व गाब्रिएल होरो के मकान को ध्वस्त कर दिया साथ ही घर मे रखे 50 किलो धान सहित खाद्य सामग्रियों को खा गए। मामले की सूचना मिलने पर वन विभाग के उप परिसर पदाधिकारी हेमंत कुमार एवं जयवंत प्रसून केरकेट्टा मौके पर पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया और उन्हें उचित मुवावजा देने की बात कही।

### 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनायेगी भाजपा सिमडेगाः लक्ष्मण

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी देशभर में सेवा पखवारा के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उसी निमित्त भाजपा सिमडेगा भी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि सिमडेगा में भी पार्टी इस पखवाड़े को बेहतर तरीके से मनाने का निर्णय लिया है।उन्होंने कहा कि इस पखवाड़े भाजपा रचनात्मक कार्यक्रम के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण कार्यक्रम, जल संरक्षण, सहित अनेकों कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है।साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का काम हम सभी को करना है।

### किनकेल जंगल में पत्थर से मारकर व्यक्ति की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**केरसई।** थाना क्षेत्र के बारहाखोइर चापबारी जंगल मे अधेड व्यक्ति अज्ञात शव पुलिस ने बरामद किया है।सूचना मिलते ही केरसई थाना प्रभारी राजेश कुमार दल बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर रवाना हुए एवं छानबीन में जुट गए थाना प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया मृतक मारियानुस कोरबा ढंगरीनाचा जो कुरडेग थाना क्षेत्र उम्र लगभग 40 वर्ष के रूप में पहचान हुई।उन्होंने कहा कि हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है पुलिस छानबीन जारी है जल्द ही हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में होगा, शव को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस पदाधिकारी पुनः घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। इधर पत्नी ललिता कोरवाइन ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका पति करमा महोत्सव मनाने के लिए घर से निकला था उसके बाद वापस नहीं लौटा था इधर बुधवार की शाम में पुलिस द्वारा पति की हत्या की सूचना दी गई जिसके बाद का घटनास्थल पर पहुंचे और उसका रो-रोकर बुरा हाल था इधर गुरुवार को पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम कराने के पश्चात परिजनों को सौंप दिया।

### चान्हो के एनएच-75 ब्लॉक गेट के निकट हुए सड़क दुर्घटना में एक घायल

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के एनएच 75 ब्लॉक गेट के निकट गुरूवार को हुए सड़क दुर्घटना में रघुनाथपुर कोको निवासी साहेब सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए,जिन्हें चान्हो सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। वहीं चान्हो थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने तत्परता दिखाई और साहेब सिंह के बाइक को धक्के मार कर भाग रहे ब्रेजा कार को पीछा कर बिजुपाड़ा में पकड़ कर कार को जप्त कर लिया। वहीं चालक को हिरासत में ले लिया गया। और घायल व्यक्ति को बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया।

---

## पुलिस ने चलाया मानव तस्करी और बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता अभियान

# मानव तस्करी एक गंभीर समस्या हैः भगत

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** जिले में पुलिस द्वारा मानव तस्करी को रोक लगाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चला रहे हैं इसी के तहत गुरुवार को विभिन्न विद्यालयों में कोलेबिरा पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों को मानव तस्करी के प्रति कार्यशाला आयोजित किया जहां कस्तूरबा गांधी विद्यालय कोलेबिरा में थाना प्रभारी रामेश्वर भगत, एसएस उच्च विद्यालय में सब इंस्पेक्टर संतोष ठाकुर और संत जेवियर उच्च विद्यालय बरवाडीह में सब इंस्पेक्टर रंजीत महतो में विद्यालयों में जाकर मानव तस्करी एवं बाल श्रम के विषय पर स्कूल के छात्र छात्राओं को जागरूकता हेतु अभियान चलाया गया। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी रामेश्वर भगत ने कहा कि मानव तस्करी एक गंभीर समस्या है जिसके लिए प्रत्येक वर्ष 30 जुलाई को मानव तस्करी दिवस मनाया जाता है। मानव तस्करी अर्थात मानव का अवैध व्यापार यह एक बहुत बड़ी समस्या है तथा मानव तस्करी होना अब आम बात हो गई है। मानव तस्करी के पीछे का सबसे बड़ा कारण गरीबी है। मानव तस्करी अर्थात मानव का अवैध व्यापार यह भारत की प्रमुख समस्याओं में से एक है। भारत में मानव तस्करी होना अब एक आम बात हो गई है। इस समस्या की रोकथाम हेतु सरकार के द्वारा समय-समय पर कड़े कदम उठाए जा रहें हैं। झारखंड राज्य के लिए मानव तस्करी एक विकट समस्या है। सक्रिय दलाल गांव के भोले भाले लोगों को और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। अच्छी जिंदगी और पैसे का प्रलोभन देकर दूसरे राज्यों में ले जाकर उन्हें बेच दिया जाता है। हालांकि दलालों के चंगुल में युवतियों को भेजने में उनके माता-पिता का भी अहम भूमिका होता है कई बार ऐसा देखा जाता है कि यह अपने माता पिता और अपने रिश्तेदारों के सहमति से ही दलालों के चंगुल में आ जाती है। उन्होंने मानव तस्करी के कुछ मुख्य कारण के बारे में भी बताया जिसमें गरीबी और अशिक्षा, बंधुआ मजदूरी, देह व्यापार, सामाजिक असमानता, क्षेत्रीय लैंगिक असंतुलन, बेहतर जीवन की लालसा, महानगरों में घरेलू कामों के लिए लड़कियों की तस्करी, चाइल्ड पॉर्नोग्राफी के लिए बच्चों की तस्करी आदि हैं। थाना प्रभारी रामेश्वर भगत ने छात्र छात्राओं को भारत में अवैध व्यापार से संबंधित संवैधानिक और विधायी प्रावधान के बारे में भी जानकारी दी।



## बीडीओ ने छात्रों का खाता खोलने व जाति प्रमाण को लेकर की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को बीडीओ डा प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों का खाता खोलने, केसीसी, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य बिंदुओं को लेकर बैठक की गई। मौके पर विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों का खाता खोले जाने के संबंध में समीक्षा भी की गई। साथ ही सीआरपी व उनसे उनसे संबंध विद्यालयों द्वारा प्रज्ञा केंद्र में भेजे गए जाति प्रमाण पत्र के आवेदन की भी समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि सीआरपी द्वारा पर्याप्त संख्या में आवेदन प्रज्ञा केंद्रों में नहीं भेजा गया है। इस पर बीडीओ द्वारा निर्देश दिया गया कि आवेदन के संग्रहण एवं प्रज्ञा केंद्र में भेजे जाने में तेजी लाएं। प्रत्येक मंगलवार को इसकी समीक्षा की जाएगी। साथ ही विभिन्न विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का बैंक में खाता खोलने को लेकर समीक्षा की गई और सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि छात्रों का खाता खोलने में किसी तरह की कोताही ना करें। बैंक के शाखा प्रबंधक से केसीसी की समीक्षा करते हुए उनके द्वारा निर्देश दिया कि सभी बैंक अधिक से अधिक जरूरतमंद किसानों को केसीसी का लाभ दें। केसीसी का लाभ देने में अब क्षेत्रवार की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। इसलिए क्षेत्रवार की बाध्यता को लेकर आवेदन वापस ना करें। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी क्लीन्द्र साहू, सभी सीआरपी, सभी शाखा प्रबंधक एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

## विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल कॉलेज मोड़ में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पूर्वी जिला परिषद सदस्य पार्वती भगत व विशिष्ट अतिथि जरिया पंचायत की मुखिया कुंवारी खलखो स्कूल के निदेशक ओम प्रकाश महतो व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन व भारत माता के तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप जलाकर करके किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं ने गुरु वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ कर सबों का मन मोह लिया। मौके पर जिप सदस्य पार्वती भगत ने कहा शिक्षा मनुष्य के जीवन का अनमोल उपहार है जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ने के लिए बेहतर माहौल दें, सपने साकार होंगे। इस दौरान स्कूल के निदेशक ओम प्रकाश महतो ने डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन वर्ग दशम के छात्र प्रहलाद कुमार छात्रा विनीता कुमारी व शिक्षिका अर्चना लकड़ा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छविंद्र महतो,विमल, प्रतिमा, सुमन, नेहा, सुगंती, किरण, सुनीता, एलिन, रश्मि,पूनम, शारीका, सुषमा, मुन्ना, यशवंत, श्रवण, विकास, सुनील, दुर्गा, शोभा, मनीला, मनीषा, अमीषा,रीना व छात्र-छात्राओं सराहनीय योगदान दिया।




## कुरडेग पुलिस ने मानव तस्करी विषय पर विद्यालय के छात्रों को दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** जिले भर में मानव तस्करी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस अधिक्षक के निर्देशानुसार सिमडेगा पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है इसके तहत जिले भर में रैली, गोष्ठी आयोजित कर इस तरह के कार्यो में लिप्त लोगों की सुचना पुलिस को देने की अपील कर रही है ताकि मानव तस्करी जैसे अवैध धंधे पर रोक लग सके इसी क्रम में गुरुवार को उच्च विद्यालय कुरडेग एवं मध्य विद्यालय धाघमुंडा में कुरडेग पुलिस के द्वारा मानव तस्करी के संवन्ध में विधालय के छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया ।मौके पर कुरडेग थाना के एएसआइ विजय कुमार एवं एएसआई जितेन्द्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विधार्थियों को संवोधित करते हुए कहा कि यदि किसी भी सामाजिक समस्या को समाप्त करना है तो उसमें समाज की भुमिका महत्वपूर्ण होती है और मानव तस्करी जैसी भयावह समस्या को भी सामाजिक भागीदारी के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है उन्होने महिलाओं एवं वच्चों की मानव तस्करी, उत्पीड़न, बाल श्रम, बाल विवाह, घरेलू गुलामी ,भिक्षावृति आदि अपराधों के लिए विधार्थियों को जागरूक कर कानूनी जानकारी दी साथ ही कहा कि आपके गांव में कोई व्यक्ति किसी को बहला फुसला कर काम करने के लिए दिल्ली ,मुम्बई या अन्य किसी शहर में ले जाने की बात करता हो तो इसकी सुचना पुलिस को दें ।वहीं कुरडेग थाना के मुंशी उपेन्द्र कुमार राय ने बिधार्थियों को सड़क सुरक्षा के संवन्ध में जानकारी देते हुए कहा कि बगैर चालक लाइसेंस, बिना हेलमेट एवं तेज रफ्तार से दुपहिया वाहन नही चलायें हर हाल में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे ।



### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलुकेरा पंचायत के मंगरपानी गांव में फांसी लगाकर गांव के 17 वर्षीय जितेंद्र माझी नामक युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार की देर रात की है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद थाना प्रभारी अरविंद कुमार दल बल के साथ गांव पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल संडे का भेज दिया थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम द्दष्टया आत्महत्या है हालांकि इस मामले में छानबीन की जा रही है फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सूत्रों की माने तो मामला प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है।

### 21 वर्षीय युवक ने रेलवे ट्रैक पर की आत्महत्या की

**मुरी।** मुरी रेलवे स्टेशन के समीप 21 वर्षीय युवक आशीष कुमार नायक पिता स्वर्गीय कन्हाई ने रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या कर ली युवा राहे नावाडीह रांची का रहने वाला बताया जा रहा है। बताते चलें कि युवक सन 2020 से अपने मामा विश्वनाथ माझी जो कुरपनिया बेरमो जिला बोकारो के रहने वाले हैं उनके पास रहता था इसी दरमियान नैना कुमारी उम्र 14 वर्ष पिता जगनारायण यादव जो ग्राम केरला थाना मांडू जिला रामगढ़ से प्रेम कर बैठा इसी दौरान दोनों योजनाबद्ध तरीके से आठ सितंबर को रात के 12:00 बजे भाग गए और भागकर मुरी स्टेशन पहुंचे यहां से दोनों मिलकर चेन्नई जाने की योजना बनाई परंतु कुछ देर के बाद उसने अपनी प्रेमिका को मुरी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर बैठने को कहा और कहा कि मैं बाथरूम से आ रहा हूं और वह सीधा प्लेटफार्म से कुछ दूरी पर जाकर रेलवे ट्रैक पर अपनी जान दे दी।

## दस दिवसीय डिजीटल साक्षरता कम्प्यूटर प्रशिक्षण सत्र का उप विकास आयुक्त ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**बसिया।** जिला प्रशासन इन दिनों बच्चों के बीच आधुनिक शिक्षा को लेकर काफी गंभीर बना हुआ है। इस गंभीरता की बानगी यहाँ तब देखने को मिली जब ट्रांसफोर्मेशन ऑफ केजीबीभी के तहत आज जिले के उपविकास आयुक्त ने खुद कमान संभालते हुए दस दिवसीय डिजीटल साक्षरता कम्प्यूटर प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में बसिया के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के आठवीं कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा की छात्राओं को प्रशिक्षण दिए जाने की महत्वाकांक्षी योजना को आज धरातल पर उतारा गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे जिले के ऐसे सभी विद्यालयों को आच्छादित करने की योजना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के स्वरूप की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि छः माह के इस सत्र हेतु तमाम प्रशिक्षणार्थियों का ऑनलाइन टेस्ट लेते हुए सफल छात्राओं को प्रमाण पत्र देने की योजना है। जिला प्रशासन की इस पहल से विद्यालय में उत्साह का माहौल है जबकि जिला प्रशासन के इस अच्छे पहल के बावजूद उप विकास आयुक्त के समक्ष यहां शिक्षा को लेकर विद्यालयों की गंभीरता पर तब कई सवाल खड़े हो गए जब उन्होंने एक दूसरे विद्यालय का रुख किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत उपविकास आयुक्त ने सोलंगबीरा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण कर डाला। बताया जाता है कि निरीक्षण के दौरान इस विद्यालय में संचालित मिड डे मील में भारी गड़बड़ी की बातें सामने आई।

उपविकास आयुक्त के निरीक्षण के उपरांत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने एमडीएम में गड़बड़ी, बच्चों के लिए आवंटित जूतों का वितरण नहीं किये जाने और बच्चों में साफ सफाई पर ध्यान नहीं देने के आलोक में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन कुमार से कारण पृच्छा पूछा गया है।



## भाजयुमो का तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से होगा शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश की तीन दिवसीय आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत आज से ग्रेटर त्रिवेणी स्कूल सभागार में होगी। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी। उद्घाटन सत्र में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश राज्यसभा सांसद, बाबूलाल मरांडी पूर्व मुख्यमंत्री, वैभव सिंह राष्ट्रीय महामंत्री भाजयुमो, किसलय तिवारी प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो, अमनदीप सिंह राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजयुमो कर्मवीर सिंह संगठन मंत्री प्रदेश शामिल होंगे। साथ ही जिला के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रवीण सिंह पूर्व विधान पार्षद, ओमप्रकाश सिंह, भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष मनीर उरांव एवं निवर्तमान अध्यक्षगण भी शामिल होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस ने दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण भाजपा के वैचारिक नीव को मजबूती प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। प्रशिक्षण को लेकर भाजपा युवा मोर्चा लोहरदगा के कार्यकर्ता कड़ी मेहनत से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्धारित स्थल ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा व भाजपा कार्यालय के संयुक्त प्रांगण में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम कुल 14 सत्रों में होगी। जिले में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से अजातशत्रु प्रदेश मंत्री, विश्वजीत शाहदेव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीष शिखर, बाल्मीकि कुमार सजल कुमार, विजय महतो, श्याम सुंदर वर्मा, सुधांशु कुमार ,राखी कुमारी, पवन कुमार पप्पू कुमार कुलदीप कुमार, दिनेश कुमार, शुभम कुमार, शुभम अग्रवाल आदि सहयोग कर रहे हैं।

## इंद मेला के अवसर पर इन्द्र देव की विधिवत पूजा-अर्चना की गयी, बोले सांसद

# झारखंडी हमेशा से ही प्राकृतिक पूजक रहे हैं

नवीन मेल संवाददाता

**ओरमांझी ।** गांगूटोला ओरमांझी मे इंद मेला के अवसर पर इन्द्र देव की विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सास्कृतिक नागपुरी आरकेस्ट्रा का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इन्द मेला मे इन्द्र देव की पूजा अच?छी बारिश के लिए किया जाता है। इन्द मेला के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद आदित्य साहु ने कहा कि इंद्रदेव की पूजा करने का प्रतिफल है कि रांची जिला में आज तक कभी भी अकाल या सूखा नहीं हुआ है । यह इंद्रदेव का कृपा है। प्राकृतिक पूजा पर झारखंड के वासियों का आस्था और प्रेम बढ चढकर है। यह हमारी संस्कृति और आस्था का धरोहर है। इसे बचा कर ही हमारी संस्कृति बच सकती है । इन्द मेला के अवसर पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने ईद मेला परिसर में पूजा स्थल पर एक चबूतरा और सेड निर्माण करने का घोषणा किया है । मेला के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि इन्दमेला झारखंडियों का कला संस्कृति और आपसी सौहार्द का त्यौहार है। झारखंड में चलना है नृत्य और बोलना ही गीत यहां की संस्कृति है। इस संस्कृति को बचाए रखना झारखंडियों का दायित्व है।इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू , विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, इंद्र पूजा समिति के अध्यक्ष शिव नारायण साहू , मानकी राजेंद्र साही, अमरनाथ चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष जैलेंद्र प्रसाद, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहू, मुखिया दीपक बडाईक, अजय सिंह, हरिश्चंद्र महतो, परमेश्वर साहू , पुरोहित विजय शंकर दुबे , उपासक राजा शुक्ला, सत्यनारायण तिवारी, नोना पाहन, उमाशंकर साहू, कृष्णा पाहन, दुर्गा शंकर साहू, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, नीरज नायक, कुलदीप तिवारी, भीम मुंडा, सत्यम राज कुशवाहा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## रातू में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



नवीन मे संवाददाता

**रातू।** विश्व साक्षरता दिवस पर गुरुवार को प्रखंड सभागार में कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिशंकर बारीक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में श्री बारीक ने कहा कि समाजिक जीवन को व्यवस्थित रूप से जीने में शिक्षा की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं साक्षर होकर समाज मे कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रही है। समाज को स्वस्थ्य बनाने में महिला का अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम में अच्छे कार्य करने वाले साक्षरता कर्मी व प्रेरक को बीडीओ हरी शंकर बारीक ने डायरी व पेन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला प्रसार पदाधिकारी अर्चना सिंन्हा, पर्यवेक्षिका? रंजना कुमारी, बीपीएम दिपीका हेंब्रोम ,कमल कांत किंडो ,सुभान अंसारी, मीना देवी, सीमा देवी, निखहत परवीन, किरन देवी,सरफुल अंसारी, शांति बांडों व साक्षरता कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीपीएम तैयब अंसारी ने किया।

# न्यूज गैलरी

## सड़क में दुर्घटना में नाबालिग घायल

**पदमा।** पदमा राजा रामगढ़ किला के समीप गुरुवार को एक युवक बाइक की रफ्तार को संभाल नहीं सका और दुर्घटना ग्रस्त हो गई। दुर्घटना में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। समाजसेवी दिनेश मेहता ने तत्काल 108 नंबर पर कॉल कर घायल युवक को इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया। घायल युवक पदमा महावत मुहल्ला जुबेर वारसी पिता मो जावेद वारसी बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि इन दिनों ग्रामीण सड़को पर नाबालिग हाई स्पीड बाइक चला रहे हैं। पिछले वर्ष ही रेलवे स्टेशन के समीप सड़क पर दो बाइकों की सीधी टक्कर में तीन युवकों की जान चली गई थी। वहीं एक सप्ताह पूर्व पदमा हवा महल के समीप एक बाइक की सीधी टक्कर किसी वाहन से हो गई। घायल अवस्था में युवक को हजारीबाग और फिर वहां से रांची रेफर कर दिया गया जहां उसकी मौत हो गई। ग्रामीण सड़को पर युवाओं की हाई स्पीड बाइक चलाने की प्रचलन जारी है। इन युवकों को न पुलिस का डर न अपने माता पिता का भय लगता है। बिना लाइसेंस के युवक ग्रामीण सड़को पर हाई स्पीड बाइक चला रहे हैं और संतुलन बिगड़ते ही दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। लगतार हो दुर्घटना से पैदल चलने वाले यात्री भी सहमे हैं। पदमा ब्लॉक रोड और मेंन रोड पदमा इन जगहों पर पुलिस अगर इन हाई स्पीड बाइक चालको पर रोक नहीं लगती है, जांच नहीं करती है तो इन सड़कों दुर्घटनाएं होती रहेगी। वहीं युवाओं के माता पिता अगर अपने बच्चों पर कमांड नहीं रखते तो आये दिन अनहोनी होती रहेगी।

## यशवंतनगर पूजा पंडाल में बागबेड़ा के लाल बिल्डिंग की झलक दिखेगी

**हजारीबाग।** शहर के यशवंतनगर मुहल्ले में दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू हो गई है। यशवंतनगर, जयप्रभानगर, हनुमाननगर, खिरगांव, सिरका, सुभाषनगर के भक्तों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां 15 साल से मां दुर्गा की पूजा हो रही है। हर साल पंडाल के साथ नया प्रयोग किया जाता है। जिस कारण यहां का पूजा पंडाल खास होता है। दूर-दूर से लोग पंडाल में माता के दर्शन के लिए आते हैं। इस बार बागमेडा का लाल बिल्डिंग जो लोटस टेंपल की तरह दिखता है। इसकी झलक श्रद्धालुओं को देखने को मिलेगी। पूजा पंडाल 70 फीट का होगा। जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा। दुर्गोत्सव में आकर्षक विद्युत सज्जा से सराबोर करने की तैयारी की जा रही है। जिससे हजारीबाग बड़कागांव रोड में एक किलोमीटर तक क्षेत्र रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा उठेगा। आरती के समय ढाक के ताल इस उत्सव में श्रद्धा के रंग भरेंगे। जो पुरुलिया से मंगाया जा रहा है। सच्चिदानंद पांडे अध्यक्ष है।

## पूर्व विधायक ने हाथियों द्वारा किये फसलों व घरों के नुकसान का लिया जायजा

**बरकट्ठा।** प्रखंड़ अंतर्गत कुरचनो, छहिरामो, बनपुरा, बसरामो, बरकनगांगो, केंदुआटांड, छुतहरी कटिया समेत कई गांव में कुछ दिनों पूर्व हाथियों द्वारा मचाए गए उत्पात ने लोगों के फसलों व घरों को भारी मात्रा में नुकसान पहुंचाया ।इन पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने स्थलीय जांच की। विदित हो कि हाथियों द्वारा क्षेत्र के कई किसानों के फसलों को रौंदा गया है ।उन्हें तत्काल अम्बेडकर आवास और फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने को लेकर सबंधित अधिकारियों से पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने विस्तृत बातचीत की तथा मुआवजा देने की मांग की। मौके पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## वनागार डिपो का गेट बनते ही ध्वस्त, घटिया का खुला पोल

**चौपारण।** झारखंड सरकार के वन विभाग की ओर से संचालित जीटी रोड चौपारण के वनागार प्रक्षेत्र में बन रहे गेट बनते ही ध्वस्त हो गया। यह घटिया निर्माण कार्य का पोल खोल दिया। इस संबंध में वनागार डिपो के रेंजर कुछ भी बताने में हिचक रहे हैं। कहते है कि यह काम जिला के वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के संवेदक से करा रहे हैं। कितना का है और क्या बन रहा है इसकी जानकारी विभाग द्वारा नहीं दी गई। यहां हर वर्ष डिपो के लकड़ियो में आग लगने की शिकायत रहती है। अभी भी लकड़ी नीलामी की सूचना कार्यालय में नहीं रहती है। रात के अंधेरे में डिपो से लकड़ियों की नीलामी हो रही है। बताया गया कि वर्षो से एक ही रेंजर कार्यरत है। खुलेआम जंगलों से केंदू पत्ते की अवैध तोड़ाई में तस्करों के सहभागी बनते है। बेल पत्ते और अन्य जंगली कंद मूल की बड़े पैमाने पर चोरी हो रही है।

## खिरगांव कब्रिस्तान में लावारिस शव को दी मिट्टी

**हजारीबाग।** गुरुवार को सुबह सात बजे मुक्तिधाम सेवा संस्थान के नीरज कुमार एवं सीरत कमेटी ने सरदार चौक हजारीबाग के अध्यक्ष मोहम्मद मुर्तजा, सचिव शब्बीर खान एवं सदस्यों के सहयोग से एक अज्ञात मुस्लिम शव का मिट्टी मंजिल किया। खिरगांव कब्रिस्तान हजारीबाग के प्रांगण में मुस्लिम धमार्नुसार किया गया। ज्ञात हो कि पेलावल थाना की ओर से चार सितंबर को एक अज्ञात शव लावारिस अवस्था में छड़वा डैम के बाहर मिला था। इसे पोस्टमार्टम के बाद पहचान के लिए 72 घंटे मोर्चरी में रखने का निर्देश दिया गया। शव के पोस्टमार्टम के बाद ज्ञात हुआ कि शव मुस्लिम धर्म से संबंधित है। शव का अंतिम संस्कार मुस्लिम धमार्नुसार किया गया।

## ग्राम जल सहिया का धरना थाली बजाव आज

**चौपारण।** झारखंड प्रदेश ग्राम जल सहिया, हजारीबाग के नेतृत्व में नौ सितंबर को प्रखंड स्तरीय जल सहिया संघ के द्वारा छह सूत्री मांग को लेकर एक दिवसीय धरना थाली बजाकर दिया जाएगा। उक्त जानकारी संघ अध्यक्ष अनुसूलेखा देवी ने दी। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण ग्राम स्तर पर कार्यरत जल सहिया की स्थिति खराब हो रही है। विरोध के बाद भी सरकार मौन है। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार से जल सहिया को मानदेय, जल सहिया को दी जा रही राशि की नियमित करने, ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने की मांग की है। धरना में संघ के जिला अध्यक्ष सपना शर्मा, सचिव जयंती देवी सहित जिले के अधिकारी शामिल होंगे।

## आत्मा कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**हजारीबाग।** झारखंड आत्मा संघ के तत्वावधान में आत्मा कर्मी क अनिश्चितकालीन हड़ताल पिछले दो दिनो से जारी है। इस बाबत अपनी मांगों को लेकर कर्मियों ने जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय परिसर में धरना पर बैठ गए हैं। आत्मा हजारीबाग से जुड़े प्रखंड में कार्यरत सभी कर्मी आत्मा स्थानीय कार्यालय में पिछले तीन दिनों से धरना पर बैठे हैं। धरना पर बैठने से पहले झारखंड आत्मा संघ द्वारा राज्य सरकार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पत्र भी सौंपा था, जिसके अनुरूप तीन सितंबर को राज्य भर के कर्मी ने काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया था। आंदोलन के दूसरे चरण में सात सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल के तहत आत्मा कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे है।

## रूकने का नाम नहीं ले रहा है मवेशी की तस्करी, बड़ा बाजार पुलिस ने किया खुलासा

# 20 पशु लदे टाटा के एक 407 वाहन को किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में बेजुबान जानवरों का खरीद-फरोख्त रूकने का नाम नहीं ले रहा है। जिससे पशुओं की तस्करी अवैध रूप से बदस्तूर जारी है। पशु तस्कर कभी 407 वाहन तो कभी ट्रक और कंटेनर जैसे बड़े वाहनों में पशुओं की तस्करी में संलिप्त है। तथाकथित गौ रक्षक और जनप्रतिनिधियो के सामने बेजुबान पशुओं का गोरखधंधा लगातार जारी है। उनकी चुप्पी पर पशु प्रेमी सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि पशु तस्कर पशु क्रूरता अधिनियम की आए दिन धज्जियां उड़ा रहे हैं। गुरुवार को पशु तस्करी का खुलासा बड़ा बाजार पुलिस ने किया है। बड़ा बाजार टीओपी पुलिस ने गुरुवार को अहले सुबह डॉ जाकिर हुसैन मार्ग से



गश्ती के दौरान पशु लदे टाटा के एक 407 वाहन को जब्त कर लिया है।

जब्त किये वाहन में बीआर01जीके 9950 का नेम प्लेट लगा है, जबकि वाहन के मीरर के ऊपर मोर्या मोटर प्राइवेट लिमिटेड लिखा हुआ है। जिसमें 20 पशुओं को निर्दयता पूर्वक ठुस कर शहर की ओर लाया जा रहा था। थाना प्रभारी घनश्याम कुमार ने बताया कि पुलिस की गश्ती दल के रूकने का इशारा करते ही ड्राइवर और खलासी भाग निकला। पुलिस ने जब 407 वाहन की तलाशी ली तो उसपर 20 पशु बरामद किये गये जिन्हें पिंजरापोल गौशाला भेज दिया गया है। जब्त किये गये वाहन नंबर से इसके मालिक की तलाश की जा रही है। जैसे ही डीटीओ के यहां से वाहन के मालिक का नाम पता मिल जाएगा। वाहन मालिक ड्राइवर और खलासी के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## श्रम विभाग के अधिकारियों से मिलकर कुमकुम ने मुआवजे की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के घसकोडीह निवासी झारखंडी महतो की मौत प्रवासी मजदूर के रूप में मुंबई में बिजली करंट लगने से हो गई थी। परिजन लाचारी और गरीबी से परेशान होकर सरकारी सहायता हेतु जिप सदस्य कुमकुम देवी से संपर्क की। कुमकुम देवी ने श्रम विभाग हजारीबाग पहूंचकर अधिकारियों के समक्ष बात रखी। इस दौरान श्रम विभाग पदाधिकारियों ने कहा कि कागजात जमा करने के बाद सहयोग राशि मिलेगी। जिसके बाद कुमकुम देवी ने मृतक के परिजनों से मिलकर पूरी कागजत तैयार की। पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि पीड़ित परिवार को सहायता राशि दिलाने हेतु आगे कुमकुम देवी का प्रयास जारी रहेगा।



## पोस्ट व प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला कल्याण पदाधिकारी के निर्देशानुसार सभी शैक्षणिक संस्थानों को पोस्ट एवं प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से आच्छादित होने के लिए विभागीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीकरण हेतु निर्धारित समयावधि में आवेदन की प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाबत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रवृत्ति को लेकर ऑनलाइन प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया। स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए छात्राओं के पास आय प्रमाण पत्र 1 अप्रैल 2020 के बाद का ही मान्य किया जायेगा। आवेदन करने वाला छात्र झारखंड का स्थायी निवासी होना चाहिए। सामान्य वर्ग के छात्र इस योजना के लिए आवेदन नहीं कर पायेंगे। योजना के लिए ओबीसी, एससी या एसटी श्रेणी के ही अभ्यार्थी पात्र होंगे। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी का बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक होना चाहिए। आवेदक के परिवार की



वार्षिक आय 1 लाख से कम होनी चाहिए अगर वह छात्र ओबीसी वर्ग से है और वह छात्र जो एससी या एसटी की श्रेणी के अंतर्गत आता है साथ ही उनकी उनकी परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख से कम होनी चाहिए। 10 वीं या उससे ऊपर की कक्षा के विद्यार्थी झारखण्ड ई कल्याण स्कॉलरशिप योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते है। झारखंड ई कल्याण स्कॉलरशिप 2022 का लाभ वही छात्र ले सकते है जो इससे पहले किसी भी प्रकार की छात्रवृत्ति का लाभ नहीं ले रहे हो।

# युवा से लेकर बुजुर्ग कोरोनारोधी बूस्टर डोज लगाने से भाग रहे हैं पीछे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में भी कोरोना खत्म नहीं हुआ है। फिलहाल सात एक्टिव मरीज हैं जो होम आइसोलेशन में हैं। सोमवार और मंगलवार को कोरोना संक्रमित के एक-एक मरीज जांच के दौरान पाए गए हैं। कोरोना संक्रमण से लड़ने प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने मुफ्त में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बूस्टर डोज लगाई जा रही है। लेकिन 18 साल से अधिक आयु के लोग बूस्टर डोज लगाने में पीछे भाग रहे हैं। जबकि अभी मुफ्त में लगाया जा रहा है। जबकि 30 सितंबर के बाद बूस्टर डोज लगाने के लिए लोगों को पैसे देने पड़ेंगे। बावजूद बूस्टर डोज लेने के लिए ऐसे लोगों में उत्साह नहीं है। वहीं पहली और




दूसरी लहर में जान दांव पर लगाकर महती भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों और हेल्थ वर्कर बूस्टर डोज लगाने में आगे रहे हैं।

जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ कपिल मुनि कहते हैं कि जिले में दूसरा डोज लेने वाले आठ लाख तीन हजार चार लोग बूस्टर लगाने के पात्र हैं। जिसमें मात्र 71,623 लोगों ने बूस्टर डोज की खुराक ली है। इसे स्वास्थ्य विभाग की परेशानी बढ़ गई है। हैरत की बात यह है कि लोगों को प्रेरित किए जाने के बावजूद बूस्टर डोज लगाने आगे नहीं आ रहे हैं। जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर दस्तक दे रही है। डॉ कपिल मुनि ने जिले के लोगों से कोरोना डोज लेने की अपील की है। ताकि उसके संक्रमण से बचा जा सके।

## राजद की बैठक, विजय सिंह फिर प्रखंड अध्यक्ष बने

**मरकच्चो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सर्वोदय उच्च विद्यालय के खेल मैदान के समीप राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड इकाई की एक बैठक गुरुवार को राजद प्रदेश महासचिव डॉ जावेद अख्तर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मंजूर आलम ने किया। बैठक मे राजद प्रखंड अध्यक्ष मरकच्चो के चयन को लेकर किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज रज्जक, सचिन्द्र राणा और राजद के वरिष्ट नेता शिवनाथ यादव मौजूद थे। उक्त पर्यवेक्षकों के साथ साथ उपस्थित दर्जनों राजद नेताओं और कार्यकताओं ने सभा को सम्बोधित कर चुनाव को लेकर अपना अपना मंतब्य दिया। सर्व सम्मति से पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष बिजय कुमार सिंह का पुनः चयन किया गया। राजद के वरिष्ठ नेता सरफराज नवाज खान ने कहा कि पूर्व के राजद प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पार्टी मजबूत हुई है।

## श्रम की अवधि 8 से 12 घंटे करने से महिलाएं होंगी प्रभावित : मित्तल

**हजारीबाग।** केंद्र सरकार की ओर से तमाम क्षेत्रों में पूर्णकालीन रोजगार के स्थान पर संविदा रोजगार की नीति का विरोध किया है। बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग के मंडलीय महामंत्री जगदीश मित्तल ने कहा है कि संविदा पर कर्मचारियों को नौकरी पर रखने से उनका शोषण बढ़ेगा। उन्होंने काम के घंटें आठ से बढ़ाकर 12 घंटे करने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के चार नए श्रम संविदा से सबसे ज्यादा आघात महिलाओं की सेवा शर्तों पर पड़ने वाला है। केंद्र सरकार नयी श्रम संविदा में श्रमदान की अवधि को बढ़ा कर 12 घंटे करने जा रही है। ऐसे में महिलाओं को घर-परिवार और कार्यालय के बीच समय सामंजस्य स्थापना में काफी परेशानी झेलनी होगी। एक तरह से यह संविदा महिलाओं को शोषण के उसी दौर में ले जाने वाला होगा। उन्होंने एलआइसी के आइपीओ में एलाआइसी का सही सही मूल्यन नहीं करने का आरोप लगाया। साथ एलआइसी के मूल्य को बड़े घरानों के हित में कम करने का आरोप लगाया। इस अवसर पर कर्मचारी संगठन के जोनल संयुक्त सचिव हेमंत मिश्र, मंडलीय संयुक्त सचिव सुमित सिन्हा, नीरज, धर्मप्रकाश, दिलीप कुमार झा, मदन कुमार पाठक, रविंद्र प्रसाद एवं पूरी कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में चेस खेल की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में चेस खेल की शुरूआत हो गई। यहां नियमित रूप से छात्र-छात्राओं को चेस खेल की ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनर के रूप में नेशनल खिलाड़ी सुनील कुमार गुप्ता बच्चों को चेस के टिप्स बता रहे हैं। ट्रेनर सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि चेस दिमागी खेल है। इससे बच्चों के बुद्धि का विकास होता है। साथ ही इस खेल में बच्चे करियर भी बना सकते हैं। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को हर प्रकार के खेल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि शिक्षा के साथ-साथ उनका मनोरंजन भी हो सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय में क्रिकेट, वॉलीबॉल, तीरंदाजी, कबड्डी, खो-खो समेत अन्य खेलों पर ध्यान दिया जाता है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। मौके पर एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार, दीपक सर्राफ, जेपी सिंह, राकेश पांडेय, बैंड मास्टर प्रमोद सिंह के अलावा बच्चों में हर्षिता सिंह, सोनाली सुमन, घाटिका जैन, शीतल कुमारी, रिया कुमारी, रानी कुमारी, प्रिया श्रीवास्तव, आर्यन सिंह, सुमित कुमार, अविनाश कुमार हिमांशु, सौरभ कुमार मौजूद थे।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा स्नातक प्रतिष्ठा सत्र- 2019-22 तथा स्नातकोत्तर सत्र- 2020-22 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मण्डल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय की संकायाध्यक्ष सह मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्मृतिकना घोष, इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम और सहायक प्राध्यापक डॉ. ममता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। स्वागत भाषण में कुलसचिव ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे अपने कैरियर संबंधी मुद्दों पर गंभीरता से सोच-विचार कर ही निर्णय लें तथा उसमें आने वाली कठिनाइयों का साहस के साथ सामना करें, तभी सफलता उनके कदम चूमेगी। साथ ही विद्यार्थियों को



देश और समाज के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक बनने संबंधी कई प्रेरणादायक बातें कहीं। परीक्षा नियंत्रक ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी। विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम ने इतिहास विषय से जुड़े संभावित क्षेत्रों में कैसे अपना कैरियर बनाएँ, नई उपलब्धियाँ हासिल करें आदि विषयों पर विस्तार से बात कर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और उनका मार्गदर्शन किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कुछ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में पीयू प्रीति को मिस फेयरवेल और दिवाकर मांझी को मिस्टर फेयरवेल की उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह की संयोजक इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम और डॉ. ममता थीं। मंच संचालन विभाग की छात्रा सुष्मिता सोनी द्वारा किया गया। मौके पर डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा, डॉ. सत्येन्द्र, डॉ. मनमीत, अनाम ओहदार, महेश भगत, शंकर, स्वेता कुमारी सहित अन्य कई व्याख्यातागण उपस्थित रहे।

# आजसू छात्र संघ का प्रतिभा सम्मान समारोह 10 को

- समारोह में जिला व प्रखंड के टॉपर छात्र-छात्राओं को किया जायेगा सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय रामगढ़ में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी गई कि 10 सितंबर को पटेल छात्रावास में जिला एवं प्रखंड के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी देते हुए बिनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रभारी राजेश कुमार महतो ने कहा है कि मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह सुबह 11:00 बजे से आयोजित किया जाएगा।

जिसके मुख्य अतिथि




गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनीता चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, नगर परिषद अध्यक्ष योगेश वेदियां, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, सचिव लालचंद महतो सहित जिला एवं प्रखंड के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष देवा महतो ने कहा कि प्रत्येक वर्ष छात्र छात्राओं को सम्मान देने का काम हम करते हैं।

जिसमें छात्र-छात्राओं का मनोबल को बढ़ता है एवं छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य का कामना करता हूं। जिला सचिव सुबिन तिवारी ने कहां की इस तरह के आयोजन से छात्र छात्राओं में उत्साह बढ़ता है तथा आजसू छात्र संघ छात्र हित में हमेशा तत्पर रहता है और आगे भी रहेगा।

मौके पर मुख्य रूप से विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रभारी राजेश कुमार महतो, जिला अध्यक्ष देवा महतो, जिला सचिव सुबिन तिवारी, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंघानिया, चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार गिरी, छात्र नेता महेश महतो, पिंटू कुमार आदि उपस्थित थे।

## पचास प्रतिशत अनुदानित दर पर किसानों को मिलेगा सरसों व तोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**इचाक।** कृषि विभाग की ओर से जिला के इचाक प्रखंड में व्यापार मंडल के माध्यम से 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर किसानों को सरसों और तोरी उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें 38 क्विंटल भारतीय सरसों प्रभेद उषा मस्टर्ड -31 और तोरी पांच क्विंटल प्रभेद तपेश्वरी के बीज शामिल है। जो व्यपार मंडल के द्वारा किसानों को 4. 50 पैसे प्रति किलो की दर से आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनोद कुमार रवि ने बताया कि इसके लिए किसानों को पंजीयन कराना आवश्यक है। जो किसान आज तक पंजीयन नहीं कराए हैं वह अवश्य करवा लें। तभी उसका लाभ उन्हें मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम किसान योजना के लिए भी ईकेवाईसी का समय सीमा बहुत कम है जो किसान आज तक पीएम किसान



का केवाईसी नहीं करवाएं हैं वह तुरंत करवा लें तभी उन्हें पीएम किसान का लाभ मिल पाएगा अन्यथा वह लाभ से वंचित हो जाएंगे। पीएम किसान ईकेवाईसी अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र से करवा सकते हैं। व्यपार मंडल के अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि उक्त बीज हमारे यहां उपलब्ध है। किसान ब्लॉक चैन से पंजीयन करवा लें। उसके बाद किसान को आधार कार्ड, जमीन का रसीद लेकर आना होगा। उसके बाद उन्हें बीज उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए किसान बीएओ, बीटीएम या एटीएम से संपर्क कर सकते हैं।

## न्यूज गैलरी

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय में कैंप लगाकर परिवहन विभाग ने लोगों को दिया लर्निंग ड्राइविंग लाईसेंस



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय परिसर में जिला परिवहन विभाग ने कैंम्प लगाकर कुल 21 लोगों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाकर दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने बताया कि जिला परिवहन विभाग को अनुरोध किया गया था कि बोलबा में कैंम्प लगाकर लर्निंग ड्राविंग लाइसेंस बनाया जाय। जिसका पंचायत स्तर में भी प्रचार प्रसार किया गया किंतु आवश्यक कागजात सभी लोगों के पास नहीं था। जिस कारण सभी लोगो का लर्निंग नही बन पाया। अगली बार पुन: कैम्प लगाया जायेगा। जिसका ब्यापक रूप से प्रचार किया जायेगा। बताया गया कि अगली बार सभी लोग जन्म प्रमाण -पत्र, आधार कार्ड कार्ड ब्लड ग्रुप का पेपर लाना अनिवार्य होगा जबकि ऑनलाइन खर्च 710 रूपए लिया जायेगा इस मौके पर जिला परिवहन विभाग के टीम के साथ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, चन्दन कुमार चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कुआं में डूबने से पिता-पुत्र की हुई मौत

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बम्बलकेरा पंचायत अंतर्गत सिरिंगबेड़ा भंडारटोली गांव में कुएं में डूबने से पिता-पुत्र की मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा ।घटना के संबंध में थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने बताया कि मंगलवार की रात करमा महोत्सव मनाने के लिए 30 वर्षीय रामधन सिंह अपने 1 वर्षीय पुत्र के साथ पास के ही गांव गंझूटोली जा रहे थे इसी ।दौरान अंधेरे में कुआ का पता नहीं चला और कुँए में जा गिरा ।जिसके बाद आसपास मदद नहीं मिलने की वजह से दोनों ही पिता पुत्र की कुआं में डूब कर मौत हो गई ।दुर्घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है एवं पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा की हुई बैठक

**सिमडेगा।** भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला समिति की एक बैठक जिला कार्यालय में हुई जिसमें आने वाले दिनों में ओबीसी मोर्चा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रदेश द्वारा आयोजित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है इस पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश साहू ने की मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक सुभाष साहू दिलीप साहू मनोज साहू भोला साहू अनिल सिंह सूर्यनारायण साहू भरोषा माहतो रामकिशुन प्रसाद शाहदेव दास अशोक रजक चंदन लाल उपस्थित थे।

### जमीनी विवाद के कारण भाई ने की भाई की हत्या

**जलडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र के भीतबुना में जमीनी विवाद के कारण चचेरे भाई ने अपने ही भाई को कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार दोमो उर्फ दामोदर गोंड, पिता स्व बिशम्बर गोंड, उम्र लगभग 65 वर्ष नामक वृद्ध अपने घर में दोपहर लगभग 3 बजे सोया हुआ था, इसी बीच उसके चचेरे भाई मंगरू गोंड, पिता स्व हलधर गोंड, उम्र 62 वर्ष ने कुल्हाड़ी से मार कर दोमो गोंड की हत्या कर दी। घटना के बाद हत्यारा भाई तुरंत पंचायत के मुखिया बिपिन बडिंग के पास जाकर खुद को सरेंडर कर दिया।इधर घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर छोटा बाबू प्रदीप खलखो और रवींद्र कुमार पांडे दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। वहीं हत्यारा भाई को पुलिस हिरासत में लेकर थाना ले आई है, जहां से उसे जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

### शिक्षक संघ ने किया नये पदस्थापित बीईईओ को सम्मानित

**लोहरदगा।** लोहरदगा के सदर प्रखंड कार्यालय सभागार में मासिक गुरु गोष्ठी के मौके पर नए पदस्थापित बीईओ रामजीवन नायक का स्वागत झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुमताज अहमद, शिक्षक नेता अरुण राम ने किया। मौके पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी शिक्षक, कर्मी अपना दायित्व बखूबी विभागीय निदेशों के साथ निभाये मेरे जानिब से शिक्षकों की हर समस्या का हर सम्भव समय रहते निबटारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुमताज अहमद ने कहा कि आज की परिस्थिति में शिक्षकों को विद्यालय में एक साथ कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालयों में पर्याप्त मात्रा में शिक्षक नहीं है। एक साथ कई फरमानों का निबटारा करना पड़ता है। इन सारी चुनावतियों शिक्षक बखूबी अंजाम दे रहे हैं। मौके पर शिक्षक नेता अरुण राम ने कहा कि शिक्षक पाबंदी से स्कूल पहुँच रहे हैं। बायोमेट्रिक हाजरी भी लगा रहे हैं फिर भी शिक्षक को कहीं न कहीं दोषी समझना समझ से परे है। सेंट्रलाइज किचन से सप्लाई भोजन में गुणवत्ता लाने की बात कही। शिक्षक मनी उरांव नें भी शिक्षकों स्वछता प्रमाण पत्र समय पर निबटारा करने का बीईईओ से आग्रह किया। मौके पर एनामुल हक, मसूद आलम आलम बीपीओ मंजू कुमारी श्याम सिंह, गौतम यादव, अनन्त कुमार जितेंद्र मित्तल, सीमा कुमारी, तिरसंदा कुमारी, सुबोध कुमार, विशेषण भगत, अकबर अंसारी, अब्बास अंसारी, आदि मौजूद थे।

### 76 छात्राओं ने नेत्रदान का शपथपत्र भरकर नेत्रदान महादान कार्ड पाया



**लोहरदगा।** नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर 2022 तक भिन्न भिन्न स्कूलों मे नेत्रदान सत्र लगाकर जन जागरण अभियान चलाया गया। इस क्रम में एकलव्य आवासीय बालिका विद्यालय कुजरा मे 76 छात्राओं ने नेत्रदान का शपथपत्र भरकर नेत्रदान महादान कार्ड पाया। प्रधानाध्यापिका अमृता मिश्रा की हार्दिक इच्छा थी कि वो अपनी आंखें दान कर किसी की बेरंग जिंदगी मे रंग भर सके, लेकिन उन्हें पता नहीं था कि इस कार्य के लिए कहा जाए। इस तरह वह अपनी नेत्रदान शपथपत्र भरकर स्वास्थ्य विभाग के प्रति अपना आभार व्यक्त की, बच्चों को प्रोत्साहित की। बच्चों के बीच प्रतियोगिता आयोजित कर जिला अंधापन कार्यक्रम समिति लोहरदगा द्वारा 10 बच्चो के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेत्र सहायक विनय कुमार रवि एवं प्रस्तावना नेत्र सहायक अजीत कुमार द्वारा तथा स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापिका अमृता मिश्रा एवं शिक्षिका प्रिति गुप्ता द्वारा किया गया।

---

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत बुनियादी शिक्षा अभियान की हुई शुरूआत

# बच्चों के लर्निंग आउटकम को बेहतर करने की आवश्यकता है : आर. रॉनीटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत बुनियादी शिक्षा अभियान का शुभारंभ हुआ। जिसकी शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने शुरूआत की। बताया गया कि जिले के 132 विद्यालयों के 7800 छात्र-छात्राओं को अभियान से जोड़ा गया है। कोरोना महामारी के कारण शिक्षा की गुणवत्ता एवं बच्चों में शिक्षण की रूचि में कमी आंकी गई है। देश के 112 जिला आकांक्षी जिला की श्रेणी में शामिल है। सभी आकांक्षी जिलों में बुनियादी शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा मे अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के 100 दिवसीय कार्यक्रम के तहत बच्चों के बुनियादी साक्षरता, भाषा, ज्ञान एवं संख्यात्मक ज्ञान, पुस्तकालय, विद्यालय प्रबंधन समिति सहित बाल संसद के महत्व एवं भूमिका पर कार्य किया जाएगा। शिक्षा विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बुनियादी शिक्षा अभियान का क्रियान्वयन किया जाएगा। उपायुक्त ने बुनियादी शिक्षा अभियान के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि बच्चों के लर्निंग आउटकम को बेहतर करने की आवश्यकता है। बच्चों के पठन-पाठन की प्रणाली को गुणवता पूर्ण बनाना है। शिक्षा विभाग के बीईईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी बच्चों के बुनियादी शिक्षा के प्रति गहन रूप से कार्य करें। सरकार के द्वारा बच्चों के शिक्षा व्यवस्था पर राशि खर्च की जा रही है। स्वंय को बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु शिक्षण कार्य के प्रति सजग बनाये। सरकारी स्कूल में गुणवता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होने कहा कि अगर कोई बच्चा सरकारी स्कूल से पढ़कर आता है तो वो बच्चा अपने भविष्य को उज्जवल और बेहतर बना सकता है। प्रतियोगिता परीक्षा सहित नौकरी के अन्य आयामों में भी भाग ले सकता है। शिक्षा विभाग की टीम, पीरामल फाउंडेशन, बुनियादी शिक्षा अभियान की टीम को सरकारी विद्यालयों में गुणवतापूर्ण शिक्षा व्यवस्था पर जोर देने का निर्देश दिया। बच्चों में कॉन्फिडेंस की कमी है, इसे भी दूर करना है। बच्चों में बेसिक शिक्षा का होना अत्यन्त आवश्यक है, तभी बच्चे अगली कक्षा मे भी बेहतर रिजल्ट प्राप्त कर सकेंगे। उन्होने 132 विद्यालयों में बुनियादी शिक्षा अभियान का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी को समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। कार्य की रैंकिंग की जाएगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन की समीक्षा भी की जाएगी। अभियान का साप्ताहिक प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। बुनियादी शिक्षा अभियान के अन्तर्गत बानो प्रखंड से 18, बांसजोर प्रखंड से 6, बोलबा प्रखंड से 10, जलडेगा प्रखंड से 16, केरसई प्रखंड से 8, कुरडेग प्रखंड से 14, पाकरटांड़ प्रखण्ड से 8, सिमडेगा प्रखंड से 16 एवं ठेठईटांगर प्रखण्ड से 18 विद्यालय शामिल है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर संगा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन जी झा, जिला शिक्षा अधीक्षक बिनोद कुमार, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, बीईईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी, पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक दीपशिखा कुमारी, पीरामल फाउंडेशन के कुमार ताराचंद, गांधी फेलो रोहित राज, तनुमोय सेन, तनुश्री सरकार, सत्या सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थें।



# प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत का लॉन्चिंग कार्यक्रम आज




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत का लॉन्चिंग कार्यक्रम 9 सितंबर को मध्यान्ह के 12:30 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित है। जिसका उद्घाटन राष्ट्रपति महामहिम द्रोपती मुर्मु के हाथों से किया जाना है। इस कार्यक्रम में झारखंड के 4 जिलों को चयनित किया गया है। जिसमें गुमला, बोकारो, पश्चिमी सिम्भूम व पलामू शामिल है। जहां महामहिम के द्वारा इस कार्यक्रम का लॉन्चिंग सीधा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में गुमला जिला के गम्हरिया हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को मॉडल के रूप में चयनित किया गया है। इसके लिए सीएचओ अलका खलखो राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मु से ऑनलाइन मुखातिब होंगे। इस कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली गई है। कार्यक्रम को लेकर जिला यक्षमा पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिन्हा के द्वारा क्षेत्र में सघन द्वारा किया जा रहा है ताकि जिले से टीवी उन्मूलन किया जा सके। इस कार्यक्रम के मुख्य बातें टीबी उन्मूलन कार्य में सक्रिय भूमिका निर्वाहन हो सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरीय चिकित्सा परीक्षकों को लगाया गया है ताकि जिले से टीवी उन्मूलन हो सके एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना 2025 तक टीवी मुक्त भारत सरकार हो सके। इस कार्यक्रम में गुमला के वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सुधांशु मिश्रा द्वारा व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है ताकि टीवी मरीजों को बेहतर देखभाल पोषणयुक्त आहर मिल सके। एवं गुमला जिला टीवी मुक्त हो सके। वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षकओं के सुपरविजन के लिए जिला कार्यालय गुमला के सीनियर डॉट सुपरवाइजर उदय प्रताप ओहदार को लगाया गया है ताकि शत प्रतिशत कार्यक्रम की सफलता मिल सके।

---

पथ निर्माण से संबंधित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा, कहा

## सनई-हपाद पथ का निर्माण कार्य इसी माह प्रारंभ कराने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में गुरुवार को पथ निर्माण से संबंधित आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल, राष्ट्रीय उच्च पथ, पथ प्रमडल के द्वारा जिला में पथ निर्माण कार्य से सबंधित समीक्षा की गई और कार्यों को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। ग्रामीण कार्य विभाग (आरईओ) को सनई-हपाद पथ का निर्माण कार्य इसी माह प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। साथ ही, इस पथ में तीन उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण कार्य के लिए भी आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। देवदरिया-पतरातू पथ में अधूरे पांच किमी पथ के निर्माण कार्य हेतु आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ को बरही स्थित केंद्रीय विद्यालय मुख्य गेट के पास वाहनों की गति नियंत्रित किये जाने हेतु रबर रंबल स्ट्रिप और आवश्यक साइनेज लगाये जाने का निदेश दिया गया। पथ प्रमंडल लोहरदगा को सिठियो के पास कोयल नदी पर बने उच्च स्तरीय पुल का पहुंच पथ पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधामनंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत पथ सुदृढ़िकरण व पुल निर्माण, एससीए अंतर्गत प्रगतिशील योजनाओं, जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना अंतर्गत प्रगतिशील योजनाओं, ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल के मुख्यमंत्री ग्राम सेतु, एससीए अंतर्गत/जिला अनाबद्ध निधि से विकासशील योजनाओं आदि योजनाओं की समीक्षा की गई।

### अजय कुमार सिंह मेमोरियल कॉन्फ्रेंस हॉल का डीआईजी ने किया उद्घाटन

**लोहरदगा।** पुलिस उप महानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर अनीश गुप्ता द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय लोहरदगा में अजय कुमार सिंह मेमोरियल कॉन्फ्रेंस हॉल का विधिवत उद्घाटन किया गया तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया गया। पुलिस उप-महानिरीक्षक द्वारा कॉन्फ्रेंस हॉल को काफी सराहा गया तथा भविष्य में इस तरह की पहल पुलिस केंद्र लोहरदगा में भी करने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, समादेष्टा 158 सीआरपीएफ एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। पुलिस उप महानिरीक्षक अनीश गुप्ता द्वारा जिले की विधि व्यवस्था के संबंध में भी पुलिस अधीक्षक से जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा कॉन्फ्रेंस हॉल की उपयोगिता के बारे में पुलिस उप-महानिरीक्षक महोदय को विस्तार से बताया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर स्वागत कक्ष के बारे मे एवं इसकी कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय आगमन पर पुलिस उप-महानिरीक्षक को लोहरदगा जिला बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## खनन विभाग ने पालामाड़ा नदी से बालू उठाव करते दो ट्रैक्टर किये जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में एनजीटी कानून लागू है जहां पर बारिश के बीच नदियों से बालों का उठाव पूरी तरह से वर्जित है इसके बावजूद बालू माफियाओं के द्वारा चोरी-छिपे नदियों से बालू उठाव करने का काम कर रहे हैं। गुरुवार को खनन विभाग के द्वारा पुलिस लाइन के समीप पालामाड़ा नदी घाट से अवैध रूप से बालू का उठाव करते हुए दो ट्रैक्टरों को जप्त करते हुए थाना को सुपुर्द किया है। जानकारी देते हुए खनन निरीक्षक गणेश चंद्र परिडा ने बताया कि लगातार बार-बार लोगों को चेतावनी देने के बावजूद अवैध रूप से बालू की उठाव कर रहे हैं जिसकी सूचना पर दो ट्रैक्टरों को जब्त करते हुए खनन अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार ने कहा है कि लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाई जा रही है ताकि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से खनन कार्य ना कर सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि अवैध रूप से खनन कार्य करने वाले लोगों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इधर खान विभाग ने सिमडेगा थाना में खनन अधिनियम के तहत दोनों ट्रैक्टर के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।



## डॉ. सिन्हा ने चैनपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला-स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार सिन्हा ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में प्रसव की दयनीय स्थिति पर चिंता जताई गई एवं कहा गया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाएं। डॉ सिन्हा प्रसव कक्ष वार्ड एवं अन्य भवनों का निरीक्षण किया पाया गया कि समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में भवन की कमी है साथ में जो भवन है उसकी जर्जर स्थिति है। जिसके कारण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। डॉ सिन्हा ने टीवी उन्मूलन कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया जिसके तहत प्रयोगशाला एवं ट्रूनेट लैब का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। डॉ सिन्हा ने टीवी उन्मूलन के दिशा में सक्रिय होकर जिले से टीवी उन्मूलन के कार्य पर बल दिया। इस निरीक्षण कार्यक्रम में उनके तकनीकी टीम में पवन कुमार, उदय ओहदार शामिल थे। डॉ सिन्हा ने कहां की रिमोट इलाका चैनपुर में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जहां कार्य करना अपने आप में चैलेंज है मगर रिमोट इलाका के लोगों को बेहतर सुविधा मिले इसके लिए स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है। चैनपुर में ही यहां के लोगों को बेहतर सुविधा मिले इसके लिए स्वास्थ्य विभाग कार्य कर रहा है।



### सिमडेगा ठाकुर टोली में कुआं में डूबने से युवक की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के ठाकुर टोली में कुएं में गिरने से युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान पंकज माझी के रूप में हुई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस शव को कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दयानंद कुमार ने बताया के परिजनों से पूछताछ के दौरान पता चला कि बुधवार को एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में गया था आने के बाद शराब का सेवन किया उसके बाद उसे उल्टी होने लगी उल्टी करने के लिए घर से बाहर निकला उसके बाद गायब हो गया परिवार वाले काफी खोजबीन किया था पता नहीं चला सुबह उसका शव कुएं में दिखाई दिया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी इधर पुलिस यूडी केस दर्ज करते हुए मामले की आगे की कार्रवाई में जुट गई।

---

जया किशोरी ने श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से लोगों में भगवान के प्रति भक्ति का संचार किया, कहा

# यदि स्वर्ग चाहिए तो पुण्य कर्मों के साथ मृत्यु को तो पाना पड़ेगा





- सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन जया किशोरी ने वामन अवतार व राजा अम्बरीष का प्रसंग सुनाई
- श्रीमद्भागवत कथा को सुनने के लिए पहुंचे राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख

**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में साहू परिवार और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को कथावाचिका जया किशोरी ने वामन अवतार का प्रसंग सुनाई। इस क्रम में जया किशोरी ने राजा अम्बरीष और दानवीर राक्षसराज बलि की भी कथा सुनाई। इस दौरान भगवान के वामन अवतार का प्रत्यक्ष दर्शन उपस्थित लोगों को हुआ। भगवान के वामन अवतार के रूप में बाल स्वरूप में मनमोहक छवि वाले बालक को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। जया किशोरी ने श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से लोगो मे भगवान के प्रति भक्ति का संचार किया। इससे पूर्व पूज्या जया किशोरी जी के कार्यक्रम स्थल व्यास मंच में आगमन होते हीं भक्तों के जयकारे से वातावरण गूंज उठा, भक्तों ने ताली बजाकर स्वागत किया माहौल भक्तिमय हो गया। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पूज्या जयाकिशोरी जी को अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनन्द किया। जया किशोरी ने वामन अवतार के संदर्भ में बताया कि राजा बलि स्वर्ग पर स्थायी अधिकार जमाने के लिए अश्वमेध यज्ञ करा रहा है। यह जानकर वामन के रूप में श्री विष्णु वहां पहुंचे। राजा बलि ने उन्हें एक उत्तम आसन पर बिठाकर उनसे भेंट मांगने के लिए कहा। इस पर वामन चुप रहे। लेकिन जब बलि के पुनः आग्रह पर उन्होंने अपने कदमों के बराबर तीन पग भूमि भेंट में मांगी। राजा बलि ने हाथ में जल लेकर तीन पग भूमि देने का संकल्प ले लिया। संकल्प पूरा होते ही वामन का आकार बढ़ने लगा और वे वामन से विराट हो गए। उन्होंने एक पग से पृथ्वी और दूसरे से स्वर्ग को नाप लिया। तीसरे पग के लिए बलि ने अपना मस्तक आगे कर दिया। वह बोला प्रभु सम्पत्ति का स्वामी सम्पत्ति से बड़ा होता है।

तीसरा पग मेरे मस्तक पर रख दें। सब कुछ गंवा चुके बलि को अपने वचन से न फिरते देख वामन प्रसन्न हो गए। उन्होंने ऐसा ही किया और बाद में उसे पाताल का अधिपति बना दिया और देवताओं को उनके भय से मुक्ति दिलाई। धर्म कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भोजन, शादी, मृत्यु और सत्संग में बदली नहीं चलती। इन चीजों का फल पाने के लिए कर्म भी आपको ही करना होगा। स्वर्ग मरने पर ही मिलता है। यदि स्वर्ग चाहिए तो पुण्य कर्मों के साथ मृत्यु को तो पाना पड़ेगा। राजा बलि व वामन अवतार की कथा में कहा कि जब-जब धरती पर पाप बढ़, तब-तब प्रभु ने अवतार लिया। नारद मुनि व युधिष्ठर के बीच चर्चा की प्रसंग कहते हुए धर्म की कथा कहते हुए घर्म के पांच लक्षण बताए। सत्य, दया, पवित्रता, संतोष और दान। वही उन्होंने राजा अम्बरीष के विषय में बताया कि उनका मन सदा के लिए कृष्ण के श्री चरणकमलों में लगा हुआ था, वाणी उन्हीं के गुणानुवाद (गुणों के वर्णन) में लगी रहती थी। जिनके हाथ जब भी उठते श्रीभगवान के मंदिर के सफाई के लिए ही उठते, और कान सिर्फ भगवान कि कथा सुनने को आतुर रहते थे। आँखें सदैव हरि मूर्ति दर्शन को प्यासी रहती थी और अपने शरीर से भक्तों कि सेवा में ही लगे रहना चाहते थे । उनकी नासिका भगवान के श्रीचरणों में चढ़ी हुई श्रीमती तुलसी देवी के सुगन्ध लेने में तथा अपनी जिह्वा के स्वाद के लिए भगवान को अर्पित नैवेद्य के स्वाद में लगा दिया।

अपने पैरों को उन्होंने तीर्थ दर्शन हेतु पैदल चलने में लगा दिया और सिर तो सदैव भगवान के श्रीचरणों में झुके ही रहते थे। माला, चन्दनादि जो भी दिखावे अथवा भोग सामग्रियां जो भी थीं, वे सब उन्होंने भगवान के श्रीचरणों में अथवा अलंकार हेतु समर्पित कर दिया और भोग भोगने अथवा भोगों की प्राप्ति हेतु नहीं, अपितु भगवत्चरणों में निर्मल भक्ति की प्राप्ति हेतु अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, साहू परिवार से शैफाली साहू, अरुणा साहू, धीरज प्रसाद साहू, मनु साहू, राहुल साहू, वंदना साहू, हर्षित साहू, रुचि साहू, राजश्री साहू, हंसा साहू, शेरी मुनी साहू, नेहा साहू, मदन मोहन शर्मा, सचिदा चौधरी, संजय बर्मन, निशिथ जायसवाल, संदीप कुमार, अरुण राम, सहित शहर के भक्त जन उपस्थित थे।

### कृष्ण जन्मोत्सव की कथा पर झूम उठे श्रोतागण

**भक्तिमय** उत्सव, हर भक्त के मुख पर जय श्रीकृष्ण के जयकारे। उत्सव में झूमते नाचते श्रद्धालु। खुशी में बटते उपहार। मानों लोहरदगा ललित नारायण स्टेडियम परिसर गोकुल धाम बन गया। हजारों भक्तों से खचाखच भरे पंडाल में दोनों हाथों को ऊपर उठाए भक्ति में डूबे श्रद्धालु गोपी और सखा का रूप लग रहे थे। ललित नारायण स्टेडियम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक जया किशोरी जी ने व्यासपीठ से बैठकर गुरुवार को श्रीराम व श्री कृष्ण जन्म के साथ वामन अवतार व धर्म की कथा का वर्णन किया। नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की। जैसे बधाई गीतों पर पूरा पंडाल पीला वस्त्रों में भक्त जन नाचते गाते नजर आए। यह नजारा श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का था। श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन गुरुवार को कर्मयोगी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े आनंद और हर्षोल्लास के साथ धूम-धाम से मनाया गया। कंश के कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। भगवान कृष्ण जन्मोत्सव में नन्हें बालक ने भगवान कृष्ण का रूप धारण कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सभी ने कृष्ण जन्म का आनंद लिया। कथा वाचक जया किशोरी के भजनों पर नृत्य करते हुए पुष्प वर्षा कर मिठाईयां बांटी गई। उन्होंने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर कोई संकट आता है, दुष्टों का अत्याचार बढ़ा है तो भगवान अवतरित होकर उस संकट को दूर करते हैं। भगवान शिव और भवगान विष्णु ने कई बार पृथ्वी पर अवतार लिए हैं। भक्तों की पुकार पर दैत्य दानवों के संहार के लिए भगवान स्वयं धरती पर प्रकट हुए और दुष्टों का हर युग में संहार किया।

## न्यूज गैलरी

### सदर अस्पताल में फिर से खुला मेडॉल जांच घर




**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए फिर से मेडॉल जांच घर खुल गया है। जिससे मरीजों को जांच कराने में काफी सुविधा हो रही है। जानकारी के अनुसार पहले मेडॉल पुराना महिला वार्ड के तरफ शिफ्ट किया गया था। जिसके वजह से मरीजों को मेडॉल जांच घर का पता लगाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लोग जांच कराने के लिए इधर-उधर भटकते रहते थे। वहीं मेडल के मैनेजर देवांशु ने बताया कि अस्पताल में मेडॉल जांच खुलने से मरीजों को काफी सुविधा हो रही है। लोगों का राशन कार्ड से फ्री में जांच किया जा रहा है। वही मेडॉल जांच घर में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर सुमित कुमार ने बताया कि मेडिकल जांच घर में सही तरीके से लोगो की जांच हो रही है।

### इप्टा के कार्यक्रम में सामूहिक चर्चा का आयोजन

**मेदिनीनगर।** महिलाओं पर हो रहे लगातार अत्याचार को लेकर स्थानीय इप्टा कार्यालय रेड़मा में बुधवार की शाम एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी इप्टा एवं प्रलेस की पलामू इकाई द्वारा आयोजित सीरियल महिला अत्याचार के दौर में हमारी भूमिका विषय पर आयोजित किया गया। सामूहिक बातचीत कार्यक्रम की अध्यक्षता अंशु आर्ट के कला गुरु आशा शर्मा और संचालन इप्टा के रंगकर्मी प्रेम प्रकाश ने किया। गोष्ठी में इस बात पर विचार किया गया कि अंकिता के साथ दुष्कर्म करने वाला अपराधी जब गिरफ्तार होता है तो उसके चेहरे पर भय और शर्म के बजाय मुस्कुराहट आखिर किसके कारण होती है। जब किसी अपराधी को महिमामंडित करते हैं तो एक दूसरा अपराधी पैदा करते हैं। सवाल सिर्फ इतना ही नहीं है हमारे समाज में जेंडर बायसनेस कूट-कूट कर भर दिया गया है। जिसका नतीजा है कि अपराधी मुस्कुराता है और पीड़िता न्याय की गुहार लगाती रहती है। हमें अपनी सोच को बदलना होगा। कार्यक्रम के दौरान समृद्धि मिशन के शीला श्रीवास्तव, प्रोफेसर सरिता कुमारी, रंजीता कुमारी, अंशु आर्ट के आंचल गुप्ता, प्रीति कुमारी, साक्षी, वरिष्ठ पत्रकार गोकुल वसंत, प्रलेस के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, डॉक्टर इंतखाब असर, अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह, इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार, प्रांतीय महासचिव उपेंद्र कुमार मिश्रा एवं एआईएसएफ के विदेशी पांडे ने अपने विचार व्यक्त किये।मौके पर कार्यक्रम में इप्टा के संगीत निर्देशक विकास कुमार पप्पू, अजीत कुमार, भोला कुमार, घनश्याम कुमार, मनीष कुमार, प्रलेस के सचिव नुदरत नवाज, पवन कुमार, रिया कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुसहर जाति के विकास के लिए सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया: शत्रु

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि मुसहर प्रताड़ना कांड के बाद भले ही मुरुमातु राजनीतिक पर्यटन का केन्द्र बन गया है। लेकिन यह सच्चाई है कि अलग राज्य बनने के बाद से लेकर अभी तक की सभी सरकारों ने मुसहर जैसी कई उपेक्षित जातियों के आर्थिक,समाजिक व शैक्षणिक विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि मुस्लिम समाज द्वारा अंजाम दिए गए इस घटना को साम्प्रदायिक रुप देनेवाली भाजपा के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से लेकर रघुवर दास तक की सरकार के एजेंडे में कहीं भी मुसहर जैसी उपेक्षित जातियों को बसाने,उनके आर्थिक जीविकोपार्जन की व्यवस्था करने के लिए विशेष तौर पर स्कूल,आंगनबाड़ी व अस्पताल आदि की व्यवस्था करने पर जोर नहीं दिया गया। कारपोरेट घरानों, के पूंजिपतियों व सामंती मनुवादियों के प्रति समर्पित भाजपा ने झारखण्ड के जल,जंगल,जमीन व खनिजों को बेचने के अलावा झारखण्डी समाज में व्याप्त भाईचारे को समाप्त करने में अपनी सारी ऊर्जा लगाई है। आज अगर मुरुमातु कांड को मुस्लिमों ने अंजाम नहीं दिया होता तो यह घटना राष्ट्रीय सुर्खियों में स्थान नहीं पाता।

### मानव तस्करी की शिकार झारखंड की दो बच्चियों को दिल्ली में कराया मुक्त

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक/बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वास किया जा रहा है। इसी कड़ी में मानव तस्करी की शिकार झारखंड के गोड्डा जिले की दो बच्चियों को दिल्ली में मुक्त कराया गया है। मालूम हो कि मानव तस्करी पर झारखंड सरकार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग काफी संवेदनशील है। ऐसी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई उसी का नतीजा है। आईआरआरसी द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 10582 पर गुप्त सूचना से यह पता चला था कि झारखंड के गोड्डा जिले की दो बच्चियों को नयी दिल्ली में बेच दिया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई कर रात्रि 11 बजे स्थानीय पुलिस की मदद से छापेमारी कर एक अपार्टमेंट से दोनों बच्चियों को सकुशल मुक्त करा लिया गया। बता दें कि दोनों नाबालिग बच्चियों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी में प्रस्तुत कर उनकी लगातार काउंसेलिंग की जा रही है।

### पैसेंजर ट्रेन से गिरने से छात्रा घायल

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी रेलवे स्टेशन में आज सुबह डेहरी ऑन सोन बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन से उतरने के दौरान पैर फिसलने से गिरने के कारण छात्रा प्रीति कुमारी उम्र 19 वर्ष पिता रामलाल रजक गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छात्रा प्रीति कुमारी बेतला निवासी प्रतिदिन ट्यूशन पढ़ने के लिए डाल्टेनगंज जाती थी और ट्यूशन पढ़कर नियमित रूप से बीड़ी सटल सवारी गाड़ी से वापस आती थी इसी क्रम में गुरुवार को वह ट्यूशन पढ़कर लौट रही थी और केचकी रेलवे स्टेशन में उतरने के दौरान पैर फिसलने से गिर कर घायल हो गई। ट्रेन से गिरने के उपरांत ड्यूटी पर तैनात वहां मौजूद आरपीएफ के कांस्टेबल आरडी राम व स्टेशन मास्टर ने उसकी सुधी लेते हुई तत्काल 108 एंबुलेंस के माध्यम से बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉअनुपमा एकका, सीएचओ आभा कुमारी, ड्रेसर राजेश चंद्र बबलू सूरज कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया गया।

## सरकारी राशन के कालाबाजारी के विरुद्ध छापामारी

# सरकारी राशन की अवैध रुप से खरीद-बिक्री पर अंकुश लगाने को लेकर प्रशासन सख्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** गुरुवार को दोपहर सरकारी राशन के कालाबाजारी कि गुप्त सुचना पर अचानक पड़े छापे से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। सरकारी राशन की अवैध रुप से खरीद-बिक्री पर अंकुश लगाने को लेकर प्रशासन सख्त हो गई है। गढ़वा एसडीएम राज महेश्वरम के नेतृत्व मे रमना के तीन दुकानों मे सरकारी राशन की खरीद-बिक्री किए जाने के सूचना के आलोक मे छापेमारी किया गया। जिसमे शहिद भगत सिंह के पास रमना -डंडई रोड़ मे हिरा सोनी के व्यवसायीक प्रतिष्ठान के साथ-साथ राज्यकिय मध्य विद्यालय सिलीदाग- एक के बगल मे यादव भवन मे अवस्थित गोदाम मे भी छापेमारी किया गया,दुकान और गोदाम मे पाए गए चावल और गेहू के खरीद बिक्री से संबंधित कागजात मांगने पर किसी प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध नही कराने पर दुकान और गोदाम को सील कर दिया गया। जबकि भागोडीह रोड़ मे संतोष कुशवाह के दुकान मे भी जांच पड़ताल किया गया। इस छापेमारी अभियान मे रमना सीओ सतीश कुमार सिन्हा,बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, पंचायती राज प्रवेक्षक विक्रांत चौधरी, सहायक गोदाम प्रभारी अजीत कुमार, प्रधान सहायक रामानुज शुक्ल व रमना थाना के पुलिसबल मौजूद थे।

### लूट और कोयले पर छापा की हो रही है चर्चा

सरकारी राशन के अवैध खरीद बिक्री को लेकर प्रशासन के द्वारा रमना मे चलाई गई छापेमारी अभियान की चारो ओर चर्चा है और जितनी मुह उतनी बाते हो रही। चर्चाओ पर भरोसा करे तो रमना मे पिछले कई साल से बड़े पैमाने पर सरकारी राशन की खरीद बिक्री बदस्तूर जारी है। इस पर अंकूश लगाने के उद्देश्य से प्रशासन के द्वार कभी कभार छापेमारी,दुकान सील की प्रक्रिया करती है। कुछ दिन तक सब समान्य रहता फिर गाड़ी पुराने लिक पर चल पड़ती है। दबे जुबान चर्चा है कि सरकारी राशन की खरीद बिक्री के धंधे में कई पुराने और घाघ खिलाड़ी मौजूद हैं। जिनको तथाकथित सफेदपोस और अघोषित रुप से प्रशासन का भी आशीर्वाद प्राप्त है । लोगो में यह चर्चा हैं कि जो बड़े पैमाने पर कालाबाजारी करते हैं उन पर कोई कारवाई नहीं और जो छोटे हैं उनपर कारवाई कि जा रही हैं।

## फ्लाइ-ओवर को लेकर कांटाटोली की यातायात व्यवस्था में हुआ बदलाव

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के बहुबाजार से कोकर तक बन रहे फ्लाइओवर को लेकर कांटाटोली की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसके तहत शुक्रवार से मुंडा चौक की तरफ से आने वाले ऑटो व ई रिक्शा को कांटाटोली चौक में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है। वहीं किसी भी क्षेत्र से दिन में कांटाटोली चौक तक बसें को भी आने की अनुमति नहीं होगी। कांटाटोली खादगढ़ा बस स्टैंड से बसें निकलेगीं, जो नामकुम दुर्गा सोरेन से खेलगांव व अन्य इलाकों की तरफ जाएंगी। ट्रैफिक पुलिस की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव ने बताया कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गति के हिसाब से ट्रैफिक रूट में बदलाव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कांटाटोली चौक में बाइक से लेकर बड़े वाहन तक के प्रवेश पर रोक लगायी जाएगी। इसका भी ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया है। निर्माण कार्य के हिसाब से इसे जारी किया जाएगा। बिरसा चौक, सुजाता चौक, मुंडा चौक की ओर से कांटाटोली चौक की ओर आने वाले ऑटो व ई रिक्शा का परिचालन बहुबाजार तक होगा। यहां से ऑटो और ई रिक्शा, संत पॉल्स कॉलेज, कर्बला चौक, मिशन चौक, प्लाजा चौक, न्यूक्लियस मॉल होते हुए गंतव्य तक जाएंगी। रेडियम चौक, न्यूक्लियस मॉल चौक, लालपुर चौक की ओर से कांटाटोली चौक होकर बहुबाजार, मुंडा चौक होते हुए ऑटो व ई रिक्शा जाएंगे।

### बहुबाजार में निर्माण कार्य शुरू होने पर ऐसी होगी व्यवस्था

बहुबाजार बिशप स्कूल के पास फ्लाईओवर निर्माण कार्य शुरू होने पर बिरसा चौक, सुजाता चौक, मुंडा चौक की ओर से तरफ से आने वाले बाइक से लेकर कार को बहुबाजार चौक से कर्बला चौक वाले रास्ते से संत पॉल्स स्कूल के सामने से बसरटोली होते हुए बिशप स्कूल के पास निकल कांटाटोली चौक के रास्ते अपने गंतव्य तक जाएंगे।

बहुबाजार से बसरटोली रास्ते में वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

## श्री केंद्रीय महासमिति करेगा डांडिया व गरबा का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा इस बार डांडिया और गरबा का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष दुर्गाजौहरी ने गुरुवार को जय भवानी चौक स्थित रिलेक्स इन होटल में संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि नवरात्रि में दो अक्टूबर से पांच अक्टूबर तक शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में महासमिति के द्वारा गरबा व डांडिया का आयोजन किया जायेगा। वहीं एक दिन सार्वजनिक जगह पर सामूहिक रुप से डांडिया का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिन महासमिति के द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी।जो रेड़मा ठाकुरबाडी. से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्ग से गूजरते हूए कोयल तट स्थित दुर्गाबाड़ी में समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के समापन के बाद इस वर्ष की पूजोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। मौके पर महासमिति के महामंत्री प्रभाष दास गुप्ता, उपाध्यक्ष ललन प्रसाद सिन्हा, नवीन तिवारी, हरिशंकर सिंह, मनीष भिवानियां, ब्रजेश शुक्ला, राजेन्द्र सिन्हा, चंदन तिवारी, कमल गुप्ता, ब्रजेश शुक्ला, किरण देवी, सुधीर सौंडिक, सतीश तिवारी, संजय राज, सुनील ठाकुर व राजकुमार वर्मन शामिल थे।

## बाल संरक्षण का कार्य सभी समन्वय के साथ करें : आयुक्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बाल संरक्षण समाज, समाजिक संगठन एवं सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। सभी समन्वय के साथ कार्य करें, तो बच्चों का भला होगा। बच्चों को अपराध से बचाने एवं उनका संरक्षण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। बच्चों एवं समाज के लोगों को जागरूक कर उनकी सुरक्षा के लिए कारगर प्रयास किए जा सकते हैं। यह बातें आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे आज चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) द्वारा बाल देखरेख संस्थान में बच्चों के गुणात्मक देखभाल, शीघ्र पुनर्वासिन एवं संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा विषयक दो दिवसीय प्रमंडल स्तरीय कार्यशाला में बोल रहे थे। कार्यशाला का आयोजन होटल चंद्रा रेजीडेंसी में किया गया ।आयुक्त ने कहा कि मानवता की सेवा बहुत बड़ी सेवा है। बाल सुरक्षा से आपको जीवन में बड़ी खुशी मिलेगी। इसमें रूचि रखें और क्षेत्र के बच्चों के हित एवं उनकी सुरक्षा के लिए अवश्य काम करें। कार्यशाला में पलामू की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने कहा कि कार्यशाला से हम सभी लोग जागरूक हो और बच्चों के मुद्दे पर संवेदनशील होकर कार्य करें। वहीं कार्यशाला के उद्देश्यों से लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं उनके हित में अन्य प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाइल्ड फ्रेंडली कम्युनिटी से बच्चों में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि परिवार से जुड़ कर रहे हैं, बच्चे परिवार, समाज के माहौल में पले-बढ़े, तो उनके एवं समाज के लिए हितकारी होगी। इसके लिए स्थानीय स्तर पर सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उन्हें समृद्ध करना हम सबकी जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में सिनी झारखंड की शिल्पा जयसवाल और सौमी चक्रवर्ती, बाल गृह पलामू के अधीक्षक श्याम बाबू, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार, संरक्षण केडी पासवान सहित पलामू प्रमंडल क्षेत्र के जिलों के बाल संरक्षण पदाधिकारी, परिवीक्षा अधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्य, जिलों में संचालित बालगृहों एवं चाइल्डलाइन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि देने पहुंचे पूर्व विधायक सह भाजपा जिला अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**मनिका(लातेहार)।** मनिका मंडल के मुख्यालय स्थित स्व० राजेश्वर प्रसाद यादव जी के आवास में तीसरी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देने पूर्व विधायक सह भाजपा जिला अध्यक्ष हरि कृष्ण सिंह पहुंचे। जी ने कहा स्वर्गीय राजेश्वर प्रसाद यादव जिले के प्रथम भाजपा जिला अध्यक्ष थे उन्हें लोग भीष्म पितामह के नाम से जाने जाते थे साथ में कहा कि हमारे अभिभावक के रूप में उन्होंने मुझे राजनीतिक में उंगली पकड़ के चलने को सिखाया आज भी उनके सीख में चलता हूं और हमेशा उनके बातों को भूल नहीं सकता उन्हीं के मार्गदर्शन में यहां तक मैं पहुंचा हूं। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री रघुपाल सिंह जी व श्री महेश सिंह जी, वरिष्ठ नेता गंगा प्रसाद यादव, रघुनंदन प्रसाद यादव, बली यादव जी,श्री दरोगी यादव, सुरेन्द्र पासवान, सिंजो ग्राम प्रधान मुनेश्वर यादव, जिला कार्य समिति सदस्य श्री कौशल किशोर प्रसाद व शंकर दुबे , मनिका प्रमुख प्रतिमा देवी, मनिका मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्री सुमंत यादव जी, ओबीसी जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप कुमार जी,बरवाडीह मंडल महामंत्री श्री प्रदीप सिंह, मंडल महामंत्री मनदीप कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विकास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक में बोले डीसी

# प्राथमिकता के साथ दें सरकारी योजनाओं का लाभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में कल्याण विभाग/ आइटीडीए से संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने छात्रवृत्ति वितरण, छात्रावासों के जीर्णोद्धार, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना समेत अन्य के क्रियान्वयन की जानकारी लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अब तक हुए मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, छात्रवृत्ति भुगतान की जानकारी लिया। छात्रों से प्राप्त दस्तावेज की अच्छे से जांच कर ससमय छात्रवृत्ति भुगतान का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय,छात्रावास व कल्याण अस्पताल का निर्माण एवं जीर्णोद्धार की भी समीक्षा किया और जीर्णोद्धार कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कल्याण विभाग की योजनाओं में गति देने एवं लगातार उनकी मॉनीटरिंग करते रहने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग एवं आईटीडीए से संचालित योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें, ताकि अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के व्यक्तियों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। आगे उन्होंने कहा कि निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन हो इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पदाधिकारी एवं कार्यकारी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता योजनाओं की गुणवत्ता की जांच करें। विशेष प्रमंडल से संचालित योजनाओं की समीक्षा एवं प्रगति की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में आइटीडीए निदेशक श्री विन्देश्वरी ततमा, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, बीओ, बीपीओ आदि उपस्थित थे।

### खैरवा गांव की जच्चा और बच्चा की मौत, गांव में मातम

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के खैरवा गांव निवासी प्रमोद यादव की पत्नी सविता देवी की मौत बुधवार की देर रात्रि में हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सविता देवी बुधवार को हेल्थ एंड वेंलनेथ सेंटर पाचाडुमर में प्रसव के लिए भर्ती हुई थी। जहां प्रसव में विलंब होते देख एएनएम राजकुमारी देवी के द्वारा सबिता देवी को बुधवार की शाम रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजनों के द्वारा निजी वाहन से प्रसुता को गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्रसुता की गंभीरावस्था को देखते हुए मेदिनीनगर के लिए रेफर कर दिया गया। मेदिनीनगर पहुंचने के पुर्व ही प्रसुता ने देर रात्रि में वाहन में ही दम तोड़ दी। जिसके कारण जच्चा और बच्चा की मौत हो गई। इसके बाद गुरुवार को मृतिका का शव को खैरवा गांव लाया गया और सोन नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया।

## डीसी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, कहा

# पीएम किसान में शत-प्रतिशत केवाईसी करें



नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने आज पाटन व पड़वा के प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे सबसे पहले पाटन के प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने प्रखंड व अंचल के कई अभिलेखों का अवलोकन किया एवं सभी अभिलेखों को दुरुस्त रखने की बात कही। पाटन प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त पड़वा पहुंचे। यहां उन्होंने बीडीओ सह सीओ चंद्रदेव प्रसाद से योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने,पीएम किसान में शत-प्रतिशत केवाईसी करने संबंधी निर्देश दिये। पाटन में निरीक्षण के दौरान नरेगा के दो कंप्यूटर ऑपरेटर,15वें वित्त का एक ऑपरेटर,व आवास के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर अनुपस्थित पाये गये। इसी तरह अंचल से तीन राजस्व कर्मचारी भी कार्यालय से नदारद रहे। इसपर उपायुक्त ने उपस्थिति पंजी से अनुपस्थित सभी कर्मचारियों की हाजिरी काट दी । साथ ही कार्यालय से गायब सभी कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछने हेतु बीडीओ-सीओ को निर्देशित किया। उपायुक्त ने अपने निरीक्षण के दौरान पाटन के प्रखंड कार्यालय में आमजनों से सीधे मुलाकात की। इस दौरान दोनों ही स्थानों पर ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी विभिन्न शिकायतों व कार्यों से अवगत कराया। जिनमें वृद्धा पेंशन,आवास का पैसा ,सीमांकन व दाखिल-खारिज आदि प्रमुख थे। उपायुक्त श्री दोड्डे ने संबंधित अधिकारियों को पब्लिक के कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी पब्लिक को बेवजह दौड़ाता या परेशान करता हुआ पाया जाता है, तो उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## आदिवासी संस्कृति, रीति रिवाज और परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखें: चुमानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** आदिवासी संस्कृति रीति रिवाजव परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखना ही मुख्य उद्देश्य उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के करंज टोली स्थित डूमर टोली गांव में आयोजित 17 वां ईन्द जतरा समारोह के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरना समाज की अगुआ चुमानी उरांव ने कही। उन्होंने कहा कि इस तरह के जतरा समारोह से आदिवासी समुदाय के लोगों में एकजुटता लानी है। ईन्द जतरा के दौरान पुरियो, चुटूटोली समेत 10 खोड़ा दल के टीम ने डूमर टोली स्थित जतरा स्थल पर पारंपरिक रूप से ढोल ढाक और नाच गान करते हुए जतरा स्थित झंडा के समीप पहुंचकर खोड़हा दल के लोगों ने आदिवासी रीति रिवाज के तहत पूजा अर्चना किया। वही पूजा अर्चना के बाद आधुनिक नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां खोड़हा दल की टीम समेत पहान, पूजार व कोटवार को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। ईन्द जतरा को सफल बनाने में करंज टोली, तेतर टोली, महतो टोली व डुमर टोली के ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इंद जतरा आयोजन समिति के अध्यक्ष जयंत केरकेट्टा, कोषाध्यक्ष विकास तिर्की, नीरज मिंज, सुका तिर्की, प्रवीण भगत, जय मंगल भगत, अमित उरांव, बसंत भगत, सुकरा महतो, बन्नु भगत, सुकरा भगत व काजल तिर्की समेत कई लोगों ने सराहनीय योगदान दिया।

सम्पादक की कलम से...

## अभयारण्य में पुलिस दबिश

झारखंड में माओवादियों के खिलाफ पुलिस व सुरक्षाबलों का चौतरफा अभियान जारी है। बूढ़ापहाड़ से लेकर ट्राइजंक्शन और सारंडा तक अभियान शुरू हो गया है। लैंडमाइंस के साथ गोलियां भी बरामद हुई हैं। झारखंड में भाकपा माओवादियों के खिलाफ पुलिस व सुरक्षाबलों का चौतरफा अभियान जारी है। पुलिस ने एक साथ माओवादियों के खिलाफ बूढ़ापहाड़ से लेकर माओवादियों के ट्राइजंक्शन और सारंडा तक अभियान शुरू किया है। सारंडा में भाकपा माओवादियों को ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो का हेडक्वार्टर चलता है। इस इलाके में पुलिस ने सुरक्षाबलों के साथ अभियान शुरू किया है। एक प्रकार से देखा जाये तो आने वाले दिनों में इनका सफाया निश्चित है। अपनी करनी और लेवी के पैसे की वजह से यह संगठन अंतिम सांसे लेने को विवश नजर आ रहा है। आखिर, आतंक और अंत इसी प्रकार होता है। ग्रामीणों के साथ किये गये वादे खिलाफी के कारण इन्हें कहीं जगह नहीं मिल रही हैं। दूसरी तरफ पुलिस को हर जगह से इन्हें समाप्त करने की मुहिम में साथ मिल रहा है। यही कारण है कि राज्य पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के मुताबिक, ईआरबी की कमान फिलहाल एक करोड़ के इनामी माओवादी व पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा के हाथों में है। मिसिर बेसरा के मारक सदस्यों की योजना टोन्टो, पोड़ाहाट इलाके में वारदात को अंजाम देने की थी। ऐसे में माओवादियों के 25 लाख के इनामी अजय महतो, करमचंद उर्फ मोछू के नेतृत्व में 20-22 सशस्त्र माओवादियों का दस्ता इलाके में कैंप कर रहा था। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद कोबरा व सीआरपीएफ बटालियन के साथ मिलकर अभियान चलाया। अभियान के दौरान माओवादी तो भाग निकले, लेकिन नक्सल साहित्य समेत कई सामान जब्त किए गये। लातेहार व गढ़वा इलाके में सुरक्षाबलों ने चार सितंबर को ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाया था। ऑपरेशन के दौरान पुलिस को सैक कमांडर सौरभ उर्फ मारकुस, सर्वजीत यादव, नवीन यादव के सशस्त्र दस्ते की मौजूदगी की सूचना थी। अभियान के दौरान पहली बार 106 से अधिक लैंड माइंस सुरक्षाबलों ने बरामद किये। गौरतलब है कि साल 2015 के बाद बूढ़ापहाड़ के इलाके की पूरी घेराबंदी माओवादी टेक विश्वनाथ ने की थी। पूरे बूढ़ापहाड़ को लैंडमाइंस से पाट दिया गया था। यही वजह थी कि उस इलाके में पुलिस को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। अब लैंडमाइंस के साथ भारी मात्रा में गोलियां व कोडेक्स वायर बरामद की गईं। पतिराम मांझी उर्फ अनल को साल 2018 में सैक से केंद्रीय कमेटी सदस्य के तौर पर माओवादियों ने प्रोन्नत किया था। एक करोड़ का इनामी अनल तब से चाईबासा, सरायकेला और खूंटी के ट्राइजंक्शन पर सक्रिया था। तीन सालों से अधिक वक्त तक ट्राइजंक्शन में अनल की सक्रियता ने माओवादी संगठन को इस इलाके में मजबूती दी थी, लेकिन महाराज प्रमाणिक, सुरेश मुंडा जैसे माओवादियों के सरेंडर के बाद इलाके में अनल की पकड़ कम हुई। बीते दिनों कुचाई में पुलिस ने एंटी नक्सल ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन के दौरान एक महिला समेत दो माओवादी मारे गए थे। दोनों माओवादी संगठन में सेक्शन कमांडर थे। कुचाई इलाके में चल रहे अभियान ने भी माओवादियों को बैकफुट पर ला दिया है। बहरहाल बूढ़ा पहाड़ खाली होने से नक्सलियों की कमर टूटने की पूरी संभावना है।

## आज का इतिहास

**1996 :** फिजी व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि की पुष्टि करने वाला प्रथम देश बना।
**1997 :** अरुंधति राय को उनके उपन्यास 'द गॉड आफ स्माल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया।
**1998 :** गरीबी उन्मूलन के लिए भारत की फातिमा बी को संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
**2006 :** संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाया।
**1882 :** शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
**1884 :** प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
**1933 :** जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
**1943 :** जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
**1946 :** हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
**1948 :** इजरायल और मिस्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
**1956 :** डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने तीन लाख 85 हजार अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म अपनाया।
**1931 :** पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्म।
**1932 :** टाटा कंपनी ने टाटा संस लिमिटेड नामक देश की पहली एयर लाइन की शुरूआत की।
**1949 :** त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया।
**1961 :** लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का निधन।
**1978 :** सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
**1988 :** उज्वला पाटिल समुद्र के रास्ते विश्व का चक्कर लगाने वाली पहली एशियाई महिला बनी।
**1990 :** बॉलीवुड अभिनेता ओम शिवपुरी का निधन।
**1990 :** सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोबाचौव को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया।

# तेज बढ़े तो सबके पास पहुंचे अमीरी

> अडानी की संपत्ति व अमीरों की सूची में उनका तेजी से ऊपर जाना पहली बार खबरों में नहीं था। इससे पहले इसी साल फरवरी में खबर आई थी कि उन्होंने संपत्ति के मामले में भारत के सबसे अमीर आदमी मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, कुछ ही दिनों के बाद फिर मुकेश अंबानी इस सूची में वापस शिखर पर पहुंच गये। यह कोई हैरतअंगेज बात भी नहीं थी, क्योंकि अमीरों की सूची में ऊपर-नीचे होने का आधार शेयर बाजार में इनके शेयरों की कीमत ही होती है। इसलिए अगर दो लोगों की संपत्ति में कुछ ही फर्क रह गया हो, तो फिर इस तरह कभी कोई ऊपर तो कभी नीचे चलता है।

बीते हफ्ते की सबसे बड़ी खबरों में से एक थी- भारत व एशिया के सबसे अमीर इंसान गौतम अडानी का दुनिया के अमीरों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच जाना। खबर आई कि उन्होंने बिल गेट्स को पीछे छोड़ने हुए अब फ्रेंच फैशन ब्रांड लुई वितां के मुखिया को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया है। जिस दिन यह खबर आई, उस दिन बताया गया कि गौतम अडानी की संपत्ति 137 अरब डॉलर हो गई है और अब दुनिया में सिर्फ दो लोग हैं, जो उनसे ज्यादा अमीर हैं। ये थे, टेस्ला के सीईओ एलन मस्क (251 अरब डॉलर) और एमेजॉन के जेफ बेजोस (153 अरब डॉलर)। कहा यह भी जा रहा था कि इसी रफ्तार से बढ़ते रहे, तो अडानी जल्दी ही जेफ बेजोस को भी पछाडकर दूसरे नंबर पर पहुंच जायेंगे। अडानी की संपत्ति व अमीरों की सूची में उनका तेजी से ऊपर जाना पहली बार खबरों में नहीं था। इससे पहले इसी साल फरवरी में खबर आई थी कि उन्होंने संपत्ति के मामले में भारत के सबसे अमीर आदमी मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, कुछ ही दिनों के बाद फिर मुकेश अंबानी इस सूची में वापस शिखर पर पहुंच गये। यह कोई हैरतअंगेज बात भी नहीं थी, क्योंकि अमीरों की सूची में ऊपर-नीचे होने का आधार शेयर बाजार में इनके शेयरों की कीमत ही होती है। इसलिए अगर दो लोगों की संपत्ति में कुछ ही फर्क रह गया हो, तो फिर इस तरह कभी कोई ऊपर तो कभी नीचे चलता है। पिछले छह महीनों में दो-तीन बार यह ऊपर नीचे का सिलसिला चला। हैरतअंगेज बात यह है कि 3 जून को जब मुकेश अंबानी ने पिछली बार गौतम अडानी को पीछे छोड़ा, तब उनकी संपत्ति थी 99.7 अरब डॉलर, जबकि उस दिन अडानी की संपत्ति थी, इससे बस एक अरब डॉलर कम, यानी 98.7 अरब डॉलर, जबकि ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, 2020 की शुरूआत में मुकेश अंबानी की संपत्ति 59 अरब डॉलर व अडानी की संपत्ति सिर्फ 10 अरब डॉलर थी। यह आंकड़ा 1 जनवरी, 2020 का है। कोरोना महामारी के प्रकोप से ठीक पहले। यानी अडानी की संपत्ति में तेज बढ़त का असली सिलसिला उसके बाद शुरू हुआ। इसी साल जनवरी के बाद से उनकी संपत्ति में 60 अरब डॉलर से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। यह रफ्तार कितनी तेज है, इसका अंदाजा लगाना हो, तो यह समझिए कि जिस दिन ब्लूमबर्ग ने अडानी को दुनिया में तीसरे नंबर का अमीर बताया, उस दिन उनकी संपत्ति 137 अरब डॉलर आंकी गई थी। लेकिन इसके तीन ही दिन बाद शुक्रवार को यह लिखे जाने तक फोर्ब्स रियल टाइम बिलियनेयर इंडेक्स में गौतम अडानी की संपत्ति दस अरब डॉलर बढकर 147 अरब पर पहुंच चुकी थी। यानी एक ही दिन में तीन अरब डॉलर से ज्यादा का उछाल। वैसे ध्यान रहे, अमीरों की सूची बनाने का काम मोटे तौर पर शेयर बाजार का ही कमाल है, क्योंकि इसमें इन लोगों की सूचीबद्ध कंपनियों में इनकी हिस्सेदारी के बाजार भाव को ही जोड़ा जाता है। शायद इसीलिए अडानी की संपत्ति का इस तेजी से बढ़ता कोई आश्चर्य नहीं है। अडानी समूह की कुल सात सूचीबद्ध कंपनियां हैं और इनके शेयरों में 100 प्रतिशत से लेकर 1,000 प्रतिशत से ज्यादा तक का उछाल पिछले दो साल में आया है। अमीरों की इस सूची में एक और खास बात है। मुकेश अंबानी अभी भले ही अडानी से काफी पिछड़ते दिख रहे हों, लेकिन ब्लूमबर्ग के मुताबिक, दुनिया के दस बड़े अमीरों में अडानी के अलावा वही अकेले हैं, जिनकी संपत्ति इस साल बढ़ी है। बाकी सभी की दौलत में कोरोना ने सेंध लगा दी। कहीं कम, कहीं ज्यादा। इसका एक पक्ष और भी है। भारत में कुछ कंपनियों का जिस तेजी से कारोबार फैल रहा है, उसी तेजी से सवाल भी बढ़ रहे हैं। इस वक्त का सबसे बड़ा सवाल कर्ज को लेकर है। फिच रेटिंग की सहयोगी क्रेडिटसाइट्स ने एक रिपोर्ट में चेतावनी भी दी है कि हालात बहुत बिगड़े, तो कर्ज पर डिफॉल्ट का डर भी हो सकता है। यह खतरा काफी गंभीर लगता है, खासकर यह देखते हुए कि रिलायंस इंडस्ट्रीज 2020 में ही खुद को कर्जमुक्त घोषित कर चुकी है, लेकिन बताने वाले मार्च 2022 में भी उस पर लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का कर्ज बता रहे हैं। उधर अडानी समूह पर कर्ज का आंकड़ा लगभग दो लाख बीस हजार करोड़ रुपये बताया जाता है।

■ आलोक जोशी

# 10 साल में जर्मनी,जापान से आगे होगा भारत

यह एक तरह का प्राकृतिक न्याय ही है कि आजादी के 75वें साल में भारतीय अर्थव्यवस्था, अपने औपनिवेशिक शासक रहे ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को पछाडकर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। यह खबर खुश करती है, लेकिन सोचने और चिंता करने की बात भी है। खुशी इसलिए कि आजादी के बाद इन 75 सालों में भारत ने लंबी छलांग लगाई है। इसे कुछ बिंदुओं के जरिये आसानी से समझा जा सकता है। 1947 में भारत की जीडीपी का आकार 2.7 लाख करोड़ था, जोकि 87 गुना से ज्यादा बढ़कर वर्ष 2021-22 में 236.65 लाख करोड़ हो गई है। भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी जो 1950 में लगभग 265 रुपये थी, वह 486 गुना बढ़कर 1.28 लाख रुपये तक पहुंच गई है। भारत की यह कामयाबी इस मायने में भी चमकदार है कि उसने यह छलांग ब्रिटिश साम्राज्यवादी लूट से पैदा हुई गरीबी, भूख, अशिक्षा, बीमारी और देश-विभाजन जैसी गंभीर चुनौतियों के बीच एक संवैधानिक-लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में लगाई है। जबकि अनेकों नव-स्वाधीन देश इस दौरान भयानक गृह-युद्ध, क्रूर सैनिक तानाशाही और आर्थिक-सामाजिक तबाही से गुजरे हैं। ब्रिटेन की औपनिवेशिक गुलामी और लूट ने सोने की चिड़िया कहे जाने वाले भारत को पौने दो सौ सालों में दरिद्र बना दिया था। अर्थशास्त्री उत्सा पटनायक के आकलन के मुताबिक, ब्रिटिश साम्राज्य ने लगभग पौने दो सौ सालों के औपनिवेशिक राज में भारत की संपदा से लगभग 45 खरब डॉलर की लूट की। लूट की यह रकम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद भारत की कुल जीडीपी के 12 गुने से ज्यादा है।

**प्रतीकात्मक है कामयाबी :** फिर भी इस कामयाबी से बहुत खुश होने की जरूरत नहीं है। यह कामयाबी प्रतीकात्मक ज्यादा है और उसमें सार कम है। असल में, आंकड़े कई बार पूरी सचाई बयान नहीं करते। उदाहरण के लिए जीडीपी के आकार के मामले में भले भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में वह दुनिया के 194 देशों के बीच 144वें स्थान पर है। यहां यह ध्यान रखना जरूरी है कि ब्रिटेन की आबादी सिर्फ 6.85 करोड़ है जबकि भारत की आबादी 1.4 अरब है जो ब्रिटेन की आबादी के 20 गुने से भी ज्यादा है। लेकिन जीडीपी के मामले में भारत की अर्थव्यवस्था ब्रिटेन से 20 गुना ज्यादा बड़ी नहीं है, बल्कि उसने अब थोड़ी बढ़त बनाई है। दूसरी बात यह कि अर्थव्यवस्था के आकार में ब्रिटेन से बड़ा होने का मतलब यह नहीं है कि भारत, ब्रिटेन की तरह विकसित और अमीर देश बन गया है। ब्रिटेन और उस जैसे विकसित देशों में उनके आम बाशिंदों के उच्च जीवन स्तर और शिक्षा, स्वास्थ्य आदि मानव विकास के अधिकांश सूचकांकों के मामले में भारत अभी बहुत पीछे है।

■ आनंद प्रधान

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
#### अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले- देवताओंसे ऐसा कहकर वे भगवती अत्यन्त उच्च स्वरमें हंस पड़ी। [वे बोलीं-] इस संसारमें यह बड़ी विचित्र बात है कि यह सारा जगत् ही भ्रम तथा मोहसे ग्रसित है। ब्रह्मा, विष्णु, शिव इन्द्र आदि तथा अन्य देवता भी महिषासुरसे भयभीत होकर कांपने लगते हैं।। 32-33 ।।

हे श्रेष्ठ देवताओ! दैवबल बड़ा ही भयानक और दुर्जय है। काल ही सुख और दुःखका कर्ता है। यही सबका प्रभु तथा ईश्वर है। सृष्टि, पालन तथा संहार करनेमें समर्थ रहते हुए भी वे ब्रह्मा आदि मोह-ग्रस्त हो जाते हैं, कष्ट भोगते हैं और महिषासुरके द्वारा सताये जाते हैं।। 34-35 ।।

उस अद्भुत शब्दोको सुनकर पृथ्वी कांपने लगी, सभी पर्वत चलायमान हो उठे और अगाध महासमुद्रमें विक्षोभ उत्पन्न होने लगा। उस शब्दसे सुमेरूपर्वत हिलने लगा और सभी दिशाएं गूंज उठीं। उस तीव्र ध्वनिको सुनकर सभी दानव भयभीत हो गये। सभी देवता परम प्रसन्न होकर 'आपकी जय हो', हमारी रक्षा करो' - ऐसा उन देवीसे कहने लगे।। 36-37 ।।

अभिमानमें चूर महिषासुर भी वह ध्वनि सुनकर क्रुद्ध हो उठा। उस ध्वनिसे सशंकित महिषासुरने दैत्यों से पूछा- यह कैसी ध्वनि है? इस ध्वनिके उद्गम-स्थलको जाननेके लिये दूतगण तत्काल यहांसे जायं। कानोंको पीड़ा पहुंचानेवाला यह अति भीषण शब्द किसने किया है? देवता या दानव जो काई भी इस ध्वनिको उत्पन्न करनेवाला हो, उस दुष्टात्माको पकड़कर मेरे पास ले आयें। ऐसा गर्जन करनेवाले उस अभिमानके मदमें उन्मत्त दुराचारीको मैं मार डालूंगा। मैं क्षीण-आयु तथा मन्दबुद्धिवाले उस दुष्टको अभी यमपुरी पहुंचा दूंगा। देवता मुझसे पराजित होकर भयभीत हो गये हैं, अतः वे ऐसा गर्जन कर ही नहीं सकते। दानव भी ऐसा नहीं कर सकते; क्योंकि वे सब तो मेरे अधीन हैं, तो फिर यह मूर्खतापूर्ण चेष्टा किसकी हो सकती है? अब दूतगण इस शब्दके कारणका पता लगाकर मेरे पास शीघ्र आयें। तत्पश्चात् मैं स्वयं वहां जाकर ऐसा व्यर्थ कर्म करनेवाले उस पापीका वध कर दूंगा।। 38-44 ।।

**व्यासजी बोले**-महिषासुरके ऐसा कहनेपर वे दूत [ शब्दक कारणका पता लगाते-लगाते] समस्त सुन्दर अंगोंवाली, अठारह भुजाओंवाली, दिव्य विग्रहमयी, सभी प्रकारके आभूषणोंसे अलंकृत, सम्पूर्ण शुभ लक्षणोंसे सम्पन्न, उत्तम आयुध धारण करनेवाली और हाथमें मधुपात्र लेकर बार-बार उसका पान करती हुई भगवतीके पास पहुंच गये। उन्हें देखकर वे भयभीत हो गये और व्याकुल तथा सशंकित होकर वहांसे भाग चले। महिषासुरके पास आकर वे उससे ध्वनिका कारण बताने लगे।। 45-47 ।।

दूत बोले- हे दैत्येन्द्र! वह कोई प्रौढ़ा स्त्री और देवीका भांति दिखायी देती है। उस स्त्रीके सभी अंगोंमें आभूषण विद्यमान हैं तथा वह सभी प्रकारके रत्नोसे सुभोभित है। वह स्त्री न तो मानवी है और न तो आसुरी है। दिव्यविग्रहवाली वह स्त्री बड़ी मनोहर है। अठारह भुजाओंवाली वह श्रेष्ठ नारी नानाविध आयुध धारण करके सिंहपर विराजमान है। वही स्त्री गर्जन कर रही है। वह मदोन्मत्त दिखायी दे रही है। वह निरन्तर मद्यपान कर रही है। हमें ऐसा जान पड़ता है कि वह अभी विवाहिता नहीं है।। 48-50 ।।

# भय सत्ता को लेकर है

संयोग से जिस दिन पिछले सप्ताह भारतीय जनता पार्टी के महारथी प्रवक्ता टीवी चचाओं में अरविंद केजरीवाल की शिक्षा नीति को घोटाला कह रहे थे, उस दिन मेरी बात हुई एक दिल्लीवासी से। मैंने उससे जब पूछा कि उसके बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं या प्राइवेट में, तो उसने कहा, 'प्राइवेट में पढ़ा रहा था अपने बेटे को, लेकिन कोविड के दौर में कमाई बहुत कम हो गई थी, तो अब सरकारी स्कूल में पढ़ रहा है, लेकिन इतना अच्छा है यह स्कूल कि प्राइवेट से कम नहीं।' मैंने जब पूछा कि सरकारी स्कूलों में सुधार क्या आम आदमी पार्टी की शिक्षा नीति के कारण हुए हैं, तो उसने हां में जवाब दिया। फिर पूछा मैंने कि क्या वह केजरीवाल का भक्त है, तो उसने कहा कि भक्त वह मोदी का है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की जब दिल्ली में सरकार थी, तो उन्होंने कोई काम नहीं किया दिल्ली के लिए। स्कूलों को सुधारने के अलावा क्या किया है आम आदमी पार्टी ने, मैंने पूछा और याद दिलाया उसे कि इस शहर की सडकें अब भी गंदी हैं और अब भी दिखते हैं कूड़े के बड़े-बड़े ढेर सड़कों के हर दूसरे कोने पर। उसने इस पर सहमति जताई, लेकिन मुझसे पूछा कि मैंने कभी मोहल्ला क्लिनिक में इलाज करवाया है क्या? मैंने ना में जवाब दिया तो उसने कहा, 'जी आपको शायद जाने की जरूरत भी नहीं मोहल्ला क्लीनिकों में, लेकिन हम जैसे मिडिल क्लास लोगों की जिंदगी बदल गई है इनके बनने के बाद। जो मेडिकल जांच का हम सपना नहीं देख सकते थे, वह सब हमको मिलता है मोहल्ला क्लिनिक द्वारा। साफ-सुथरे हैं ये अंदर और बाहर से और वहां जो डाक्टर होते हैं उनके कहने पर हम सीटी स्कैन जैसी जांच करवा लेते हैं मुफ्त में।' यहां स्पष्ट कर दूं कि मैं खुद आम आदमी पार्टी की न तब मुरीद थी जब पहली सरकार बनी केजरीवाल की दिल्ली में और न अब हूं। बल्कि एक दिल्लीवासी होने के नाते मुझे बहुत बुरा लगा था जब केजरीवाल मुख्यमंत्री पहली बार बनने के बाद प्रधानमंत्री बनने के सपने देखने लगे थे और दिल्ली छोड़ कर वाराणसी पहुंच गये थे नरेंद्र मोदी को हराने। मेरी नजर में न दिल्ली में प्रदूषण कम हुआ है आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद और न ही यमुना नदी के पानी में गंदगी कम हुई है। मेरे लिए ये दोनों मुद्दे बहुत अहमियत रखते हैं, लेकिन केजरीवाल के दुश्मन भी इनकार नहीं करते हैं कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में जो सुधार हुआ है, उनको सराहा जाना चाहिए। क्या यही वजह है कि इन दिनों भारतीय जनता पार्टी के सबसे बड़े प्रवक्ता रोज दिखते हैं टीवी पर केजरीवाल कि इन नीतियों में 'घोटालों' की बातें करते हुए? या शायद नरेंद्र मोदी की समस्या यह है कि पंजाब जीतने के बाद अब केजरीवाल का ध्यान टिक गया है गुजरात जीतने में? बहुत बार दौरे कर चुके हैं इस राज्य के और वहां पहुंच कर कई आम सभाओं को संबोधित किया है दिल्ली के मुख्यमंत्री ने, जिनमें वह दोहराते हैं इस एक बात को, 'हम दंगे नहीं करवा सकते, लेकिन हम स्कूल बना सकते हैं। इस बात से खास तकलीफ होने लगी है शायद आदरणीय प्रधानमंत्रीजी को इसलिए कि उनके 'गुजरात माडल' में कई सारे सुधार बेशक उन्होंने लाये हों, लेकिन न स्कूलों में सुधार ला पाए न स्वास्थ्य सेवाओं में। इन कमियों पर जब कोई बार-बार ध्यान आकर्षित करता है गुजरात के मतदाताओं का, तो मोदी को परेशानी तो होती होगी भारतीय जनता पार्टी की समस्या यह भी है कि जिस तेजी से सुधार लाये गये हैं दिल्ली में इन सेवाओं में उस किस्म का सुधार किसी भी भाजपा शासित प्रदेश में देखने को नहीं मिलता है। भाजपा मुख्यमंत्रियों की प्राथमिकताएं और हैं। उनका ध्यान ज्यादा वक्त लगा रहता है हिंदू-मुसलिम मुद्दों को उठाने में ताकि देश की इन दोनों सबसे बड़ी कौमों में दरारें बनती रहें, नफरत बढ़ती रहे। न समाज का इससे कोई लाभ होने वाला है और न देश का, लेकिन चुनावों में अगर हिंदुओं का वोट बैंक बन जाता है तो लाभ बहुत होता है भारतीय जनता पार्टी को। जिस राजनीतिक दल को आजकल चुनाव जीतने की मशीन माना जाता है उसका ध्यान हमेशा क्यों न टिका रहे चुनावों पर। वही लोग जो वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाया करते थे कांग्रेस पार्टी पर आज कांग्रेस की नकल करके वोट बैंक तैयार कर रहे हैं अपने लिए। फर्क सिर्फ इतना है कि कांग्रेस ने मुसलमानों के दिल में डर पैदा करके उनको दशकों से समझाया है कि कांग्रेस को अगर अपना वोट नहीं देते हैं तो सेक्युलरिज्म नाम की कोई चीज नहीं रहेगी और भारत एक हिंदू राष्ट्र बन जायेगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ताओं को टीवी चचाओं में सुनने का कष्ट करेंगे आप तो जान लेंगे बहुत जल्दी कि इन लोगों को हिंदुओं को डराने का काम सौंपा गया है। सो, जब भी उतरते हैं चचाओं की इस युद्धभूमि में ये लोग याद दिलाना नहीं भूलते हैं दर्शकों को कि दुश्मन इस देश का इस्लाम है और मुसलमानों की देशभक्ति पर हमेशा शक करना चाहिए, इसलिए कि उनके लिए उनका मजहब भारतमाता से कहीं ज्यादा अहमियत रखता है। इस तरह की बातें नफरत फैलाती हैं।

■ तवलीन सिंह

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### फुटपाथ की दुकानें स्थायी हो

शहर में कई जगहों पर विशेष नाम से पहचान है। यहां पर स्थायी दुकानें नहीं,बल्कि फुटपाथ पर ही दुकानें लगती है। जैसे। घासपट्टी,घड़ा पट्टी,लोहा पट्टी, दौरी पट्टी, गुड़ पट्टी, बताशा पट्टी इत्यादि इन सब की दुकानें एक आध को छोड़ दें, तो सभी सड़क पर ही लगती है। इन दुकानों को एक जगह अगर व्यव्यस्थित तरीके से लगाने की व्यवस्था अगर नगर निगम करें,तो बरसात व अन्य मौसम में इन्हें सामग्री बेचने में सुविधा होगी। साथ ही इनके खरीदार भी आसानी से यहां पहुंचकर अपनी पंसद की सामग्री खरीद सकते हैं। इन सभी की दुकानें बरसात के समय में हटा ली जाती है। वहीं अभी अतिक्रमण के द्वारा सब्जी विकेताओं को रोड से हटा दिया गया। जिससे सब्जी विक्रेताओं की बिक्री प्रभावित हुई है। कोरोना काल में भी सब्जी विक्रेताओं को शिवजी मैंदान में रखा गया था। लेकिन शहर से दूर होने के कारण लोगों को सब्जी खरीदने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मै लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से नगर निगम का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि इन सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी समाधान निकाला जाय और इन्हे स्थायी रूप से दुकान दिया जाय। ताकि शहर का विकास हो सब्जी बाजार को दुसरे जगहों पर शिफ्ट होने से शहर का विकास होगा। इस तरह दुकानों को एक जगह स्थायीरूप दुकान दिया जाये, जिससे की वे हर मौसम में अपनी सामग्री बेच सकें और इससे ग्राहकों को भी सुविधा होगी।

■ शिवम कुमार मेदिनीनगर।

# बदलते दौर में शिक्षकों का नये सिरे से करना होगा मूल्यांकन

जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन 1962 में देश के दूसरे राष्ट्रपति बने, तब उन्होंने खुद यह सुझाव दिया कि उनका जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाय। हर साल 5 सिंतबर को देश के तमाम स्कूल-कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया भी जाता है। मगर क्या हम डॉ. राधाकृष्णन की कल्पना के अनुरूप शिक्षकों और उनके पेशे को वर्षों बाद भी वह सम्मान दे पाये हैं, जो उनको मिलना चाहिए था? चौथी औद्योगिक क्रांति हमारा दरवाजा खटखटा रही है, किंतु हमारी मौजूदा शिक्षा प्रणाली अब भी 18वीं सदी में हुई प्रथम औद्योगिक क्रांति से पैदा हुए रोजगार के ढांचे के अनुरूप संचालित हो रही है। आज शिक्षक दिवस मनाते समय हमें गहराई से यह सोचना होगा कि क्या हमारे शिक्षण संस्थान इस चौथी औद्योगिक क्रांति के बारे में सजग व जागरूक हैं? हमारे नीति-नियंताओं, शिक्षकों व विद्यार्थियों को यह पता होना ही चाहिए कि वर्ष 2030 तक अधिकांश मौजूदा रोजगार खत्म हो जायेंगे और जो नये रोजगार पैदा होंगे, उनकी तैयारी के लिए आवश्यक पाठ्यक्रम, उपकरण, शिक्षक और पढ़ाने के तौर-तरीके अभी हमारे पास उपलब्ध नहीं हैं। दरअसल, आज विश्व स्तर पर चौथी औद्योगिक क्रांति के अनुरूप 'शिक्षा 4.0' की बहुत चर्चा हो रही है, जिसे मोटे तौर पर चौथी शैक्षणिक क्रांति का नाम दिया जा सकता है। वर्ष 2030 तक दुनिया में शिक्षकों का पेशा खत्म नहीं होने जा रहा, पर उनकी महत्ता और भूमिका में बड़े बदलाव जरूर आयेंगे। सबसे बड़ा बदलाव यह हो सकता है कि शिक्षा का काम सिर्फ व्याख्यान देकर ज्ञान बांटना न होकर युवा-पीढ़ी को एक कोच, मेंटर या मित्र के रूप में भविष्य का रास्ता दिखाने का भी होगा। इसीलिए शिक्षक-दिवस को एक उत्सवधर्मी औपचारिकता न समझते हुए हमें यह सोचना चाहिए कि शिक्षक होने के क्या मायने और सरोकार होते हैं? शिक्षकों के बारे में समाज की धारणा पिछले 75 वर्षों में कैसे बदल गई, यह हमारे साहित्य और फिल्मों में शिक्षक पात्रों के चरित्र-चित्रण में देखा जा सकता है। 20वीं सदी के लेखकों, जैसे प्रेमचंद, शरत चंद्र, बंकिम चंद्र, रवींद्रनाथ टैगोर आदि ने अपनी रचनाओं में शिक्षकों को बहुत सकारात्मक रूप में चित्रित किया है। भारतीय फिल्में भी शुरूआत में आदर्श रूप में ही शिक्षकों को पेश करती रहीं। मगर पिछले दशकों से फिल्मों में शिक्षकों को कमोबेश एक हास्यास्पद चरित्र के रूप में पेश किया जा रहा है। भारतीय समाज ज्ञान-विज्ञान, चरित्र निर्माण, सामाजिक सद्भाव व सामाजिक सरोकार जैसे मूल्यों में अपनी निष्ठा लगातार खो रहा है, जिससे भ्रष्टाचार, धनलिप्सा और अवसरवादिता जैसे नकारात्मक मूल्य उस पर हावी होते गये हैं। इस दौर में शिक्षकों की पेशागत प्रतिबद्धताओं में लगातार क्षरण होते देखा गया है। स्थिति यह है कि देश के कई राज्यों में बहुत से डिग्री कॉलेजों व विश्वविद्यालय परिसरों में100 दिन भी पढ़ाई नहीं होती। आज उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की तादाद करीब 3.80 करोड़ बताई जाती है। मगर इन विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए जरूरी संसाधनों की कमी भी दिखती है। कल्पना कीजिये, वर्ष 2030 तक उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों की संख्या जब आठ करोड़ हो जायेगी, तब कैसा परिदृश्य होगा? मानव संसाधन मंत्रालय की रिपोर्ट (2018) के अनुसार, इस समय देश में करीब 15 लाख शिक्षक कॉलेजों-विश्वविद्यालयों में कार्यरत हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार राज्य विश्वविद्यालयों में 40 प्रतिशत और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 35 प्रतिशत शिक्षकों की जगह खाली पड़ी हुई है। साफ है, भारतीय समाज व सरकार को शिक्षकों की भूमिका का नए सिरे से मूल्यांकन करना होगा। शिक्षकों को भी आत्मालोचना करने की जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कहा गया है कि शिक्षक हमारे राष्ट्र-निर्माता हैं। शिक्षकों को उच्चस्तरीय सम्मान व जीवन स्तर फिर से मिलना चाहिए, ताकि सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाओं को शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया जा सके। क्या हम भारतीय समाज में उनको एक सम्मानजनक स्थान देने की स्थिति में हैं और क्या 21वीं सदी के ज्ञानोन्मुख समाज के लिए हम उन्हें नये सिरे से प्रशिक्षित और प्रेरित कर पायेंगे? इसके जवाब हमें खुद ही ढूंढ़ने होंगे।**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ हरिवंश चतुर्वेदी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी ने की सीआईडी की खिंचाई



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं नंदीग्राम से भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को राज्य पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) पर 'अपराध में लिप्त' होने का आरोप लगाया। श्री अधिकारी ने ट्वीट करके कहा, अपमान, पूरा अपमान! कभी गौरवशाली सीआईडी अब पश्चिम बंगाल की बुआ-भतीजा (बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी और उनके सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी) की पेड चौकीदार बन गई है। श्री अधिकारी ने आरोप लगाया कि सीआईडी विचाराधीन कैदियों को राज्य के विपक्षी नेताओं के खिलाफ 'झूठे' बयान देने के लिए 'धमका' रही है। उन्होंने कहा, सीआईडी पश्चिम बंगाल के विपक्षी नेताओं के खिलाफ झूठे बयान देने के लिए विचाराधीन कैदियों को धमकाकर सुश्री बनर्जी के नापाक हितों को आगे बढ़ाने के अपराध में लिप्त है। श्री अधिकारी ने कहा, यह मुझे एक प्रसिद्ध कहावत की याद दिलाता है ..जब सरकार लोगों से डरती है, तो स्वतंत्रता मिलती है। जब लोग सरकार से डरते हैं, तो अत्याचार होता है। अत्याचार और स्वतंत्रता के बीच चयन करने का विकल्प पश्चिम बंगाल के लोगों पर छोड़ दिया गया है।

### पुरुलिया में मिला एक और नक्सलियों के नाम का पोस्टर

**पुरुलिया (एजेंसी)।** पुरुलिया में एक बार फिर नक्सलियों के नाम का पोस्टर मिला है। यह पोस्टर गुरुवार को पुरुलिया के बड़ाबाजार इलाके में देखने को मिला। हालांकि पुलिस अधिकारियों का दावा है कि पोस्टर फर्जी हैं। ग्रामीणों को गुरुवार सुबह बलरामपुर-बड़ाबाजार राज्य राजमार्ग के किनारे बिजली के खंभे, पेड़ और दिवारों पर माओवादियों के नाम का पोस्टर मिला। बाद में पुलिस ने उन पोस्टरों को जब्त कर लिया। पोस्टर में लिखा था कि मैं किसानजी की मौत का बदला चाहता हूं। एक और पोस्टर में तृणमूल नेताओं को धमकी दी गई है। होमगार्ड की नियुक्ति को लेकर शिकायत करने वाले पोस्टर भी लगाए गए हैं। साथ ही पोस्टर में हिंसा की धमकी भी दी गई है। इसके अलावा एक पोस्टर में 11 सितंबर को बंद का भी आह्वान किया गया है। पुरुलिया में माओवादी के नाम का एक नया पोस्टर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि नया पोस्टर किसने लगाया है। हालांकि पुलिस का मानना है कि पोस्टर फर्जी है। पुरुलिया के पुलिस अधीक्षक एस सेल्वामुरुगन ने कहा कि ये सभी फर्जी पोस्टर हैं। कुछ असामाजिक तत्व ऐसा कर रहे हैं। यहां माओवादी नाम की कोई चीज नहीं है। मामला दर्ज कर पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

### मोटर साइकिल सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**सुलतानपुर (एजेंसी)।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के रामपुर रोड के पास मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। उसमे सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान मौत हो गयी। चांदा कोतवाली क्षेत्र के घमहा गांव निवासी दो युवक आशू तिवारी (24) पुत्र राकेश तिवारी व मौसम तिवारी(28) पुत्र बजरंग बली तिवारी बुधवार की रात दस बजे के बाद बाइक से अपने गांव जा रहे थे। जैसे ही चांदा कस्बे से मात्र 500 मीटर दूरी पर चांदा रामपुर रोड के कर्बला वाली बाग में पहुंचे तभी अचानक अंधा मोड़ के पास इनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इससे दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। शोर सुनकर राहगीरों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया। वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### वैशाली में 395 कार्टन विदेशी शराब बरामद

**हाजीपुर (एजेंसी)।** बिहार में वैशाली जिले के जंदाहा थाना क्षेत्र से पुलिस ने ट्रक पर लदी 395 कार्टन विदेशी शराब बरामद की। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि बुधवार की देर रात चांद सराय चौक के निकट वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान एक ट्रक को रूकने इशारा किया गया। पुलिस को देखते ही ट्रक पर सवार लोग वाहन छोड़कर फरार हो गये। ट्रक की तलाशी के दौरान हिमाचल प्रदेश निर्मित 395 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गयी। सूत्रों ने बताया कि बरामद शराब की कीमत करीब 40 लाख रुपए है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### साक्षरता दिवस पर निकाली गयी जागरूकता रैली

**भागलपुर (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस को लेकर गुरुवार को जगदीशपुर प्रखंड के शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रखंड मुख्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। केआरपी शंकर पासवान के नेतृत्व में प्रखण्ड के सभी टोला स्वयं सेवक, तालीमी मरकज तथा मध्य विद्यालय जगदीशपुर के छात्रों ने भाग लिया। मध्य विद्यालय जगदीशपुर के प्रधानाध्यापक आशुतोष चंद्र मिश्र ने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर से मुख्य बाजार होते हुए प्रखण्ड कार्यालय पहुंची। पुनः वहां से मध्य विद्यालय जगदीशपुर आकर समापन हुआ। इस रैली में शिक्षक वासुदेव, बिन्दु कुमारी, कौशिल्या कुमारी, आग्रह झा, नीरज कुमार, अभिनाश सरोज, स्वयं सेवक गुलाबी रजक, राजेश कुमार, महेंद्र पासी, बबीता कुमारी, बीबी शगुफ्ता परवीन सक्रिय थे।

### सुकमा में नौ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नौ नक्सलियों ने पुलिस प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि जिले में चलाए जा रहे पूना नम (नई सुबह) अभियान से प्रभावित होकर मरईगुड़ा थाना व कैंप में नौ नक्सलियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष कल आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण किये गये नक्सलियों में उईका बाला, सुन्नम धर्मा, बेड़मा रामचेट्टी, पोडियाम बुधरा, उईका भीमा, बेड़मा कामा, डीएकेएमएस अध्यक्ष सो-सजी कोसा, सीएनएम अध्यक्ष पोड़ियम सोना एवं भट्टीगुड़ा आरपीसी में आर्थिक कमेटी सदस्य बेड़मा रामा शामिल हैं। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि के अलावा पुनर्वास नीति का लाभ मिलेगा।

# संकल्पों को सिद्धि में बदल रहा है भारत : योगी

**गोरखपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जिस ब्रिटेन ने भारत पर 200 वर्षों तक शासन किया, वह देश अपनी आजादी के 75 वर्षों में उसी ब्रिटेन को पछाड़कर आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को गोरखपुर में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 53वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 8वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक समारोह के अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव संकल्पना से सिद्धि तक ह्व विषयक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह इस बात का जीवंत उदाहरण है कि भारत अपने संकल्पों को सिध्दि में बदल रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारत के वर्तमान नेतृत्व की सफलता का भी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में पहली बार लगा कि स्वाधीनता दिवस का पर्व सिर्फ सरकारी आयोजन नहीं है बल्कि इसमें जन.जन की भागीदारी है। सभी भारतवासियों ने हर घर तिरंगा फहराया। इसमें सम्पूर्ण



देश की सहभागिता रही।

मुख्यमंत्री ने कहा हमारे देश को आजादी अचानक नहीं मिली इसके लिए अहर्निश प्रयास करना पड़े, अनगिनत बलिदान देने पड़े। भारत उन चंद देशों में से एक है जिसने कभी पराजय को स्वीकार नहीं किया बल्कि निरंतर लड़ता रहा। उन्होंने कहा कि पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह जैसे महापुरुष लगातार देश के सम्मान और स्वाभिमान के लिए लड़ते रहे। उस दौर में देश एकजुट होकर लड़ा होता तो मुगलों के छक्के उसी कालखंड में छुड़ा दिए गए होते और उसके बाद पराधीनता नही मिलती।

श्री योगी ने कहा कि 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर में देश एकजुट होकर लड़ा था। बैरकपुर में मंगल पांडेय, गोरखपुर में बंधु सिंह, मेरठ में धनसिंह कोतवाल, झांसी में रानी लक्ष्मीबाई, बिठूर में तात्या टोपे ने आजादी की लड़ाई की मशाल जलाई। देश का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं था जहां लोगों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हुंकार न भरी हो। पहली बार लगा था कि भारत दासता से मुक्त हो जाएगा। तभी से क्रांति की ज्वाला बुझने नहीं पाई। 1922 में ऐतिहासिक चौरीचौरा जनाक्रोश हुआ, लखनऊ में काकोरी की घटना में कई क्रांतिकारियों को फांसी दी गई। अनगिनत बलिदान से अंततः 15 अगस्त 1947 को देश स्वतंत्र हो गया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वाधीनता दिवस पर बताए गए पंच प्रणों से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि हम लक्षित संकल्पों से जुड़कर अपने अपने क्षेत्र के दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि चाहे वह छात्र हो, शिक्षक, किसान, उद्यमी, व्यापारी या समाज का कोई भी तबका, सबके मन मे ..देश प्रथम. का भाव होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमें अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए आत्मनिर्भर भारत के लिए कार्य करना होगा। पंचायतों और निकायों को हरेक कार्य के लिए सरकार पर निर्भर रहने की बजाय राजस्व के स्त्रोतों को बढ़ाना होगा। पीएम मोदी के पंच प्रण किसी व्यक्ति, मजहब, धर्म या क्षेत्र के लिए नहीं बल्कि देश की 135 करोड़ जनता के लिए मिलकर काम करने का मंत्र हैं। योगी ने कहा कि देश की आजादी के बाद दुनिया को लगा था कि भारत लंबा नहीं चल पाएगा। पर इन 75 वर्षों में अलग.अलग बोली, भाषा, खानपान के बावजूद कश्मीर से कन्याकुमारी तक तथा द्वारिका से बंगाल तक पूरे देश में एक समान राष्ट्रीय भाव भंगिमा दिखती है। हमें और आगे बढ़ने के लिए ..एक भारत.श्रेष्ठ भारत.. का भाव जगाना होगा और इसकी शुरूआत स्वयं से करनी होगी। यदि हमें भारत को विकसित बनाना है तो आत्मनिर्भरता के लक्ष्य पर आगे बढ़ना होगा। ऐसा करके ही हम आजादी के शताब्दी महोत्सव में यह कहने की स्थिति में होंगे कि हमारा देश विकसित और दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा हम इतिहास को विस्मृत कर उज्जवल भविष्य की कल्पना नहीं कर सकते। विकास केवल बोल देने से नहीं होगा बल्कि इसमें सबकी भूमिका होनी चाहिए। इतिहास ज्ञान, विज्ञान के समन्वय से ही विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। जिन महापुरुषों ने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया और गुमनाम रह गए , उन्हें ढूंढना और उनके जरिए वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को प्रेरणा देने का दायित्व शिक्षण संस्थाओं को उठाना होगा।

उन्होंने कहा कि इसी क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संकल्पों से जुड़कर शिक्षण संस्थान खुद को आदर्श केंद्र बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाएं पाठ्यक्रमों के साथ सरकार की योजनाओं की गहरी जानकारी रखें ताकि अध्ययन के बाद छात्र को कहीं भटकना न पड़े। योजनाओं की जानकारी से छात्र अध्ययन के साथ ही अपने आगामी लक्ष्य को तय कर सकेगा और लक्षित संकल्प से ही सिद्धि प्राप्त होगी।

### नीतीश ने प्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री रामचंद मांझी के निधन पर जताया शोक



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री रामचंद्र मांझी के निधन पर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की है। श्री कुमार ने गुरुवार को अपने शोक संदेश में कहा कि पद्मश्री श्री मांझी ने भोजपुरी नृत्य संगीत को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई। उन्हें वर्ष 2017 में संगीत नाटक अकादमी सम्मान से सम्मनित किया गया था। उन्हें पिछले वर्ष पद्मश्री सम्मान मिला। उनके निधन से नृत्य, कला एवं संस्कृति विशेषकर नृत्य संगीत के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## दुर्गा पूजा अनुदान पर हाईकोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद सरकार ने आवंटित की राशि

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में 43 हजार से अधिक दुर्गा पूजा समितियों को 60-60 हजार रुपये की वित्तीय अनुदान देने संबंधी ममता सरकार के फैसले के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिकायें लंबित हैं जिन पर सुनवाई चल रही है। मामले पर कोर्ट का फैसला आने से ही राज्य सरकार ने पूजा समितियों के लिए 240 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित कर दी है। राज्य के गृह विभाग के उप सचिव स्तर के एक अधिकारी ने राज्य पुलिस के डीजी और कोलकाता पुलिस के आयुक्त को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है। राज्य सरकार द्वारा कोलकाता पुलिस क्षेत्र में तीन हजार पूजा समितियों और राज्य पुलिस के अधिकार क्षेत्र तहत जिलों और पुलिस आयुक्तालय क्षेत्रों में 37 हजार 28 पूजा समितियों के लिए कुल 240 करोड़ 16



लाख 80 हजार रुपये का अनुदान आवंटित किया गया है। वित्त विभाग की ओर से बताया गया है कि बुधवार (सात सितंबर) को धनराशि आवंटित कर दी गई है। पूजा समितियों को वितरण के लिए दो अलग-अलग ज्ञापनों के माध्यम से कोलकाता पुलिस को 18 करोड़ जबकि बाकी राशि राज्य पुलिस को दी गई है। उल्लेखनीय है कि अगस्त में राज्य में दुर्गा पूजा समितियों को वित्तीय आवंटन देने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में कई जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं।

## सीमावर्ती क्षेत्र लदनियां थाना में पीएफआइ सदस्य के घर एनआईए टीम की छापामारी

**मधुबनी (एजेंसी)।** जिला के भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के लदनियां थाना क्षेत्र अंतर्गत दो गांव में गुरुवार को एनआइए की टीम द्वारा सघन छापामारी की खबर है। सूत्रानुसार बताया गया कि कथित प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पीएफआइ की सक्रिय सदस्य अन्सारुल्लाह उर्फ अन्सार के घर पर गुरुवार को एनआइए की टीम सदल बल पहुंची है। एनआइए टीम के वरीय पदाधिकारी के सदस्यों द्वारा गुरुवार की सुबह लदनियां थाना के मिजार्पुर काशी नगर टोल व बलुआ नगर टोल पर एक साथ सघन छापामारी शुरू करने की सूचना है। डलोखर पंचायत के दो गांव में विभिन्न घरों में छापामारी जारी बताया गया है। जिला के वरीय पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा इस सन्दर्भ में कुछ भी बताने से परहेज किया। एनआइए टीम के साथ आधा दर्जन वाहनों सहित पर्याप्त पुलिस



बल की टीम गुरुवार को यहां पहुंची। एनआइए के टीम द्वारा गुप्त स्थान पर पीएफआइ के सदस्य अन्सारुल्लाह के पिता पेशे से शिक्षक मो कुदुस से पूछताछ करने की खबर है। इलाका में चहुंओर आमजन के प्रवेश रोक दिया गया। गांव के इर्द-गिर्द के सड़कों पर लोगों का आवागमन बंद रखने की सूचना है।

### जोकीहाट में एनआईए की टीम कर रही छापेमारी

**अररिया।** पटना के फुलवारीशरीफ म पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कार्यालय में आतंकवादी बनाने की ट्रेनिंग अर्थात जेहादी दस्ता तैयार करने और संदिग्ध लोगों को ट्रेनिंग दिए जाने के मामले को लेकर एनआईए की टीम जोकीहाट थाना क्षेत्र के अरतिया गांव में छापेमारी कर रही है। एनआईए टीम के साथ जोकीहाट थाना पुलिस भी साथ मे है। फुलवारीशरीफ मामले में अरतिया गांव के रहने वाले एहसान परवेज उर्फ एहसान इंजीनियर के घर पर एनआईए स्थानीय पुलिस के साथ छापेमारी कर रही है। पिछले दिनों पटना में पीएफआई के कार्यालय से मिले दस्तावेज तथा गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में कटिहार के दो तथा अररिया जिले एहसान परवेज की संलिप्तता की बात सामने आई थी। कटिहार के हसनगंज प्रखंड अंतर्गत रामपुर बंशी मुजफ्फर टोला का महबूब नदवी वर्तमान में पीएफआई के प्रदेश अध्यक्ष हैं और उनकी ही टीम में एहसान परवेज के शामिल होने और सीमांचल में मुस्लिम युवाओं को पीएफआई से जोड़ने की जिम्मेवारी मिलने की बात कही जा रही है। एहसान परवेज उर्फ एहसान इंजीनियर एसडीपीआई के प्रदेश महासचिव हैं। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया, एक भारतीय राजनीतिक दल है जिसकी स्थापना 21 जून 2009 को नई दिल्ली में हुई थी। इसे इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया की राजनीतिक शाखा माना जाता है। यह 13 अप्रैल 2010 को भारत के चुनाव आयोग के साथ पंजीकृत किया गया था। फिलहाल छापेमारी जारी है और मामले को लेकर कोई कुछ भी तत्काल बताने से बच रहे हैं।

### हाईवे पर टहलते ग्रामीणों को कार ने रौंदा, तीन की मौत

**गाजीपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोग अनियंत्रित कार की चपेट में आ गए। इस दुर्घटना तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार वाराणसी-मऊ हाईवे पर गुरुवार भोर में तेज रफ्तार कार ने सडक पर टहलते लोगों को रौंद दिया। हादसे में मिठ्ठापारा गांव निवासी अच्छेलाल यादव, विनोद यादव और दिवाकर की मौत हो गई। वहीं दो लोग मामूली चोटिल होकर बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया। गौरतलब है कि वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन होने के चलते प्रतिदिन भोर में लोग इस पर टहलते हैं। गुरुवार की भोर हाइवे पर वाराणसी की ओर जा रही तेज गति कार अनियंत्रित होकर टहलते लोगों की ओर पहुंच गई। तीन लोगों को कार ने रौंद दिया, जिससे दो लोग सड़क पर जा गिरे जबकि एक विनोद कार के बोनट में फंस गए। इसके बाद कार दाहिने तरफ डिवाइडर से टकराकर रुक गई। गंभीर चोट आने से मौके पर ही तीनों की मौत हो गई।

## सरकार के खनन विभाग में है दूध की रखवाली बिल्ली को देने वाली कहावत सच : सुशील मोदी

**पटना (एजेंसी)।** राज्यसभा सदस्य और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने खनन मंत्री रामानंद यादव को बर्खास्त करने की मांग की है। इसके साथ उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से खनन विभाग राजद कोटे से लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सूचिता की बात करते हैं तो हमने जो सवाल उठायें हैं उसका जवाब दें। भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को प्रेस वार्ता कर उन्होंने राजद का संबंध बालू माफियाओं से होने की बात कही है। उन्होंने इसे लेकर कुछ सबूत भी दिये है। उन्होंने कहा कि बालू के अवैध कमाई से एक पार्टी विशेष की तिजोरी को भरी जा रही है। इस धंधे में राजद के लोग शामिल हैं। ऐसे में खनन विभाग जिसके अंदर ही बालू का कारोबार होता है उस विभाग का मंत्री रामानंद यादव को बनाया गया। सुशील मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खनन मंत्री रामानंद यादव को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें और यह विभाग राजद कोटे से अलग करें। सुशील मोदी ने कहा कि मेरी ओर से उठाये गये पॉइंट्स का जवाब नीतीश कुमार दे।हम पर रामानंद यादव ने आरोप लगाए थे। इस पर उन्हें नोटिस दिया गया



है। दो-चार दिनों में मानहानि का केस भी दर्ज किया जाएगा। इसी तरह के आरोप मनोज झा ने लगाए थे। हम ने मानहानि का मुकदमा उनपर किया था। कोर्ट ने पिछले हफ्ते ही संज्ञान लिया है। सुशील मोदी ने कहा कि अब खनन विभाग के पदाधिकारियों को उनके ही कार्यालय में धमकी दी जा रही है। खनन अधिकारी को धमकी देने वाले माफिया जो आपके सरकार में बैठे हुए हैं, उन पर कोई कार्रवाई होगी ? एक कहावत है कि दूध की रखवाली बिल्ली को.....। ऐसा ही हुआ है। माइंस डिपार्टमेंट उस पार्टी और व्यक्ति को दिया गया जिसका पूरा संबंध बालू माफिया से है। इसलिए नीतीश कुमार जो सुचिता की बात करते हैं, इस पर उनको जवाब देना चाहिए और हम चाहते है कि वह मेरे सवालों का जवाब दे।

## 196 करोड़ रुपये कैश मामले में कानपुर जेल की सलाखों से बाहर आया पीयूष जैन

### इत्र कारोबारी पीयूष की कई दिनों से किसी न किसी कारण से नहीं हो पा रही थी रिहाई

**कानपुर (एजेंसी)।** 196 करोड़ रुपये कैश और 23 किलो सोना बरामदगी मामले में करीब नौ माह से कानपुर जेल में बंद धनकुबेर इत्र कारोबारी पीयूष जैन की आखिरकार गुरुवार को रिहाई हो गई। कई दिनों से किसी न किसी कारण से उसकी रिहाई लटक जाती थी, जबकि एक सितम्बर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कैश मामले में जमानत दे दी थी। वहीं सोना मामले में पहले ही जमानत हो चुकी थी। दरअसल अहमदाबाद की डीडीजीआई टीम ने इत्र कारोबारी पीयूष जैन के कानपुर के ठिकानों पर 23 दिसंबर 2021 को छापेमारी की थी। नकदी और सोना मिलने पर कन्नौज स्थित भी पीयूष के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। डीडीजीआई की टीम को कई दिनों के सर्च के बाद सभी जगहों से 196 करोड़ कैश बरामद हुआ था। इसके अलावा 23 किलो सोना



भी बरामद हुआ था। डीडीजीआई की टीम ने 23 दिसम्बर को ही पीयूष जैन को पुलिस के हवाले कर दिया था और 27 दिसंबर को डीडीजीआई ने पीयूष को जेल भेज दिया था। तब से वह कानपुर की जेल में बंद है और बराबर कोर्ट में उसकी जमानत याचिका खारिज होती रही। इस दौरान कानपुर में मुंबई तक से वकील पीयूष की जमानत को पहुंचे थे, लेकिन कानपुर की लोअर और सेशन दोनों कोर्ट ने उसकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थी। इसके बाद पीयूष का बेटा प्रत्युष जैन हाई कोर्ट पहुंचा। जहां अधिवक्ता पीयूष कुमार शुक्ला ने पीयूष जैन की जामनत की पैरवी शुरू की। आखिर अपनी गिरफ्तारी के 212 दिन बाद पीयूष जैन को पहली राहत की खबर मिली। जब हाईकोर्ट ने पीयूष की विदेशी सोना रखने के मामले में जमानत मंजूर कर ली। अधिवक्ता पीयूष कुमार शुक्ल ने गुरुवार को बताया कि इत्र कारोबारी पीयूष के 196 करोड़ रुपये कैश मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक अगस्त को सुनवाई पूरी हो गई थी। एक महीने बाद एक सितम्बर को हाईकोर्ट ने उनके जमानत का आदेश जारी कर दिया। हाईकोर्ट ने कुछ शर्तें रखी थीं जिसके चलते कई दिनों से किसी न किसी कारण से पीयूष की रिहाई नहीं हो पाई थी और आज 251 दिन बाद पीयूष की रिहाई हो गई। बताया कि इस दौरान एक करोड़ रुपये का टैक्स भी चुकता किया गया है।

### इस बार साढ़े 14 लाख दीपों की रोशनी से जगमगायेगी अयोध्या

## छठवें दीपोत्सव भव्य रूप से मनाने के लिये तैयारियां शुरू

**अयोध्या (एजेंसी)।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में जिला प्रशासन ने छठवें दीपोत्सव 23 अक्टूबर को भव्य रूप से मनाने के लिये तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसमें इस बार 14 लाख 50 हजार दीप प्रज्ज्वलित कर गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में उपलब्धि को दर्ज कराया जायेगा। प्रदेश की योगी सरकार ने इस भव्य समारोह में दीप जलाने की जिम्मेदारी इस बार भी डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को सौंपी है। दीप, बाती, तेल व भोजन समेत अन्य कार्यों के लिए ऑनलाइन टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस सिलसिले में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी ने राम की पैड़ी स्थित घाट का निरीक्षण भी किया है। विश्वविद्यालय ने निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा सोलह लाख से अधिक दीप जलाने की योजना बनायी है। इसके लिए इस बार करीब पचपन हजार लीटर सरसों के तेल की आवश्यकता होगी।



बीते वर्ष दीपोत्सव में नौ लाख 41 हजार 551 दीप के लिए करीब 36 हजार लीटर सरसों के तेल की आवश्यकता पड़ी थी। इस बार घाटों की संख्या भी बढ़ायी जायेगी, साथ ही पिछली बार की अपेक्षा छह हजार अधिक वालंटियर्स लगाये जायेंगे।

दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह, सह नोडल अधिकारी डॉ. संग्राम सिंह ने अन्य अधिकारियों के साथ राम की पैड़ी व आसपास का निरीक्षण भी किया है। कहां-कहां घाटों पर दीप जलाये जा सकते हैं इसको भी देखा। राम की पैड़ी पम्प हाउस से लक्ष्मण किला से आगे सद्गुरू सदन तक स्थित घाटों पर दीप जलाने के लिये चिन्हित किया गया। इसके अलावा अभी और भी जगह की तलाश जारी है। बीते पांच वर्षों में दीप जलाने वाले वालंटियर्स को समारोह स्थल तक आने-जाने के लिए काफी असुविधा का सामना करना पड़ा था, इसको देखते हुए इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन्हें समारोहस्थल तक पहुंचाने व वापस घर पहुंचाने के लिए यातायात की व्यवस्था करने जा रहा है। इसके लिए स्कूल बसों का प्रबंध करने की योजना बनायी गयी है। दीपोत्सव की तैयारी को लेकर राम की पैड़ी स्थित घाट का निरीक्षण प्रो. अजय प्रताप सिंह ने किया है और उन्होंने कहा है कि इस बार भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में दीपोत्सव भव्य रूप से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

दीपोत्सव की तैयारी को लेकर मंडलायुक्त ने भी बैठकें की हैं, जिसमें बेहतर व्यवस्था के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिया है। इसी सिलसिले में अभी प्रदेश के मुख्य सचिव ने भी दीपोत्सव को भव्य रूप से मनाने की तैयारी करने के लिये जिला प्रशासन को निर्देश भी दिया है। इन सभी बैठकों में मंडलायुक्त नवदीप रिणवा, जिलाधिकारी नितीश कुमार, नगर आयुक्त विशाल सिंह सहित कई अधिकारीगण मौजूद भी थे।

## राजगीर अनुमंडल में कहर बरपा रहा डेंगू मच्छर जनित बीमारी

**बिहारशरीफ (एजेंसी)।** राजगीर अनुमंडल क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों डेंगू मच्छर कहर बरपा रहा है। जहां गुरुवार को 10 लोग डेंगू मच्छर जनित बीमारी की चपेट में आकर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कराने को विवश हैं। वहीं दूसरी ओर नगर परिषद क्षेत्र के बड़ा रीमो रानीपुर नाहूब बढ़ौना कटारी सहित कई गांवों में डेंगू ने कहर बरपा रखा है। मोरा गांव में एक और नए मरीज मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। शहर के मास्टर कॉलोनी आर्य समाज मंदिर इलाके में भी डेंगू मच्छर का प्रकोप काफी बढ़ गया है। अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी उपाध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र ने बताया कि गुरुवार को 11 मरीज अस्पताल में भर्ती किए गए हैं। सबों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुखार हो तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। अस्पताल में जांच व इलाज की काफी व्यवस्था है। डेंगू मच्छर




जनित बीमारी से ग्रसित मरीजों के लिए 35 स्पेशल वार्ड भी बनाया गया है। उन्होंने सलाह दिया है कि अपने घर के आस-पास जलजमाव नहीं होने दें। साथ ही नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी जफर इकबाल अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचकर डेंगू का प्रकोप से ग्रसित मरीजों का हालचाल जाना और आवश्यक इलाज समय देने की निर्देश दिया। अस्पताल पहुंचने पर उन्होंने कहा कि मरीजों को मच्छरदानी लगाने डेंगू वार्ड में भर्ती मरीजों से मिलकर सुविधाओं की भी जानकारी ली गई।

## न्यूज गैलरी

### एफआईएच ने विश्व कप 2023 के लिए ड्रॉ घोषित किया, पूल-डी में पहुंचा भारत

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने ओडिशा में होने वाले हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 के लिए गुरुवार को ड्रॉ घोषित किया। एफआईएच ने भारत को पूल-डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ रखा है। गत चैंपियन बेल्जियम को जर्मनी, कोरिया और जापान के साथ पूल-बी में जगह दी गई है। इसके अलावा पूल-ए में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका, जबकि पूल-सी में नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, मलेशिया और चिली को शामिल किया गया है। एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप का आयोजन ओडिशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में 13 जनवरी 2023 से किया जाएगा।

### शुभमन को अनोखे अंदाज में मिली जन्मदिन की शुभकामनाएं

**कार्डिफ (एजेंसी)।** भारतीय टीम के अगले सुपरस्टार मानेजाने वाले शुभमन गिल का के 23वें जन्मदिन के मौके पर इस धाकड़ बल्लेबाज को दुनियाभर से शुभकामनाएं मिलीं। सोशल मीडिया पर फैंस अपने-अपने तरीके से टीम इंडिया के उभरते क्रिकेटर को विश करते दिखे। ऐसे में स्टार स्पोर्ट्स ने भी अपने अनोखे अंदाज में शुभमन को शुभकामनाएं दी हैं। चैनल ने कू ऐप के आधिकारिक हैंडल से शुभमन की एक शानदार तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, नौजवान, बेहतरीन और टीम इंडिया के भविष्य, शुभमन गिल को जन्मदिन की शुभकामनाएं। गौर हो कि अंडर-19 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रहे शुभमन गिल ने लगातार घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने सभी को इस कदर प्रभावित किया कि उन्हें भारतीय सीनियर टीम में जगह मिल गयी। 11 टेस्ट और 9 वनडे खेल चुके शुभमन, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भी टीम का हिस्सा थे, लेकिन चोट के चलते इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से उन्हें बाहर होना पड़ा था।

### यूएस ओपन : कारेन खचानोव ने किर्गियोस को हराकर सेमीफाइनल में रखा कदम

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** रूस के कारेन खचानोव ने करीबी मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस को हराकर यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। 27वीं सीड खचानोव ने तीन घंटे 39 मिनट चले क्वार्टरफाइनल में किर्गियोस को 7-5, 4-6, 7-5 6-7 (3) 6-4 से हराया। रूसी खिलाड़ी ने जीत के बाद कहा- शुरू से अंत तक यह एक शानदार प्रदर्शन था। मैं वहां अंत तक रहा और अपने मौकों का इंतजार किया। मैंने कुछ मौके बनाए भी। मैं बेहद खुशी, बेहद गौरवान्वित हूं कि मैं मैच को समाप्त कर पाया। मैच पॉइंट के लिए सर्विस करना कभी आसान नहीं होता है। मैं खुश हूं कि मैं ऐसा करके अपने पहले सेमीफाइनल में जगह बना पाया। 26 वर्षीय खचानोव साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत एटीपी लाइव रैंकिंग में 13 पायदान की छलांग लगाकर 18वें स्थान पर आ गये हैं। अगर वह टूर्नामेंट जीतते हैं तो शीर्ष-10 में भी पहुंच सकते हैं। दूसरी ओर, किर्गियोस ने भी ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले एलेक्स डी मिनौर को पछाड़ कर 19वां स्थान हासिल कर लिया है। किर्गियोस ने हार के बाद कहा- बेशक, मैं निराश हूं लेकिन सारा श्रेय कारेन को जाता है। वह एक योद्धा हैं। मेरे अनुसार उन्होंने आज बहुत अच्छी सर्विस की। सच कहूं तो मैंने इस टूर्नामेंट में जिन खिलाड़ियों का सामना किया उनमें शायद यह सर्वश्रेष्ठ सर्विस वाले हैं। खचानोव का सामना सेमीफाइनल में नॉर्वे के कैस्पर रूड से होगा, जो गत चैंपियन दानिल मेदवेदेव और 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता राफेल नडाल के बाहर होने के बाद एटीपी की शीर्ष रैंकिंग बनने के प्रयास में हैं।

# टी-20 विश्व कप से पहले वॉर्म-अप मैच खेलेगा भारत

**दुबई (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले सभी 16 टीमों के लिए अभ्यास (वॉर्म अप) मैचों की घोषणा की। आईसीसी ने बताया कि ये सभी मैच ब्रिस्बेन और मेलबर्न में खेले जाएंगे। पहले दौर की टीमें अपने वॉर्म अप मैच 10 और 13 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड और जंक्शन ओवल में खेलेंगी। सुपर-12 राउंड में सीधे प्रवेश करने वाली टीमें अपने वॉर्म-अप मुकाबले 17 और 19 अक्टूबर को ब्रिस्बेन के गाबा में खेलेंगी, जिसमें भारत भी शामिल है। पहला अभ्यास मैच 10 अक्टूबर को जंक्शन ओवल में वेस्टइंडीज और संयुक्त अरब अमीरात के बीच होगा। स्कॉटलैंड फिर नीदरलैंड और श्रीलंका के साथ एक ही दिन में दो अन्य मैचों में उसी स्थान पर जिम्बाब्वे से खेलेगा। भारतीय टीम अपना पहला मैच



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 अक्टूबर को खेलेगी। रोहित शर्मा की टीम दो दिन बाद 19 अक्टूबर को न्यूजीलैंड का सामना करेगी। आईसीसी टी20 पुरुष विश्व कप की शुरूआत 16 अक्टूबर को श्रीलंका बनाम नामीबिया मुकाबले से होगी। भारत अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

## रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज : सचिन तेंदुलकर ने शुरू किया अभ्यास

**कानपुर (एजेंसी)।** रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 10 सितम्बर से शुरू होने वाली है और पहला मुकाबला इंडिया लीजेंड्स और साउथ अफ्रीका लीजेंड्स के बीच खेला जाएगा। इंडिया लीजेंड्स के कप्तान महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर टूर्नामेंट की तैयारियों में लगे हैं और इस दौरान वह कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में बल्लेबाजी का अभ्यास करते हुए नजर आए। इस दौरान उनके साथ मैदान पर यूसुफ पठान और सिक्सर किंग युवराज सिंह की शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक सचिन बुधवार को कानपुर पहुंचे और शाम को उन्होंने ग्रीन पार्क में अभ्यास शुरू किया। अभ्यास के दौरान बुधवार को युवी ने छक्के भी लगाए। सोशल मीडिया पर युवी का बैटिंग प्रैक्टिस का एक वीडियो भी साझा किया गया है। गौर हो कि रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं जिसके तहत 4 शहरों में कुल 23 मैच होंगे। इसमें भाग लेने वाली टीमों में इंडिया लीजेंड्स, दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स, वेस्टइंडीज लीजेंड्स, ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स, श्रीलंका लीजेंड्स, बांग्लादेश लीजेंड्स, इंग्लैंड लीजेंड्स और न्यूजीलैंड लीजेंड्स शामिल हैं। दूसरे सीजन में 10 सिंतबर से 15 सितंबर के बीच कानपुर में मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद 17 से 19 सितंबर के बीच इंदौर और 21 से 25 सितंबर के बीच छह मुकाबले देहरादून में खेले जाएंगे। फाइनल और सेमीफाइल समेत कुल पांच मैच छत्तीसगढ़ के रायपुर में खेले जाएंगे।

### तीन साल बाद कोहली ने खेली शतकीय पारी

# 101 रन से जीता भारत, भुवी ने चार रन देकर झटके पांच विकेट

**दुबई (एजेंसी)।** विराट कोहली के शतक का सूखा खत्म हो गया है। उन्होंने एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर-4 मुकाबले में बेहतरीन शतकीय पारी खेली। विराट ने 61 गेंदों पर नाबाद 122 रन बनाए। उन्होंने 53 गेंदों पर शतक पूरा किया। टीम इंडिया ने 20 ओवर में दो विकेट खोकर 212 रन बनाये। भारत की ओर से इस मैच में कप्तानी कर रहे केएल राहुल ने 62 रन बनाये। जवाब में अफगानिस्तान की बहुत ही खराब शुरूआत हुई है। 20 ओवर में टीम 111 रन ही बना सकी। भुवनेश्वर कुमार ने पांच विकेट लिये। वहीं, अर्शदीप सिंह, आर. अश्विन और दीपक हुड्डा के खाते में एक-एक विकेट आया है।

**2019 के बाद किंग कोहली की सेंचुरी :** विराट ने करीब तीन साल (1020 दिन) बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक जमाया है। इससे पहले उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता टेस्ट में 23 नवम्बर, 2019 को अपने करियर का 70वां शतक जमाया था। यह उनका टी-20 इंटरनेशनल में पहला शतक है। विराट कोहली अब सबसे ज्यादा इंटरनेशनल शतक जमाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की बराबरी पर आ गये हैं। दोनों के नाम 71-71 शतक हैं। 100 शतकों के साथ सचिन तेंदुलकर सबसे आगे हैं। विराट ने अपने टी-20 करियर की 32वीं फिफ्टी लगायी है। रेगुलर कैप्टन रोहित शर्मा की गैरहाजिरी में लोकेश राहुल ने



कप्तानी की। राहुल और विराट ओपनिंग करने आये और पहले विकेट की पार्टनरशिप में 119 रन जोड़े। राहुल के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए सूर्यकुमार यादव ने पहली ही गेंद पर शानदार छक्का लगाया, लेकिन अगली बॉल पर वो क्लीन बोल्ड हो गए। उन्होंने 2 गेंद में 6 रन बनाए।

## काउंटी चैम्पियनशिप में शुभमन गिल का शानदार आगाज, ठोके 92 रन



**कार्डिफ (एजेंसी)।** भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल ने काउंटी चैंपियनशिप के डेब्यू मैच को उस समय यादगार बना दिया जब उन्होंने 92 रनों की शानदार पारी खेली और अपनी टीम ग्लैमरगन बुधवार को वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ तीसरे दिन सात विकेट पर 230 के स्कोर पर पहुंचाया। गिल की 92 रनों की शानदार पारी का अंत तब हुआ जब वह एड बरनार्ड की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हुए। इससे पहले 50 ओवर फेंके जाने के बाद खराब रोशनी के कारण खेल रोक दिया गया था। इस 22 वर्षीय भारतीय ने अपनी पहली 92 रनों की पारी के लिए 148 गेंदें लीं, जिसमें 9 चौकों और एक छक्का शामिल था। गिल ने कहा कि यहां आना और काउंटी क्रिकेट खेलना और बीच में कुछ समय बिताना मेरे लिए एक अच्छा अनुभव था, इसलिए आज मेरे लिए यह अच्छी सैर थी। घर वापस जाने के लिए परिस्थितियां अलग हैं, खासकर बारिश के साथ-आप रुकते हैं, आप फिर से शुरू करते हैं, आप रुकते हैं, आप फिर से शुरू करते हैं, जो कि जब आप जोन में होते हैं तो यह चुनौतीपूर्ण होता है। जब आप मैदान में खेलते हैं तो यह अनुभव का भी हिस्सा होता है। गिल ने कहा कि उन्होंने कुछ अच्छी गेंदें डाली। हमें मैच बचाने के मामले में उन्हें अच्छी प्रतिस्पर्धा देने में सक्षम होना चाहिए। हमारा पहला लक्ष्य 250 से अधिक और बल्लेबाजी बोनस अंक प्राप्त करना है, एक बार जब हम इसे पार कर लेते हैं तो भी अगर हम फॉलो ऑन करते हैं, मुझे लगता है कि हम मैच बचा सकते हैं। आउट होना निश्चित रूप से निराशाजनक है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उसके बाद बारिश होती है या नहीं। मैं काफी निराश था, खासकर 92 पर आउट होने के बाद, लेकिन मैं अपने प्रदर्शन से काफी संतुष्ट था, क्योंकि मैं कुछ समय बिताना चाहता था। उम्मीद है कि जब मैं ग्लैमरगन के लिए आगे बल्लेबाजी करूंगा तो मैं परिस्थितियों से परिचित हो जाऊंगा।

## बड़ी टीमों के खिलाफ मनोवैज्ञानिक समस्या को दूर करने की जरूरत : फेरांडो



**कोलकाता (एजेंसी)।** एटीके मोहन बागान के मुख्य कोच जुआन फेरांडो ने यहां एएफसी कप अंतर क्षेत्र सेमीफाइनल में कुआलालंपुर सिटी एफसी के खिलाफ अपनी टीम की निराशाजनक हार को महाद्वीप के बड़े क्लब का सामना करते हुए मनोवैज्ञानिक समस्या बताया। सभी चीजें एटीके मोहन बागान के पक्ष में थीं- दर्शकों का समर्थन, 78 प्रतिशत समय गेंद पर कब्जा और गोल पर 19 शॉट (प्रतिद्वंद्वी टीम की तुलना में दोगुने) लेकिन 2021 की तरह टीम को एक बार फिर 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। बुधवार को सॉल्ट लेक स्टेडियम में एटीके मोहन बागान की हार के बाद फेरांडो ने कहा कि यह एक मनोवैज्ञानिक समस्या है लेकिन एक बड़े क्लब के लिए खेलते समय जज्बा दिखाना आवश्यक है। यहां तक कि अगर आप एक अवसर पर चूक जाते हैं तो आपको काम जारी रखना होगा। उन्होंने कहा कि मेरी तरह खिलाड़ी भी बहुत निराश हैं लेकिन समाधान यह है कि हम काम करना जारी रखें। स्पेन के इस कोच ने कहा कि हमें अपनी फिनिशिंग पर काम करने की जरूरत है क्योंकि यह एक समस्या है। 65 मिनट के बाद मैं खिलाड़ियों से बात कर रहा था कि हमारे जज्बे और व्यक्तित्व को दिखाना जरूरी है। कुआलालंपुर सिटी एफसी ने 2017 में नया प्रारूप पेश किए जाने के बाद से अंतर क्षेत्रीय फाइनल में जगह बनाने वाली पहली मलेशियाई टीम बनकर इतिहास रच दिया। टीम का सामना पांच अक्टूबर को अंतर क्षेत्र फाइनल में पदार्पण कर रही साथी टीम पीएफसी सोगडियाना से होगा।

### सिंकीफील्ड कप शतरंज

## सभी मुकाबले बेनतीजा-वेसली सो की बढ़त बरकरार

**सैंट लुईस (एजेंसी)।** 2022 के सबसे मजबूत सुपर ग्रांड मास्टर क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट में पांच राउंड के बाद यूएसए के वेसली सो की एकल बढ़त बरकरार है। दरअसल, पांचवें राउंड में खेले गए सभी मुकाबले बेनतीजा रहे। सबसे आगे चल रहे यूएसए के वेसली सो नें सफेद मोहरो से खेलते हुए हमवतन लेवोन अरोनियन से बाजी ड्रॉ खेली और 3 अंको के साथ अपनी एकल बढ़त को कायम रखा है। अन्य मुकाबलों में अजरबैजान के मामेद्यारोव नें यूएसए के फबियानों कारुआना से, यूएसए के दोमिंगेज पेरेज नें हमवतन नीमन हंस से और फ्रांस के मकसीम लागरेव नें रूस के यान नेपोमिन्सी से आधा अंक बांट लिया।

## अच्छा लगता है जब हमारी मेहनत को पहचाना जाये : हरमनप्रीत

**लुसाने (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के शीर्ष ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच हॉकी स्टार्स अवाड्र्स 2021-22 में साल के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित होने के बाद कहा कि एफआईएच पुरस्कारों के जरिए उनकी मेहनत को पहचान मिलना एक अच्छा एहसास है। हरमनप्रीत ने 2020-21 में भी साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। हरमनप्रीत ने पुरस्कार के लिए नामांकित होने पर कहा- यह मेरे लिए सम्मान का विषय है। मैंने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और टीम की सफलता में योगदान देने का प्रयास किया है। अच्छा लगता है जब आपकी मेहनत को एफआईएच स्टार पुरस्कार के जरिए पहचाना जाता है। मैं भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम के अन्य नामित खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं देना चाहता हूं। हरमनप्रीत ने भारतीय टीम के साथ एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी ढाका 2021 में कांस्य पदक जीता था, जबकि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में टीम रजत पदक लाई थी। हरमनप्रीत ने टीम के भविष्य पर कहा- हम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 के लिए उत्सुक हैं।




# आसिफ के आऊट होने पर भी हमें नसीम पर भरोसा था : बाबर

**शारजाह (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट के सुपर फोर चरण में एक विकेट की रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने बुधवार को कहा कि उन्हें 10वें क्रम के बल्लेबाज नसीम शाह पर भरोसा था। पाकिस्तान को 20वें ओवर में जीत के लिए 11 रन की जरूरत थी और क्रीज पर उसकी आखिरी जोड़ी थी। नसीम ने फजल हक फारूकी की शुरूआती दो गेंदों पर छक्का लगाकर पाकिस्तान को यादगार जीत दिला दी। मैच के बाद बाबर ने पुरस्कार समारोह में कहा कि सच कहूं तो ड्रेसिंग रूम में काफी



तनावपूर्ण माहौल था। हम पिछले कुछ मैचों की तरह इस मुकाबले में भी साझेदारियां नहीं बना सके। नसीम ने हालांकि जिस तरह से मैच खत्म किया, उसके बाद आप सकारात्मक माहौल को महसूस कर सकते है। उन्होंने नसीम के छक्के की तुलना जावेद मियांदाद की इसी मैदान में भारत के खिलाफ 1986 में आखिरी गेंद पर लगाए छक्के से करते हुए कहा- मैंने नसीम को इस तरह बल्लेबाजी करते देखा है, इसलिए मुझे थोड़ा विश्वास था। इसने मुझे इसी मैदान पर मियांदाद के द्वारा लगाये छक्के की याद दिला दी। उन्होंने अफगानिस्तान की गेंदबाजी की तारीफ करते हुए कहा- राशिद (खान), मुजीब (उर रहमान) और (मोहम्मद) नबी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं इसलिए आपको उनके खिलाफ समझदारी से जोखिम लेने की जरूरत होती है। हमारी योजना मैच को आखिरी ओवर तक ले जाने की थी। अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने टीम के गेंदबाजों की तारीफ की लेकिन मैच को सही तरीके खत्म नहीं करने पर निराशा जतायी। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ियों गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में कमाल का प्रदर्शन किया। हम फिर से मैच को अपने पक्ष में खत्म करने में नाकाम रहे। हमने किसी भी स्तर पर हार नहीं मानी थी। मैंने आखिरी ओवर में फारूखी से सटीक यॉर्कर या धीमी बाउंसर डालने के लिए कहा था।

### बाबर आजम चार मैचों में बना पाये हैं सिर्फ 33 रन

**एशिया** कप 2022 शुरू होने से पहले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम आईसीसी टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में पहले नंबर पर थे, लेकिन जैसे ही एशिया कप शुरू हुआ उनके रैंकिंग प्वाइंट कम होने लगे। नतीजा यह हुआ कि भारत के खिलाफ सुपर-4 के मुकाबले के बाद वह आईसीसी टी-20 रैंकिंग में पहले स्थान से खिसककर दूसरे स्थान पर आ गये। हालांकि, पाकिस्तान के लिए राहत की बात यह रही कि उनका मोहम्मद रिजवान रैंकिंग में पहले नंबर पर आ गया। एशिया कप के चार मैचों में महज 33 रन बनाकर पाकिस्तान का यह शेर एशिया कप में ढेर होता हुआ नजर आया।

## न्यूज गैलरी

### चेक बाउंस मामले में टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन ग्राहक पर 24,000 रुपये का जुर्माना

**नयी दिल्ली।** टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन ने बताया कि तीस हजारी की एक डिजिटल अदालत ने उसके बिजली बिल का भुगतान करने के लिए जारी चेक के बाउंस होने पर ग्राहक के खिलाफ 24,000 रुपये की क्षतिपूर्ति करने का आदेश दिया है। कंपनी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि न्यायाधीश अरुणा नागर की अदालत ने मजनू का टीला के निवासी और टाटा पावर-डीडीएल के उपभोक्ता को क्षतिपूर्ति न करने पर एक माह का कारावास देने की सजा सुनायी है। बयान में कहा गया है कि अदालत ने डिसकॉम द्वारा द नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स (एनआई) एक्ट, 1881 की धारा 138 के तहत दायर मामले में यह आदेश पारित किया है। उपभोक्ता ने अपने बिजली बिल का भुगतान करने के बदले 21,500 रुपये का चेक जारी किया था जो डिसऑनर हो गया जिसकी क्षतिपूर्ति के तौर पर अदालत ने 24,000 रुपये के मुआवजे का आदेश जारी किया है। कंपनी ने कहा है कि यह एक ही महीने में दूसरा अवसर है जबकि किसी उपभोक्ता को चेक बाउंस होने पर सजा सुनाई गई है।

### शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे चढ़ा

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में कमी और अन्य एशियाई मुद्राओं में तेजी के बीच रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 27 पैसे चढ़कर 79.68 के स्तर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 79.72 पर खुला और फिर शुरूआती सौदों में बढ़त दर्ज करते हुए 79.68 के स्तर पर आ गया। इस तरह स्थानीय इकाई ने पिछले बंद भाव के मुकाबले 27 पैसे की बढ़त दर्ज की। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे की गिरावट के साथ 79.95 पर बंद हुआ था। इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत गिरकर 109.78 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.06 प्रतिशत बढ़कर 88.93 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को शुद्ध रूप से 758.37 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### म्यूचुअल फंड्स किन सेक्टर्स में कर रहे हैं निवेश



नई दिल्ली। बाजार जब दायरे में कारोबार कर रहा हो तो मन में सवाल आता है कि वो कौन से सेक्टर हैं जहां ग्रोथ देखने को मिल रही है और फिर इसके बाद सवाल आता है कि वो शेयर कौन से हैं जो अच्छा कर रहे हैं। रिटेल निवेशकों के मन में ये सवाल अक्सर रहते हैं लेकिन हमें ये भी सोचने की जरूरत होती है कि म्युचुअल फंड्स कौन से सेक्टर्स का चुनाव कर रहे हैं। इससे रिटेल निवेशकों को सेक्टर और शेयरों के चयन में काफी मदद मिलती है। निफ्टी के मौजूदा स्तरों के बात करें तो शेयर बाजार में हमेशा से बुल वर्सेज बीयर की लड़ाई रहती है। इस समय भी तेजी करने वालों को उम्मीद है कि निफ्टी 18,000 के स्तर को छुएगा लेकिन वहीं मंदी करने वालें 17400 के स्तर के टूटने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन इस सबको समझने से पहले आपके लिए आसान रास्ता ये है कि आप ये भी समझे कि म्युचअल फंड्स आखिर कौन से सेक्टर और शेयरों पर दांव लगा रहे हैं। क्योंकि ज्यादातर फंड हाऊस उन कंपनियों पर दांव लगाते हैं जिनकी आय में लगातार बढोतरी का अनुमान होता है। कोविड महामारी के बाद जिस तरह बाजार में नए निवेशक आए हैं तो वहीं निवेश करने का नजरिया भी बदल गया है। अब पहले से ज्यादा डेटा मौजूद होता है और तकनीकी तौर पर भी फंड मैनेजर अब बेहतर पोजिशन में होते हैं। कोविड से पहले और कोविड के बाद फंड्स को मैनेज करने के तरीकों में अब काफी बदलाव आ चुका है। बैंकिंग किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी होती है। भारत में भी बैंकिंग सेक्टर जीडीपी की ग्रोथ से लिंक्ड है। भारत में जीडीपी की तेजी से रिकवरी के बाद म्युचुअल फंड्स अभी भी बैंकिंग सेक्टर को पहली पंसद मानते हैं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 सितम्बर को करेंगे आईडीएफ डब्ल्यूडीएस 2022 का उद्घाटन

# भारत दुनिया के दुग्ध उत्पादन में 23 फीसदी योगदान देता है

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 12 सितम्बर को ग्रेटर नोएडा में आईडीएफ वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 का उद्घाटन करेंगे। ह्यडेयरी फॉर न्यूट्रिशन एण्ड लिवलीहुडह्न यानि पोषण एवं आजीविका के लिए डेयरी विषय पर आधारित इस सम्मेलन में भारतीय एवं विश्वस्तरीय डेयरी उद्योग के विशेषज्ञ, किसान, नीति निमार्ता हिस्सा लेंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह तथा मछलीपालन, पशुपालन एवं डेयरी के लिए केन्द्रीय मंत्री श्री परषोत्तम रूपाला भी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। 1974 में भारत द्वारा इंटरनेशनल डेयरी कॉन्ग्रेस के आयोजन के बाद पिछले 48 वर्षों से इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशनल के अध्यक्ष श्री पियरक्रिस्टियानो, आईडीएफ की




महानिदेशक मिस कैरोलीन एमंड, आईडीएफ की भारतीय राष्ट्रीय समिति के सचिव एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री मीनेश शाह भी सम्मेलन में मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश, जो देश में सबसे ज्यादा दुग्ध उत्पादन करने वाले राज्यों में से एक है और देश के कुल उत्पादन का तकरीबन 15 फीसदी हिस्सा बनाता है। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ उद्घाटन समारोह के दौरान सभा को सम्बोधित करेंगे। भारत छोटे डेयरी किसानों से लेकर सहकारी रणनीति के आधार अपनी बदलावकारी यात्रा का प्रदर्शन करेगा। चार दिवसीय आईडीएफ डब्ल्यूडीएस 22 से पहले कारोबार बैठकों की एक श्रृंखला का आयोजन भी किया जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाली ये बैठकें 9 सितम्बर से शुरू होंगी, बैठकों के दौरान भारत के 8 करोड़ से अधिक छोटे एवं सीमांत डेयरी किसानों (जिनके पास औसतन 2 मवेशी होते हैं) के योगदान पर चर्चा की जाएगी, जिन्होंने सालाना 210 एमटी उत्पादन के साथ भारत को दुनिया के अग्रणी दुग्ध उत्पादक के रूप में स्थापित किया है। डब्ल्यूडीएस के इस संस्करण की विशेषता यह है कि कार्बन न्यूट्रल पार्टनर जेनिथ एनर्जी के सहयोग से सम्मेलन को कार्बन न्यूट्रल आयोजन के रूप में डिजाइन किया गया है। यह 1903 में अपनी शुरूआत के बाद से पहला आईडीएफ वर्ल्ड डेयरी समिट है, जिसने जलवायु के अनुकूल स्थायी डेयरी उद्योग के प्रति डेयरी सेक्टर की प्रतिबद्धता को दशार्ने के लिए कार्बन न्यूट्रेलिटी को अपनाने का प्रयास किया है।

### ऑटो खुदरा बिक्री अगस्त में 8.31 प्रतिशत बढ़ी: फाडा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में ऑटोमोबाइल की खुदरा बिक्री इस साल अगस्त में 8.31 प्रतिशत बढ़ी। ऑटो कंपनियों के निकाय फाडा ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह वृद्धि सभी प्रमुख खंडों में वाहन पंजीकरण बढ़ने के चलते हुई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री अगस्त 2022 में 15,21,490 इकाई रही। यह आंकड़ा अगस्त 2021 में 14,04,704 था। समीक्षाधीन अवधि में यात्री वाहनों (पीवी) की खुदरा बिक्री 2,74,448 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 6.51 प्रतिशत वृद्धि को दशार्ता है। अगस्त 2021 में यात्री वाहनों की बिक्री 2,57,672 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री भी अगस्त 2022 में 8.52 प्रतिशत बढ़कर 10,74,266 इकाई हो गई। फाडा ने कहा कि तिपहिया वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री सबसे अधिक बढ़ी और यह 83.14 प्रतिशत चढ़कर 56,313 इकाई रही। वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) की बिक्री भी पिछले महीने 24.12 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ 67,158 इकाई रही। यह आंकड़ा अगस्त 2021 में 54,107 इकाई था। फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि अगस्त की खुदरा बिक्री उत्साहजनक नहीं है और डीलरों के इससे अधिक की अपेक्षा थी। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी के साथ त्योहारी सीजन में अच्छी शुरूआत होने की उम्मीद थी।

### सोना हुआ महंगा, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** भारतीय सरार्फा बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया है। दिल्ली सरार्फा बाजार में आज सोने की कीमत में 251 रुपये की तेजी आई। वहीं, चांदी की कीमतों में आज 862 रुपये की उछाल दर्ज हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। दिल्ली सरार्फा बाजार में गुरुवार को सोना 251 रुपये की बढ़त के साथ 51,056 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,805 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी भी 862 रुपये की मजबूती के साथ 54,934 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चांदी का पिछला बंद भाव 54,072 रुपये प्रति किग्रा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एलालिस्ट (जिंस) तपन पटेल ने कहा, कॉमेक्स में सोने का हाजिर भाव गुरुवार को 0। 13 फीसदी की तेजी के साथ 1,719 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। गौरतलब है कि आप इन रेट्स को आसानी से घर बैठे पता लगा सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ इस नंबर 8955664433 पर मिस्ड कॉल देना है और आपके फोन पर मैसेज आ जाएगा, जिसमें आप लेटेस्ट रेट्स चेक कर सकते हैं। आप घर बैठे बीआईएस केयर ऐप के जरिए सोने की शुद्धता की जांच कर सकते हैं। अगर सोने का लाइसेंस नंबर, हॉलमार्क या रजिस्ट्रेशन नंबर गलत है तो आप इसकी शिकायत सीधे सरकार को कर सकते हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद इस मामले में क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी भी आपको मिलती रहेगी।

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की आरबीआई को सलाह

# महंगाई को संभालने के लिए बेहतर तालमेल की जरूरत

आर्थिक थिंक टैंक इक्रियर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि मुद्रास्फीति प्रबंधन को केवल मौद्रिक नीति पर नहीं छोड़ा जा सकता है।



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए राजकोषीय नीति और अन्य कारकों के साथ अधिक बेहतर ढंग से तालमेल बिठाना होगा। उन्होंने आर्थिक थिंक टैंक इक्रियर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि मुद्रास्फीति प्रबंधन को केवल मौद्रिक नीति पर नहीं छोड़ा जा सकता है, जो कई देशों में पूरी तरह से अप्रभावी साबित हुई है। वित्त मंत्री ने कहा, "आरबीआई को कुछ हद तक तालमेल बिठाना होगा। हो सकता है कि यह तालमेल उतना न हो, जितना कि अन्य पश्चिमी विकसित देश में होता है। मैं रिजर्व बैंक को कुछ बता नहीं रही हूं... मैं आरबीआई को कोई आगे का निर्देश नहीं दे रही हूं, लेकिन सच्चाई यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए मौद्रिक नीति के साथ ही राजकोषीय नीति को भी काम करना है।" उन्होंने कहा कि ऐसी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जहां नीति को इस तरह तैयार किया गया है कि मुद्रास्फीति को संभालने के लिए मौद्रिक नीति और ब्याज दर प्रबंधन एकमात्र साधन हैं। सीतारमण ने कहा, "मैं कहूंगी कि भारत का मुद्रास्फीति प्रबंधन कई अलग-अलग गतिविधियों की साझा कवायद है और जिनमें से ज्यादातर आज की परिस्थितियों में मौद्रिक नीति से बाहर है।

### यूपी में बिल नहीं देने वाले किसानों के बिजली कनेक्शन काटने पर रोक

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात उपजे हुए हैं तो वहीं उत्तर प्रदेश में कम बारिश से किसान मुश्किल में हैं। यूपी के 62 जनपदों में कम बारिश की वजह से खरीफ की फसल प्रभावित है। इसकी वजह से धान और मक्का के उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। संकट झेल रहे किसानों को राहत देने के इरादे से बिल नहीं जमा होने पर उनके नलकूप बिजली कनेक्शन काटने पर रोक लगा दी गई है। इस बार का मानसून उत्तर प्रदेश से रूठा नजर आया है। क्योंकि प्रदेश के 75 में 62 जिलों में औसत से भी कम बारिश हुई है। रिपोर्ट के अनुसार 7 सितंबर तक मानसून की बारिश 46 फीसदी कम हुई है। इससे खरीफ की फसल पर बुरा असर पड़ा है। धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंग और गन्ना की फसल पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है।

# अडानी ग्रुप को लेकर फिच के बदले सुर कहा-रिपोर्ट में कैलकुलेशन में हुई गलती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अडानी समूह के लिए अच्छी खबर आई है। पिछले दिनों फिच ग्रुप की क्रेडिटसाइट्स ने अडानी समूह को लेकर कई सवाल खड़े किए थे। लेकिन अब इस इंटरनेशनल रेटिंग एजेंसी की यूनिट ने अडानी समूह के लोन स्ट्रक्चर को लेकर अपने पुराने रुख में परिवर्तन किया है। एजेंसी ने अपने पुराने बयान को सुधारते हुए कहा है कि कैलकुलेशन में गलती हो गई थी। बता दें, अपनी पहली रिपोर्ट में क्रेडिटसाइट्स ने कहा था कि अडानी समूह पर लोन अधिक है और वह कर्ज के जाल में फंस सकती है। फिच की रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप ने बयान जारी करके कहा था कि पब्लिक सेक्टर के आधे से अधिक लोन को चुका दिया गया है। दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अडानी की कंपनी के विषय में फिच ने कहा है कि एक यूनिट के बदले लोन अधिक है, जिससे भविष्य के अधिग्रहण



की वजह से क्रेडिट प्रोफाइल को झटका लग रहा है। इसके अलावा क्रेडिटसाइट्स ने अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड और अडानी पावर लिमिटेड के प्रॉफिट और लोन के आंकड़ों को भी कैलकुलेशन की गलती मानते हुए सुधार लिया है। बता दें, फिच की पुरानी रिपोर्ट आने के बाद अडानी समूह के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली थी।

गौतम अडानी की कंपनी के विषय में फिच ने कहा है कि एक यूनिट के बदले लोन अधिक है, जिससे क्रेडिट प्रोफाइल को झटका लग रहा है।

क्रेडिटसाइट्स की पहली रिपोर्ट के मुताबिक अडानी समूह द्वारा किए गए आक्रामक विस्तार ने इसके क्रेडिट मेट्रिक्स और नकदी प्रवाह पर दबाव डाला है। इससे समूह कर्ज के जाल में आ सकता है। एजेंसी ने अडानी समूह के प्रमोटर्स से फंड इन्फ्यूजन का जिक्र करते हुए बताया था कि हमें समूह की कंपनियों में प्रमोटर इक्विटी पूंजी इंजेक्शन के बहुत कम सबूत दिखाई देते हैं।

### वित्त मंत्रालय 10 अक्टूबर से शुरू करेगा वार्षिक बजट पर काम

**नई दिल्ली।** विकसित देशों में मंदी की आशंकाओं के बीच वित्त मंत्रालय 10 अक्टूबर से 2023-24 आम वार्षिक बजट को तैयार करने के लिए काम शुरू करेगा। यह बजट घरेलू अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाला हो सकता है। इसके साथ ही इसमें महंगाई से राहत, रोजगार के अवसर तैयार करने और अर्थव्यवस्था के विकास दर को 8% से अधिक बनाए रखने सहित कई अन्य मुद्दों को ध्यान में रखते हुए बजट में घोषणाएं की जा सकती है। इससे पहले बुधवार यानी कल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार मुद्रास्फीति के लाल अक्षर पर नहीं बल्कि रोजगार सृजन और विकास को बढ़ावा देने पर प्राथमिकता से ध्यान देगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत चुनौतीपूर्ण समय में जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है।

### त्योहारी सत्र के दौरान ऑनलाइन बिक्री 11.8 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी : रिपोर्ट

**मुंबई (एजेंसी)।** ई-कॉमर्स कंपनियों को इस साल त्योहारी सत्र के दौरान बिक्री सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 11.8 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच जाने की उम्मीद है। रेडसीर की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। रणनीतिक सलाहकार फर्म रेडसीर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2018 की तुलना में इस साल त्योहारी सत्र में ऑनलाइन खरीदारी करने वालों की संख्या दोगुनी होने की उम्मीद है। रेडसीर के अनुसार त्योहारी सत्र दीवाली के महीने में पहले बिक्री आयोजन से लेकर दीवाली तक चलता है। रिपोर्ट के मुताबिक, "त्योहारी सत्र पूरे देश में शुरू होने वाला है। ऐसे में रेडसीर ने त्योहारी महीने के दौरान ऑनलाइन बिक्री के 11.8 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि त्योहारी सत्र से पहले विभिन्न श्रेणियां अलग-अलग तरह से विकसित हो रही हैं और इसका असर विभिन्न श्रेणियों में अलग-अलग होगा। रेडसीर ने आगे कहा कि पहले सप्ताह में ही बिक्री 5.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले साल की तुलना में 28 फीसदी की वृद्धि दशार्ता है। इस साल फैशन श्रेणी में ऑनलाइन खरीदारी बढ़ने का अनुमान है और टियर-2 शहरों में खासतौर से मांग देखने को मिलेगी। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के एसोसिएट पार्टनर संजय कोठारी ने कहा, "हमारा अनुमान है कि 2018 के मुकाबले ऑनलाइन दुकानदारों की संख्या में लगभग चार गुना वृद्धि हुई है। यह वृद्धि कारोबारियों द्वारा तेजी से डिजिटल को अपनाने और टियर-2 शहरों में बढ़ती पैठ से प्रेरित है।

# डोमेस्टिक एयरलाइन इंडस्ट्री को चालू वित्त वर्ष में 15 से 17 हजार करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रुपये की विनियम दर में गिरावट और विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में उबाल से घरेलू एयरलाइन उद्योग को चालू वित्त वर्ष में 15,000 से 17,000 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान हो सकता है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने जारी रिपोर्ट में कहा कि बीते वित्त वर्ष में घरेलू विमानन उद्योग को करीब 23,000 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, 31 मार्च, 2023 तक उद्योग के लिए ऋण का स्तर लगभग एक लाख करोड़ रुपये (पट्टा देनदारियों सहित) होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट और विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि का भारतीय एयरलाइन कंपनियों की लागत संरचना पर सबसे अधिक प्रभाव



पड़ा है। विमान ईंधन का किसी भी एयरलाइन की परिचालन लागत में करीब 45 प्रतिशत हिस्सा होता है जबकि एयरलाइंस के परिचालन खर्च का 35 से 50 प्रतिशत अमेरिकी डॉलर से संचालित होता है। इक्रा के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में घरेलू यात्रियों की संख्या सालाना आधार पर 57.7 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ 8.42 करोड़ हो गई है। इक्रा के उपाध्यक्ष और क्षेत्र प्रमुख सुप्रियो बनर्जी ने कहा, ह्यह्ययात्रियों की संख्या में अपेक्षित सुधार के बावजूद घरेलू उद्योग को वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 150 से 170 अरब रुपये का शुद्ध घाटा होने की आशंका है।" उन्होंने कहा, इस घाटे का कारण विमान ईंधन की कीमतों में तेजी और हाल में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट है। इन दोनों का विमानन कंपनियों की परिचालन लागत पर गंभीर असर पड़ता है।"

# अमेरिका का आरोप, पुतिन ऊर्जा को बना रहे हथियार

**नई दिल्ली/वाशिंगटन (एजेंसी)।** व्हाइट हाउस ने आरोप लगाया है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ऊर्जा को हथियार बना रहे हैं। पुतिन ने विगत बुधवार को धमकी दी थी कि अगर अमेरिका रूसी निर्यात की कीमतों को नियंत्रित करने की कोशिश करेगा, तो वह पश्चिम को ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह बंद कर देंगे। साथ ही उन्होंने यूक्रेन में मास्को की सैन्य कार्रवाई को तब तक जारी रखने की कसम खाई, जब तक कि वह अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर लेते। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरेन जीन-पियरे ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, "इससे पता चलता है कि पुतिन एक बार फिर अपने शब्दों और अपने कार्यों से ऊर्जा को हथियार बना रहे हैं। हालांकि, राष्ट्रपति (जो बाइडन) और यूरोप में हमारे सहयोगियों ने पहले ही इस कदम की भविष्यवाणी की थी। हम इस स्थिति के लिए महीनों से तैयारी कर रहे हैं। हमने मूल्य सीमा तय करने के विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की है।" उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ ने यूरोप में प्राकृतिक गैस के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ाने के लिए एक कार्यबल का गठन किया है। इससे पहले अमेरिका ने कहा था कि वह विकसित देशों के समूह जी-7 की घोषणा के अनुरूप रूस के तेल आयात पर एक मूल्य सीमा लागू कराने के लिए संकल्पबद्ध है। अमेरिका का कहना है कि रूसी तेल के दाम की सीमा तय करने का 'प्रभावशाली तरीका' यूक्रेन में रूस के गैरकानूनी युद्ध के लिए धन जुटाने के मुख्य स्रोत पर तगड़ी चोट करेगा।

## पेज एक के शेष

### ईडब्लूएस आरक्षण जारी...

सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने के वास्ते गुरुवार (आठ सितम्बर) को फिर बैठेगी। इसलिए आठ सितम्बर को इस मामले में बैठक हुई। मालूम हो कि जनवरी, 2019 में संसद में संविधान में 103वें संशोधन को पारित किया गया था। इस संशोधन के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (एहर) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इसके अनुसार संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 में खंड (6) सम्मिलित करके नौकरियों और शिक्षा में आर्थिक आरक्षण प्रदान करने का प्रस्ताव किया गया है।

### राजपथ हुआ कर्तव्य...

नये सिरे से बन रही हैं। इसमें नये संसद भवन के साथ ही उप-राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास के साथ नया सेंट्रल सेक्रेटेरिएट बनाया जायेगा। इसी सेंट्रल सेक्रेटेरिएट में सरकार के भी मंत्रालय और उनके ऑफिस शिफ्ट किये जायेंगे। इस रि-डेवलपमेंट के लिए कुछ इमारतें गिरायीं भी जायेंगी। इसमें मौजूदा नेशनल म्यूजियम, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, उप-राष्ट्रपति भवन, उद्योग भवन, निर्माण भवन, जवाहर भवन, विज्ञान भवन, कृषि भवन, शास्त्री भवन और रक्षा भवन जैसी इमारतें शामिल हैं। सेंट्रल विस्टा एवेन्यू सेंट्रल विस्टा मास्टर प्लान का हिस्सा है। राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट के बीच की सड़क और उसके दोनों ओर के इलाके को सेंट्रल विस्टा एवेन्यू कहते हैं। यह सड़क जो किंग्स वे के नाम से बनी थी। आजादी के बाद इसका नाम राजपथ हो गया। इसका नाम अब कर्तव्य पथ कर दिया गया।

सरकार ने चार अगस्त को लोकसभा में बताया था कि इस मास्टर प्लान के तहत पांच परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें नया संसद भवन, सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का पुनर्विकास, कॉमन केंद्रीय सचिवालय के तीन भवन, उप-राष्ट्रपति एन्क्लेव और एक्जिक्यूटिव एन्क्लेव शामिल हैं। इसमें सेंट्रल विस्टा एवेन्यू के पुनर्विकास का काम पूरा हो गया। चार अगस्त को दिये सरकार के जवाब के मुताबिक नये संसद भवन के निर्माण का 70 प्रतिशत काम हो चुका है। इसके नवम्बर 2022 तक पूरा होने की उम्मीद है। वहीं, केंद्रीय सचिवालय का 17 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसके दिसम्बर 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। उप-राष्ट्रपति एन्क्लेव का 24 प्रतिशत काम हो चुका है। इसके जनवरी 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। वहीं, एक्जिक्यूटिव एन्क्लेव का काम अभी शुरू नहीं हो सका है।

#### कितना खर्च ?

इस परियोजना पर कुल 608 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। 21 जुलाई 2022 को लोकसभा में पूछे एक सवाल के जवाब में सरकार ने यह जानकारी दी थी। इसके मुताबिक अब तक परियोजना पर 477.28 करोड़ रुपये खर्च हो चुका था। पूरे प्रोजेक्ट के तहत जिन पांच परियोजनाओं पर कार्य होना है, उनमें से चार पर काम शुरू हो चुका है। इन चारों पर कितना खर्च आयेगा इसकी जानकारी भी सरकार ने लोकसभा में दी थी। सेंट्रल विस्टा एवेन्यू के अलावा नये संसद भवन पर 971 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। वहीं, उप राष्ट्रपति भवन पर 208.48 करोड़ रुपये और केंद्रीय सचिवालय पर 3,690 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। पूरे प्रोजेक्ट पर 20 हजार करोड़ रुपये खर्च होने की बात कही जा रही है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों की ओर से 13,450 करोड़ रुपये का क्लियरेंस मिल चुका है।




## न्यूज गैलरी

### हिजाब मामले पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि कर्नाटक हिजाब प्रतिबंध मामले में सवाल केवल स्कूलों में प्रतिबंध को लेकर है, जबकि किसी को भी इसे कहीं और पहनने की मनाही नहीं है। शीर्ष अदालत राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध हटाने से इनकार करनेवाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देनेवाली याचिकाओं पर विचार कर रही थी। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ से अनुरोध किया कि इस मामले को पांच-सदस्यीय संविधान पीठ के पास भेजा जाये। उन्होंने दलील दी कि अगर कोई लड़की संविधान के अनुच्छेद 19, 21 या 25 के तहत अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए हिजाब पहनने का फैसला करती है, तो क्या सरकार उस पर ऐसा प्रतिबंध लगा सकती है जो उसके अधिकारों का उल्लंघन करे। पीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि सवाल यह है कि कोई भी आपको हिजाब पहनने से नहीं रोक रहा है।

### पाकिस्तान में बाढ़ से 12 और लोगों की मौत

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से 12 अन्य लोगों की मौत हो गयी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एनडीएमए के मुताबिक देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ संबंधी दुर्घटनाओं में मारे गये लोगों में कम से कम सात बच्चे भी शामिल हैं। एनडीएमए की नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान में जून माह के मध्य से मॉनसूनी बारिश और बाढ़ से अबतक 1,355 लोगों की मौत हुई है और 12,722 लोग घायल हुए हैं। इसके अतिरिक्त पूरे देश में बारिश से 17,12,514 घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और लगभग 7,53,187 मवेशियों की मौत हुई है। देश में 81 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं और वर्तमान में 6,34,749 लोग शिविर में रह रहे हैं।

# देश के करोड़ों छोटे किसानों का कदम-कदम पर साथ देना हमारी सरकार की प्राथमिकता : पीएम

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सूरत में सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने जनता

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सूरत में सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ की बातचीत

को संबोधित करते हुए कहा कि पहले की सरकारों में किसानों के नाम पर बड़ी-बड़ी घोषणाएं होती थीं, लेकिन किसानों के खाते में कुछ पहुंचता नहीं था। लेकिन डबल इंजन की सरकार, किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए काम कर रही है। इसी सच्ची नीयत के कारण ही देश का, गुजरात का किसान बार-बार हमें आशीर्वाद दे रहा है। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों छोटे किसानों का कदम-कदम पर साथ देना, ये



हमारी सरकार की प्राथमिकता है। पीएम किसान सम्मान निधि ऐसा ही एक प्रयास है। इस योजना के तहत अब तक देशभर के किसानों के बैंक खातों में लगभग दो लाख करोड़ रुपए सीधे ट्रांसफर किए जा चुके हैं। सूरत के ओलपाड में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मेगा मेडिकल कैंप अपने आप में एक बड़ी कल्पना है। लोगों को जोड़ने और इस सेवाभाव के लिए मैं आपको जितनी बधाई दूं उतनी कम है। पीएम ने कहा कि लाल किले से मैंने जिन पंचप्राणों की बात की थी उसमें एकता भी था। सूरत की रग-रग में एकता का भाव है। इसलिए सूरत का मेरे हृदय में विशेष स्थान भी रहा है। बाढ़ और महामारियों ने अनेक बार सूरत की परीक्षा ली है मगर सूरत में एकता के आगे कोई भी चुनौती टिक नहीं पाई है। पीएम ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर भविष्य का मार्ग बनाता है। इसी सोच के साथ बीते वर्षों में हमने स्वास्थ्य अवसंरचना के साथ-साथ जन-जागरूकता, बीमारियों से बचाव, बीमारियों को गंभीर होने से रोकने पर विशेष बल दिया है। आज पूरे गुजरात में मल्टी स्पेशलिटी अस्पतालों का सशक्त नेटवर्क तैयार हुआ है।

# अमेरिका ने इस साल भारतीय छात्रों को दिये रिकॉर्ड तोड़ यूएस वीजा



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने इस साल पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारतीय छात्रों को 82 हजार यूएस वीजा जारी किये। भारत में अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी बयान के अनुसार, नयी दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई में यूएस एबेंसी की प्राथमिकता थी कि ज्यादा से ज्यादा भारतीय छात्रों को वीजा देना। भारत में सबसे वरिष्ठ अमेरिकी डिप्लोमैट पैट्रीशिया लसीना ने कहा कि हमने सिर्फ इस गर्मी में ही 82 हजार भारतीय स्टूडेंट्स को अमेरिका का वीजा दिया है, इससे पहले कभी यूएस ने इतनी बड़ी संख्या में वीजा छात्रों को नहीं दिये। लसीना ने कहा कि

■ भारतीय छात्रों को जारी किये 82 हजार वीजा

ये बातें भारतीय छात्रों के महत्वपूर्ण योगदान को हाईलाईट करती हैं इससे अंतरराष्ट्रीय पार्टनरशिप बनाये रखने और बेहतर करने में मदद मिलती है।

बीते वर्षों में कोविड 19 महामारी के कारण काफी देरी का सामना करना पड़ा है। कॉन्सुलर अफेयर्स मिनिस्टर काउंसलर डॉन हेफ्लिन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का आना-जाना अमेरिकी कूटनीति का केंद्र है। इसमें भारतीय छात्रों का जितना योगदान है, उतनी किसी और का नहीं। अमेरिका में जितने इंटरनेशनल स्टूडेंट्स आते हैं, उनका 20 फीसदी हिस्सा सिर्फ भारतीय छात्र हैं।

# मुंबई दौरे के दौरान शाह की सुरक्षा में बड़ी चूक

**मुंबई (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह के हाल ही में मुंबई दौरे के दौरान उनकी सुरक्षा में चूक का एक बड़ा मामला सामने आया है। एक शख्स कई घंटो तक अमित शाह के आस-पास घूमता रहा जिसकी किसी को कोई खबर न रही। मुंबई पुलिस ने मंगलवार को महाराष्ट्र के धुले से इस शख्स को गिरफ्तार भी कर लिया है। आरोपी ने खुद को आंध्र प्रदेश के एक सासंद का पीएम बताकर अमित शाह के मुंबई दौरे के दौरान उनके आस-पास घूमता रहा। पुलिस ने जानकारी दी कि 32 वर्षीय हेमंत पवार को सोमवार को डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के

■ अमित शाह के आस-पास घंटो घूमता रहा अंजान शख्स



आधिकारिक आवास पर अमित शाह और अन्य राजनेताओं के आसपास घूमते देखा गया था। मंत्रालय के एक अधिकारी ने पवार को राजनेताओं के आस-पास मंडराते हुए देखा जब उसकी पहचान के बारे में पूछा गया तो उसने दावा किया कि वह आंध्र के एक सांसद का पीए है। एक पुलिसवाले ने कहा कि पवार ने एमएचए का रिबन पहना हुआ था और इसलिए उस पर किसी को कोई शक नहीं हुआ। हालांकि, जब शख्स पर शक हुआ तो मंत्रालय के अधिकारियों ने पुलिस से संपर्क किया और तीन घंटे के भीतर पवार का पता लगा लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया और गिरिगांव कोर्ट में पेश किया गया था जहां से उसे पांच दिन की हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, अब मुंबई पुलिस लगातार शख्स से पूछताछ कर रही है।

# आम आदमी पार्टी के विधायक के ठिकानों पर ईडी की रेड

**लुधियाना (एजेंसी)।** पंजाब के कई अधिकारी भी ईडी के राडार पर हैं। इसी के चलते ईडी की टीमों ने अमरगढ़ से आम आदमी पार्टी के विधायक प्रोफेसर जसवंत सिंह गज्जनमाजरा के घर और दफ्तरों में रेड की है। विधायक के ठिकानों पर दस्तावेज खंगाले गये हैं। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम ने गज्जनमाजरा गांव में बने घर पर व जित्तवाल में तारा कॉन्वेंट स्कूल स्थित तारा फीडज में रेड की है। ईडी द्वारा विधायक की फैक्टरी पर ईडी की टीम द्वारा जांच दोपहर तक जारी है। जिनकी जांच की जा रही है वह व्यवसाय परिवारिक कारोबार से संबंधित है। 40 करोड़ रुपये का लोन लेने का मामला सामने आ रहा है। लुधियाना की बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत है। 2011 से 2014 तक 4 बार लोन लिया गया है। जिस मकसद के लिए लोन लिया है वहां इसका इस्तेमाल नहीं किया गया। यह आरोप बताये जा रहे हैं।

## बीजेपी ने बोला केजरीवाल पर हमला, कहा –

# शराब घोटाला से ध्यान भटकाने के लिए जो प्रपंच किया अब है सबके सामने


**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी ने एक बार फिर से केजरीवाल पर हमला बोला। दिल्ली के छह विधायकों के साथ बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी की प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आप सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि शराब घोटाला से ध्यान भटकाने के लिए जो प्रपंच किया गया उसके बाद भी दिल्ली में विश्वास का संकट गहरा रहा है। केजरीवाल भारत के इतिहास में संवैधानिक पद पर बैठे एक मात्र व्यक्ति है जो स्टिंग ऑपरेशन पर कार्यवाई करने की बात कही थी। अरविंद केजरीवाल या तो कार्यवाई करें या फिर अपने बयान पर माफी मांगें। कट्टर ईमानदार का दावा करनेवाले का दागदार चरित्र अब सबके सामने है।

सुधांशु त्रिवेदी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कि केजरीवाल को या तो कार्रवाई करनी चाहिए या फिर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने लोगों को भ्रष्टाचार के सबूत के तौर पर स्टिंग वीडियो उपलब्ध कराने पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। त्रिवेदी ने कहा कि हाल ही में एक स्टिंग वीडियो के सामने आने के बाद खुद के कट्टर ईमानदर होने का दावा करनेवाली आम आदमी पार्टी का स्पष्ट तौर पर पर्दाफाश हो गया है। इसके बावजूद वह मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। दिल्ली भाजपा के विधायकों को केजरीवाल सरकार की इस भटकाव की रणनीति और निकम्मेपन को देखते हुए संदेह है कि वह आबकारी नीति में हुई अनियमितताओं की उचित जांच नहीं होने देगी।

# एप्पल आईफोन 14 लांच, इसमें क्या-क्या नया

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** एप्पल ने अपने फार आउट इवेंट में चार नये आईफोन, तीन स्मार्टवॉच और एक एयरपॉड लॉन्च किये हैं। इस बार एप्पल ने आईफोन मिनी को हटा दिया और प्लस मॉडल को लॉन्च किया है। आईफोन 7 प्लस (2016) की लॉन्चिंग के छह साल बाद एप्पल ने दोबारा प्लस मॉडल को पेश किया है। इस बार एप्पल आईफोन 14 सीरीज के तहत आईफोन 14, आईफोन 14 प्लस, आईफोन 14 प्रो और आईफोन 14 प्रो मैक्स लॉन्च किये गये हैं। एप्पल ने इस बार भी चार नये आईफोन लॉन्च किये हैं लेकिन मिनी मॉडल को हटा दिया गया है। नये आईफोन के तौर पर एप्पलआईफोन 14, आईफोन 14 प्लस, आईफोन 14 प्रो और आईफोन 14 प्रो मैक्स को पेश किया गया है। आईफोन 14, आईफोन 14 प्लस में ए15 चिपसेट दिया गया है जो कि आईफोन 13 में भी है, वहीं आईफोन 14 प्रो और आईफोन 14 प्रो मैक्स को नये चिपसेट ए16 बायोनिक के साथ लॉन्च किया गया है। आईफोन 14 सीरीज की शुरूआती कीमत 79,990 रुपये है। एप्पल आईफोन 14, आईफोन 14 प्रो और आईफोन 14 प्रो मैक्स की बिक्री 16 सितम्बर से और आईफोन 14 प्लस की बिक्री सात अक्टूबर से शुरू होगी।



### एप्पल आईफोन 14 की भारत में कीमत –

- आईफोन 14 - शुरूआती कीमत - 79,900 रुपये।
- आईफोन 14 प्लस - शुरूआती कीमत 89,900 रुपये।
- आईफोन 14 प्रो - शुरूआती कीमत 1,29,900 रुपये।
- आईफोन 14 प्रो मैक्स - शुरूआती कीमत 1,39,900 रुपये।

### क्रैश डिटेक्शन/सैटेलाइट कम्युनिकेशन

**एप्पल** ने नये आईफोन के साथ इमरजेंसी कम्युनिकेशन के लिए सैटेलाइट कनेक्टिविटी दी है। इस फीचर की मदद से आपात स्थिति में सैटेलाइट के जरिये एंबुलेंस, पुलिस और मिलिट्री से मदद मांगी जा सकेगी। इसकी शुरूआत अमेरिका और कनाडा से हो रही है। भारत में फिलहाल यह फीचर नहीं मिलेगा। आईफोन 14 के साथ दो साल तक यह फीचर फ्री होगा और उसके बाद पैसे देने होंगे, हालांकि कीमत की जानकारी नहीं दी गयी है। आईफोन 14 सीरीज के चारों आईफोन में क्रैश डिटेक्शन फीचर है जो कि कार एक्सीडेंट या ऐसी ही अन्य आपात स्थिति में इमरजेंसी नंबर डायल करेगा।

आईफोन के अलावा एप्पल ने इस इवेंट में एप्पल वॉच अल्ट्रा, एप्पल वॉच सीरीज 8, एप्पल वॉच एसई और एयरपॉड्स प्रो 2 भी लॉन्च किये हैं। एप्पल ने एप्पल वॉच अल्ट्रा को अब तक की सबसे पावरफुल स्मार्ट वॉच कहा है।

**रेगुलर मॉडल की डिजाइन में कोई बदलाव नहीं :** डिजाइन को लेकर आईफोन 14 और आईफोन 14 प्लस में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कैमरा सेटअप और फ्लैट एज (किनारे) आईफोन 13 की तरह ही हैं। पहली बार ऐसा हुआ है जो दो आईफोन मॉडल को एपल ने पुराने चिपसेट के साथ पेश किया है।

**नॉच बदला पांच साल बाद :** एप्पल आईफोन 14 प्रो और आईफोन 14 प्रो मैक्स के नॉच में बदलाव किया गया है। आईफोन प्रो मॉडल के नॉच को 2017 के बाद पहली बार बदला गया है। एप्पल ने पहली बार एप्पल आईफोन के साथ नॉच डिस्प्ले दी थी जिसे लेकर काफी चर्चा हुई और बाद में एंड्रॉयड कंपनियों ने इस नॉच के स्टाइल को कॉपी किया। आईफोन 14 प्रो और आईफोन 14 प्रो मैक्स में पिल शेप (टैबलेट) होल पंच कटआउट है जिसे एपल ने डायनेमिक आईलैंड नाम दिया है। यह नॉच नोटिफिकेशन के हिसाब से बड़ा या छोटा भी हो सकता है। फ्रंट कैमरा भी इसी नॉच में है।

**48 मेगापिक्सल का कैमरा :** एप्पल ने आईफोन 14 प्रो और आईफोन 14 प्रो मैक्स को 48 मेगापिक्सल कैमरे के साथ पेश किया है। इन दोनों फोन में एप्पल ने पहली बार इतना बड़ा कैमरा सेंसर इस्तेमाल किया है। कैमरे के साथ ऑप्टिकल इमेज स्टेबलाइजेशन भी मिलेगा। प्रो मॉडल में तीन रियर कैमरे हैं जिनमें मेन कैमरा 48 मेगापिक्सल का, दूसरा 12 मेगापिक्सल का टेलीफोटो लेंस और तीसरा लेंस 12 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड एंगल है। फ्रंट में 12 मेगापिक्सल का कैमरा है। प्रो मॉडल के कैमरे के साथ फोटोनिक इंजन का सपोर्ट है जिसे लेकर लो लाइट में बेस्ट फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी का दावा है।

**फिजिकल सिम की छुट्टी लेकिन भारत में नहीं :** आईफोन 14 सीरीज के साथ एप्पल ने फिजिकल सिम कार्ड की छुट्टी कर दी है, हालांकि यह फिलहाल केवल अमेरिका के लिए है यानी अमेरिका में बिकने वाले आईफोन 14 सीरीज के किसी भी फोन में सिम कार्ड स्लॉट नहीं होगा। ऐसे में सभी फोन में ई-सिम का इस्तेमाल करना होगा और एक ही फोन में एक साथ कई सारे सिम कार्ड इस्तेमाल किए जाए सकेंगे।

# हिंदू समाज ढोंगी नंबर वन, गौ माता की जय बोलते हैं लेकिन दूध नहीं देती तो घर से निकाल फेंकते हैं : आचार्य देवव्रत

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा है कि हिंदू समाज ढोंगी नंबर वन है। गौ माता की जय तो बोलते हैं, लेकिन जब गाय दूध देना बंद कर देती है तो उसे घर से निकाल देते हैं। गौ माता को समझने और जानने की जरूरत है, तभी सही अर्थ निकलेगा। आचार्य देवव्रत, 7 सितंबर को गुजरात के नर्मदा जिले में प्रकृति की गोद में जैविक खेती विषय पर आधारित एक सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि तुम जय तो बहुत बोलते हो गौ माता की, पूजा भी करते हो, तिलक भी लगाते हो, घंटी भी बजाते हो पर बेचारी दूध नहीं देती तो घर से भी बाहर निकाल देते हो। गौ माता की जय हो गऊ माता की जय हो न दूध पीते हो न गाय पालते हो और गौ माता की जय हो। इसलिये मैं कहता हूं ये हिंदू समाज ढोंगी नंबर वन है। आचार्य देवव्रत ने आगे कहा कि ये न दूध पीते हैं न ही गाय पालते हैं, बस गौ माता की जय कहते हैं, क्या हो जाएगी गौ माता की जय? गौ माता को समझो और जानो, यही सही अर्थ में गौ माता का सम्मान होगा।

